

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 108 रविवार, 31 मई 2026 ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर



### विनेश फोगाट का एशियन गेम्स में मैडल का सपना टूटा

**दिल्ली।** ओलंपियन महिला पहलवान विनेश फोगाट शनिवार को हुए ट्रायल में एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई करने में विफल रही। 31 वर्षीय विनेश को 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में मीनाक्षी गोयत ने हराया। आज यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में महिलाओं की 53 किग्रा के चयन ट्रायल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में मीनाक्षी गोयत ने विनेश फोगाट को 6-4 से हराया। इस हार के साथ विनेश फोगाट एशियाई खेलों के चयन ट्रायल से बाहर हो गई। पहले दौर के मुकाबले में विनेश फोगाट ने हरियाणा की ज्योति को 7-1 से हराया। इसके बाद अगले दौर के मुकाबले में विनेश ने निशु को हराया।

### राहुल गांधी मानहानि केस : सेशन कोर्ट से पत्रावली तलब, 5 जून को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** नेता प्रतिपक्ष सासंद राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे बहुचर्चित मानहानि मामले में सेशन कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की पत्रावली तलब कर ली है। वाइस सैंपल की मांग खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए शनिवार को सेशन जज राकेश की अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 5 जून की तारीख नियत की। परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि मामले में विपक्षी सांसद राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल भी अदालत में उपस्थित हुए। इससे पहले एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने वाइस सैंपल लिए जाने की मांग संबंधी प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया था, जिसके खिलाफ सेशन कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दाखिल की गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर 2.0 की तैयारी में जुटा भारत, आर्मी चीफ ने दिया बयान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक ऐसा ऐलान किया है जिसे सुनकर पाकिस्तान की रात की नींद उड़ जाएगी। जी हां आर्मी चीफ ने एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि भारत अब 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' की तैयारी कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की कार्रवाई के जवाब में अपनाई गई सैन्य रणनीति अभी भी वैसे ही चल रही है। हम और मेहनत से युद्ध की तैयारी में 24 घंटे जुट गए हैं।

समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है और मौजूदा स्थिति में अस्थायी रूप से



युद्धविराम किया गया है। जनरल द्विवेदी ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना, भारत की सैन्य तैयारियों को रेखांकित करते हुए कड़ा संदेश दिया और संकेत दिया कि यदि कोई नया अभियान आवश्यक हुआ तो न केवल सेना बल्कि वायु सेना और नौसेना भी तैयार हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के हमले में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद सहित 100 से अधिक आतंकवादी मौत के घाट उतार दिए गए थे। इसके अलावा पाकिस्तान के 35-40 सैनिक भी मारे गए थे।आतंकी पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 प्रमुख आतंकी लॉन्चपैड और हेडक्वार्टर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिए गए थे।

## दावे 'विश्वगुरु' के, मगर एक परीक्षा ईमानदारी से नहीं करा सकते : राहुल गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को नीट पेपर लीक विवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए बड़ा हमला बोला। राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखते हुए कहा कि नीट, सीबीएसई,एसएससी और आज CUET, चार परीक्षाएं और एक करोड़ बच्चे। एक भी ईमानदारी से नहीं हो पाई। दावे "विश्वगुरु" के, मगर देश में एक परीक्षा नहीं करवा सकते - मोदी जी ने पूरी शिक्षा व्यवस्था तबाह कर दी है। जिस पीढ़ी का भविष्य आप बर्बाद कर रहे हैं - वही पीढ़ी आपका हिसाब करेगी। सरकार के दावे पर प्रतिक्रिया देते



हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल X पर अपनी प्रतिक्रिया दी। राहुल गांधी ने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्तिगत रूप से नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक की निगरानी भी की थी। बता दें कि राहुल गांधी पिछले कुछ दिनों से लगातार नीट पेपर लीक और ऑन-स्क्रीन मार्किंग (OSM) सिस्टम को लेकर सरकार को घेरते नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी की यह तीखी प्रतिक्रिया केंद्र सरकार द्वारा आगामी नीट पुनर्परीक्षा की निष्पक्षता को लेकर सुप्रीम कोर्ट को दिए गए आश्वासन के बाद आई है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यक्तिगत रूप से नीट परीक्षा की निगरानी कर रहे हैं। वहीं अब राहुल गांधी ने भी अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधा। नीट पेपर लीक और सीबीएसई की अब राहुल गांधी के बयान के बाद बीजेपी भी हमलावर हो गई है। बीजेपी नेता और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राहुल गांधी के तंज पर नसीहत दे डाली। बीजेपी ने नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा अपरिपक्व नेता की तरह बात करते हैं। विपक्ष के नेता ने जिम्मेदारी दिखाने के बजाय सनसनी फैलाने का रास्ता चुना है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राहुल गांधी के इस तरह के बेतुके बयान उनकी अपरिपक्वता और गैर-जिम्मेदारी को दर्शाते हैं, जिसके साथ वे भारत के युवाओं से जुड़े हर संवेदनशील मुद्दे को संभालते हैं।

# वियतनाम के साथ भारत की ब्रह्मोस मिसाइल डील फाइनल

एजेंसी

**सिंगापुर।** भारत ने वियतनाम को ब्रह्मोस मिसाइल बेचने का सौदा पक्का कर लिया है। यह घोषणा दोनों देशों के नेताओं के करीबी आर्थिक संबंध बनाने का संकल्प लेने के कुछ हफ्तों बाद की गई है। सिंगापुर में आयोजित शांगरी-ला डायलॉग में भारतीय रक्षा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि वियतनाम के साथ ब्रह्मोस रक्षा सौदा हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इंडोनेशिया के साथ ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार ने यह भी खुलासा किया कि दक्षिण-पूर्व एशिया के एक और प्रमुख देश इंडोनेशिया के साथ भी ब्रह्मोस मिसाइल बेचने का सौदा अपने अंतिम चरण में है। जल्द ही इस पर भी मुहर लग सकती है। इंडोनेशिया इस मिसाइल को खरीदने वाला तीसरा देश बन सकता है। हालांकि, डील की कुछ शर्तों और कीमत को लेकर अभी भी बातचीत हो रही है। भारत और वियतनाम




के बीच ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर लंबे समय से बातचीत चल रही थी। हाल ही में वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की भारत यात्रा के दौरान इस पर गहन चर्चा हुई थी, जिसके बाद अब इसे अंतिम रूप दे दिया गया है। हालांकि, वियतनाम को लेकर इस डील पर अभी तक आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। वियतनाम ने कई बार भारत की ब्रह्मोस मिसाइल को खरीदने की अपनी इच्छा को सार्वजनिक रूप से व्यक्त भी किया है। एशिया टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत-वियतनाम ब्रह्मोस मिसाइल सौदा लगभग 60 अरब रुपये (लगभग 629 से 700 मिलियन डॉलर) का बताया जा रहा है। इस पैकेज में तटीय रक्षाके लिए मोबाइल बैटरियां, मिसाइलों का पहला बैच, लॉजिस्टिक्स और वियतनामी सैनिकों की ट्रेनिंग शामिल है। इसके अलावा भविष्य में इस डील को जरूरत के हिसाब से और ज्यादा बढ़ाया जा सकता है। वियतनाम ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला दुनिया का दूसरा देश है। ब्रह्मोस को खरीदने वाला पहला देश फिलीपींस है। यह मिसाइल फिलिपींस में तैनात भी की जा चुकी है, जिसका हाल में ही सिमुलेशन फायर टेस्ट भी किया गया था। फिलिपींस ने 2022 में भारत से $375 मिलियन की ब्रह्मोस डील की थी, जिसकी डिलीवरी दी जा चुकी है।

## अमेरिका के साथ डील पर तेहरान की दो टूक, होर्मुज छोड़ने को तैयार नहीं ईरान

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान हॉर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन को लेकर अड़ा हुआ है। इसी बीच ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका के साथ अभी तक किसी भी समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बाकेई ने सरकारी टीवी चैनल आईआरआईबी के साथ एक टेलीफोन इंटरव्यू में अमेरिका के साथ समझौते पर कहा कि दोनों पक्षों के बीच संदेशों का आदान-प्रदान जारी है।

यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित समझौते के लिए अपनी शर्तें सार्वजनिक की हैं। बाकेई ने दोहराया कि बातचीत में ईरान का मौजूदा ध्यान युद्ध को खत्म करने पर है। उन्होंने कहा, "इस चरण पर हम ईरान के यूरेनियम संवर्धन या समृद्ध यूरेनियम से जुड़े मुद्दों के विवरण पर कोई बात नहीं कर रहे हैं।"

होर्मुज स्ट्रेट के संभावित रूप से फिर से खुलने के बारे में बात करते हुए बाकेई ने कहा कि इस स्ट्रेट का भविष्य का प्रबंधन सिर्फ ईरान और ओमान से संबंधित है। इससे पहले एक सोशल



मीडिया पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी मांगें बताते हुए कहा, "ईरान को इस बात पर सहमत होना होगा कि उनके पास कभी भी कोई परमाणु हथियार या बम नहीं होगा।"

ट्रंप ने कहा, "होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत खोला जाना चाहिए और दोनों दिशाओं में जहाजों की आवाजाही पर किसी प्रकार का शुल्क नहीं होना चाहिए। पानी में बिछाई गई सभी सुरंगों (माइन) को हटा दिया जाएगा।" उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका की ओर से लगाई गई नौसैनिक नाकेबंदी अब हटा ली जाएगी। उन्होंने कहा, "ईरान के समृद्ध यूरेनियम के भंडार को अमेरिका, ईरान और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के समन्वय से खोज निकालेगा और नष्ट कर देगा।

युद्ध के लिए ईरान की ओर से मांगी गई वित्तीय मुआवजे के संबंध में ट्रंप ने कहा, "अगली सूचना तक, किसी भी पैसे का आदान-प्रदान नहीं किया जाएगा।" गौरतलब है कि ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच 40 दिनों तक लड़ाई चली। इसके बाद 8 अप्रैल को युद्धविराम किया गया था।

## डीके शिवकुमार चुने गए विधायक दल के नेता, तीन जून को लेंगे कर्नाटक के नए सीएम पद की शपथ

एजेंसी

**बंगलूरू।** कर्नाटक की राजनीति में बड़े बदलाव के बीच डीके शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। शपथ ग्रहण की तारीख से लेकर नए मंत्रिमंडल के गठन और संभावित उपमुख्यमंत्रियों तक, सरकार के गठन को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं।

बंगलूरू के विधान सौधा में कांग्रेस विधायक दल यानी सीएलपी की बैठक संपन्न हो गई। कर्नाटक कांग्रेस के मुताबिक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पहला प्रस्ताव रखा, जिसमें कहा गया कि नए सीएलपी नेता का फैसला कांग्रेस नेतृत्व करेगा। इस प्रस्ताव का समर्थन डॉ. जी. परमेश्वर ने किया। बैठक में इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक के दौरान कांग्रेस विधायक दल ने सिद्धारमैया की सेवाओं की भी सराहना की। पार्टी और कर्नाटक की जनता के



लिए उनके विशेष योगदान को याद करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया गया। कर्नाटक में नई सरकार के गठन के बीच कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार के ज्योतिषी आराध्य ने दावा किया है कि उन्होंने शिवकुमार को 3 जून को शाम 5 :15 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की सलाह दी है। कर्नाटक में नई सरकार के गठन को लेकर जारी राजनीतिक गतिविधियों के बीच कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला आज बंगलूरू पहुंच गए। कांग्रेस नेता सतीश जारकीहोली ने स्पष्ट कहा है कि डीके शिवकुमार ही राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे के बाद इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं रह गया है। जारकीहोली ने कहा, "हाईकमान ने फैसला कर लिया है कि डीके शिवकुमार हमारे अगले मुख्यमंत्री होंगे। इसकी घोषणा पहले ही हो चुकी है। सिद्धारमैया भी इसका एलान कर चुके हैं। हमें उम्मीद है कि सिद्धारमैया सरकार के दौरान हुए अच्छे काम आगे भी जारी रहेंगे। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और हमारे नए मुख्यमंत्री इसे निभाएंगे।"

## कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को लेकर सियासी जंग तेज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को लेकर सियासी जंग तेज हो गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट को लेकर नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। एक्टिविस्ट प्रशांत भूषण की एक पोस्ट पर बीजेपी नेता तजिंदर बग्गा ने ऐसा जवाब दिया कि देखते ही देखते मामला वायरल हो गया। बग्गा का 'पुराने कॉकरेच मुझे HIT के नाम से जानते हैं' वाला बयान सोशल मीडिया पर तेजी से ट्रेंड करने लगा और राजनीतिक बहस छिड़ गई।

दरअसल, सोशल एक्टिविस्ट प्रशांत भूषण ने एक्स पर 'वे कॉकरोच को कैसे देखते हैं!' लिखते हुए कॉकरोच की तस्वीर साझा की थी। हालांकि उन्होंने पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इसे राजनीतिक बयानबाजी से जोड़कर देखना शुरू कर दिया। इसी पोस्ट को शेयर करते हुए तजिंदर बग्गा ने तंज कसते हुए लिखा,



'भाई मुझे कॉकरेच मारने का पुराना तजुर्बा हैं। पुराने कॉकरेच मुझे HIT के नाम से जानते हैं।' बग्गा के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। बीजेपी समर्थकों ने इसे 'करारा जवाब' बताया, जबकि विरोधी पक्ष के लोगों ने राजनीतिक भाषा के स्तर पर सवाल उठाए। कई यूजर्स ने दोनों नेताओं की पोस्ट पर मीम्स और व्यंग्यात्मक टिप्पणियां भी शेयर कीं। 'कॉकरोच विवाद' की शुरुआत उस समय हुई जब भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) जस्टिस सूर्यकांत की एक कथित टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। दावा किया गया कि उन्होंने बेरोजगार युवाओं और प्रदर्शनकारियों की तुलना 'कॉकरोच' और 'पैरासाइट' से की है।

## सूर्या हत्याकांड: शव घर पहुंचा, मां बोलीं- एनकाउंटर न होने तक नहीं होने देंगे अंतिम संस्कार, क्षेत्र में तनाव

एजेंसी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के खोड़ा थाना क्षेत्र के नवनीत विहार कॉलोनी गली नंबर-एक में रहने वाले सूर्या (17) का शव पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को दोपहर करीब 1 :30 बजे घर पहुंचा। शव के पहुंचते ही बड़ी संख्या में लोग इलाके में एकत्र हो गए। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के एनकाउंटर की मांग की है। सूर्या की मां सरोज ठाकुर ने बताया जितने भी आरोपी थे, उन सभी को क्षेत्र में ही एनकाउंटर में मार गिराना होगा। अगर पुलिस यह कार्रवाई नहीं करती है, तब तक शव को घर के सामने से नहीं उठने देंगे। वहीं मौके पर मौजूद हिंदू संगठन व राजनीतिक लोगों ने भी एनकाउंटर की मांग की है।

हत्या की वारदात सामने आने के बाद से क्षेत्र में लगातार तनाव का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार से ही यहां पुलिस बल तैनात है, वहीं शनिवार को भी पुलिस ने



नवनीत विहार की तरफ आने वाली गली में बेरिकेडिंग कर कई थानों के फोर्स को पूरे इलाके में तैनात किया है। मौके पर डीसीपी ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल, एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना और एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौजूद हैं।

ईद के त्योहार पर खोड़ा थाना क्षेत्र की नवनीत विहार कॉलोनी में 11वीं कक्षा के छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि हमला सूर्या के दोस्त असद और उसके साथियों ने किया। सूर्या को पहले पेट में चाकू मारा गया। इसके बाद वह चाकू लगे हालत में करीब 200 मीटर तक जान बचाने के लिए भागा। आरोपियों ने पीछा कर उसे गिरा दिया और पेट से चाकू निकालकर दोबारा कई बार वार किए। उपचार के दौरान शुक्रवार को सूर्या ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## दिल्ली-मुंबई को दहलाने की साजिश नाकाम, आईएसआई के 9 एजेंट गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पुलिस की स्पेशल सेल को एक बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने राजधानी को दहलाने की साजिश को नाकाम कर दिया है। शनिवार (30 मई, 2026) को किए गए इस ऑपरेशन में 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, यह सभी पाकिस्तान समर्थित नेटवर्क और मुंबई के अंडरवर्ल्ड से जुड़े थे और दिल्ली में सुरक्षाबलों और संवेदनशील जगहों को निशाना बनाने की तैयारी में थे।

जांच में पता चला है कि आरोपियों का मकसद दिल्ली की कई अहम और संवेदनशील जगहों पर हमला करना था। इनमें पावर प्लांट, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और अन्य रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण संस्थान शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा, यह भी शक जताया जा रहा है कि कुछ और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाने की योजना थी। जांच एजेंसियां इस बात की तह तक जाने की कोशिश कर रही हैं कि यह पूरा नेटवर्क कितना बड़ा था? गिरफ्तार किए गए लोग कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI के संपर्क में थे। बताया जा रहा है कि इन्हें अलग-अलग टारगेट्स पर हमला करने की जिम्मेदारी दी गई थी और ये लोग नियमित रूप से अपने हैंडलर्स के संपर्क में थे। जांच में यह भी सामने आया है कि यह मॉड्यूल सिर्फ दिल्ली ही नहीं, बल्कि इसके तार देश के अन्य हिस्सों से भी जुड़े हो सकते हैं। सुरक्षा एजेंसियां अब इस पूरे नेटवर्क के कनेक्शन और उसकी फंडिंग की जांच कर रही हैं।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से हथियार, ग्रेनेड और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। यह बरामदगी इस बात की ओर इशारा करती है कि साजिश हाई-लेवल पर चल रही थी। अधिकारियों का मानना है कि मुंबई के अंडरवर्ल्ड नेटवर्क ने संपर्क, संसाधन और लॉजिस्टिक सपोर्ट देने में भूमिका निभाई हो सकती है।

**महंगाई का एक और झटका** यूपी में बिजली हुई महंगी, खरीफ सीजन से पहले किसानों की बढ़ी टेंशन

## उपभोक्ताओं को जून से देना पड़ेगा 10 प्रतिशत ज्यादा बिल

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को जून 2026 से महंगाई का एक और झटका लगने वाला है। यूपी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बिजली बिलों पर 10 प्रतिशत फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज लगाने का फैसला किया है। यह अतिरिक्त शुल्क सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं पर लागू होगा। इससे आम उपभोक्ताओं और किसानों की लागत बढ़ सकती है।

दूध, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और सीएनजी की बढ़ती कीमतों के बीच अब उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को भी महंगाई का एक और झटका लगने वाला है। यूपी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (UPPCL) ने जून 2026 के बिजली बिलों पर 10 प्रतिशत फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (FPPAS) लगाने का फैसला किया है। ऐसे समय में जब राज्य के कई



हिस्सों में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती की शिकायतें सामने आ रही हैं और खरीफ सीजन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं, इस फैसले का असर आम उपभोक्ताओं के साथ किसानों पर भी पड़ सकता है। UPPCL की ओर से जारी आदेश के मुताबिक मार्च 2026 में बिजली खरीद और ट्रांसमिशन पर हुए अतिरिक्त खर्च की भरपाई जून 2026 के बिलों के जरिए की जाएगी। बिजली नियामक आयोग के नियमों के तहत किसी महीने में हुई अतिरिक्त लागत को तीन महीने बाद उपभोक्ताओं से वसूला जाता है। मुख्य अभियंता (नियामक मामले) पंकज सक्सेना ने जारी निर्देश में कहा है कि MYT विनियम 2025 के क्लॉज 16(4) के तहत मार्च 2026 के लिए FPPAS की दर 10 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जिसे जून के बिलों में जोड़ा जाएगा। यह अतिरिक्त सरचार्ज घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक समेत सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं पर लागू होगा। हालांकि बिल में बढ़ोतरी की वास्तविक राशि बिजली खपत और टैरिफ श्रेणी के अनुसार अलग-अलग होगी। बिजली कंपनियों का कहना है कि ईंधन और बिजली खरीद लागत में बढ़ोतरी की वजह से यह शुल्क लगाया जा रहा है, ताकि वितरण कंपनियों पर वित्तीय दबाव कम किया जा सके।

### बिजली कटौती के बीच उपभोक्ताओं में नाराजगी

राज्य के कई जिलों में पिछले कुछ सप्ताह से बिजली आपूर्ति बाधित रहने और अघोषित कटौती की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में अतिरिक्त सरचार्ज लगाने के फैसले को लेकर उपभोक्ता संगठनों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि एक तरफ लोगों को नियमित बिजली नहीं मिल रही है, दूसरी तरफ बिलों में अतिरिक्त शुल्क जोड़ा जा रहा है। बढ़ती महंगाई के बीच यह फैसला आम परिवारों के मासिक बजट पर अतिरिक्त बोझ डाल सकता है।

## ट्रेन के टॉयलेट में खाने के बर्तन की धुलाई! वायरल वीडियो पर आईआरसीटीसी को एफएसएसएआई का नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की ट्रेन संख्या 12223 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-एर्नाकुलम दुरंतो एक्सप्रेस में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों के कथित उल्लंघन का मामला सामने आने के बाद कार्रवाई शुरू हो गई है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (IRCTC) को वैधानिक नोटिस जारी किया है।

एफएसएसएआई ने नोटिस में आईआरसीटीसी से पूरे मामले पर तत्काल विस्तृत एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। प्राधिकरण का कहना है कि रेलवे यात्रियों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। दुरंतो एक्सप्रेस में खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन की शिकायत मिलने के बाद जांच की गई थी। इसके बाद एफएसएसएआई



ने आईआरसीटीसी से जवाब तलब करते हुए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। एफएसएसएआई के मुताबिक, यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर की गई है। वीडियो में ट्रेन के ऑनबोर्ड कैटरिंग स्टाफ या ठेकेदार से जुड़े कर्मचारियों को कथित रूप से टॉयलेट क्षेत्र के अंदर खाद्य बर्तनों की सफाई करते हुए देखा गया। प्राधिकरण ने इसे खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए मामले की जांच शुरू की है। एफएसएसएआई का कहना है कि यात्रियों को परोसे जाने वाले भोजन से जुड़े बर्तनों की ऐसी परिस्थितियों में सफाई सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है और इस तरह की लापरवाही को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बरेली के फाइव स्टार होटल से ग्राहकों का सीक्रेट डेटा चोरी, कर्मचारी फरार

- **सिस्टम से सबूत भी मिटाए, मैनेजमेंट में खलबली**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**बरेली।** शहर के फाइव स्टार होटल रमाडा एनकोर में डेटा चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। होटल के एक कर्मचारी पर ग्राहकों की गोपनीय जानकारी, व्यावसायिक रिकॉर्ड और महत्वपूर्ण डिजिटल डाटा चोरी करने का आरोप लगा है। आरोप है कि कर्मचारी नौकरी छोड़ने से पहले होटल के कंप्यूटर सिस्टम से फाइलें डिलीट कर गया, जिससे पूरे होटल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। मामला सामने आने के बाद बारादरी थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बिना सूचना नौकरी छोड़ी, जांच में खुला डेटा चोरी का राज**

होटल के एचआर विभाग में तैनात पवन जोशी के अनुसार कर्मचारी फरीद खान 13 मई को अचानक बिना किसी सूचना के नौकरी छोड़कर चला गया। शुरुआत में इसे सामान्य मामला माना गया, लेकिन जब होटल के कंप्यूटर सिस्टम और ऑनलाइन रिकॉर्ड की जांच कराई गई तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। आरोप है कि फरीद होटल का महत्वपूर्ण डेटा और ग्राहकों की गोपनीय जानकारियां अपने साथ ले गया।

**फाइलें भी कीं डिलीट, ताकि न बचें सबूत**

होटल प्रबंधन का आरोप है कि डेटा चोरी के बाद फरीद ने सिस्टम में मौजूद कई महत्वपूर्ण फाइलें डिलीट भी कर दीं, ताकि रिकॉर्ड दोबारा हासिल न किया जा सके। इससे होटल को न सिर्फ व्यावसायिक नुकसान पहुंचा, बल्कि ग्राहकों की निजता और होटल की साख पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

**दूसरे होटल के कर्मचारी पर भी साजिश का आरोप**

प्राथमिकी में मो. साजिद अंसारी का नाम भी शामिल किया गया है, जो एक अन्य होटल में कार्यरत बताया गया है। आरोप है कि डेटा चोरी की पूरी साजिश में उसने फरीद का सहयोग किया। शिकायत के मुताबिक नौकरी छोड़ने के बाद फरीद का इंटरव्यू कराने और उसकी भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने में भी साजिद की भूमिका रही।

**होटल प्रबंधन में मचा हड़कंप**

फाइव स्टार होटल से ग्राहकों के गोपनीय डेटा चोरी होने की सूचना सामने आने के बाद होटल प्रबंधन और कर्मचारियों में खलबली मच गई। मामला डिजिटल सुरक्षा और डेटा प्रोटेक्शन से जुड़ा होने के कारण गंभीर माना जा रहा है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी किया गया डेटा कहां और किस उद्देश्य से इस्तेमाल किया गया।

**पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

बारादरी थाना पुलिस ने एचआर पवन जोशी की तहरीर पर फरीद खान और मो. साजिद अंसारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर पूरे मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। होटल प्रबंधन ने दावा किया है कि इस घटना से उसे आर्थिक, व्यावसायिक और प्रतिष्ठात्मक नुकसान हुआ है।

# मनौना धाम किडनैपिंग कांड: 1.20 लाख में बेचने की थी साजिश, पश्चिम बंगाल का सरगना समेत 3 और गिरफ्तार

## गिरोह अस्पतालों, मंदिरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से छोटे बच्चों का अपहरण कर उन्हें लाखों रुपये में बेचता था

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**बरेली।** मनौना धाम से डेढ़ वर्षीय मासूम ऋषभ के अपहरण मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए बच्चा बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने गिरोह के कथित सरगना समेत तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया है कि गिरोह अस्पतालों, मंदिरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से छोटे बच्चों का अपहरण कर उन्हें लाखों रुपये में बेचता था।

24 मई को मनौना धाम परिसर में सफाई कर्मचारी रमन का डेढ़ साल का बेटा ऋषभ खेलते समय अचानक लापता हो गया था। बच्चे के गायब होने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही आंवला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मासूम की तलाश शुरू कर दी थी।

**मुठभेड़ के बाद खुली अपहरण की परतें**

जांच के दौरान 27 मई को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद योगेश कन्नौजिया और पवन चंदेल को गिरफ्तार किया। दोनों की निशानदेही पर अपहृत मासूम ऋषभ को सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया गया। इसके बाद पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम सामने आए और पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी। पुलिस जांच में उत्तम वाजपेई का नाम सामने आने पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसके बाद मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने गिरोह के कथित सरगना 60 वर्षीय संजय कुमार विश्वास, केशवराम उर्फ मंजेश और सीता को गिरफ्तार कर लिया। संजय कुमार विश्वास पश्चिम बंगाल का रहने वाला बताया गया है।

**अस्पताल और मंदिर थे गिरोह के आसान निशाने**

पूछताछ में आरोपियों ने कई चौंकाने वाले राज उगले हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह अस्पतालों, मंदिरों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर छोटे बच्चों की रेकी करता था। मौका मिलते ही बच्चों का अपहरण कर उन्हें दूसरे राज्यों में बेच दिया जाता था। एक बच्चे की कीमत करीब 1.20 लाख रुपये तय की जाती थी। जांच में सामने आया है कि गिरोह की सदस्य सीता बच्चों को खरीदारों तक पहुंचाने और सौदेबाजी कराने में अहम भूमिका निभाती थी। पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह पहले भी कई बच्चों की तस्करी कर चुका है और इसके तार कई जिलों व राज्यों से जुड़े हो सकते हैं।

**कई राज्यों तक फैला नेटवर्क, खरीदारों की तलाश जारी**

गिरफ्तार आरोपी लखीमपुर खीरी, बदायूं, सीतापुर और पश्चिम बंगाल से जुड़े हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और उन लोगों की तलाश कर रही है जो अपहृत बच्चों को खरीदते थे। मामले में कई और गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई जा रही है। पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व एसपी साउथ अंशिका वर्मा की निगरानी में किया गया। मामले के सफल खुलासे और मासूम की सकुशल बरामदगी पर वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की है। पुलिस ने कहा है कि बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पूरनपुर में मोबाइल शोरूम पर एसआईटी का छापा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के एक मोबाइल शोरूम पर शनिवार को एसआईटी टीम द्वारा की गई छापेमारी से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। टीम ने शोरूम में पहुंच कर दस्तावेजों और मोबाइल उपकरणों की जांच-पड़ताल की।

एसआईटी टीम ने शोरूम में काफी देर तक जांच की और संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान शोरूम पर लोगों की भीड़ जुट गई। व्यापारियों ने टीम के अधिकारियों से कार्रवाई के संबंध में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कार्रवाई को लेकर अधिकारियों से वार्ता कर जांच के संबंध में जानकारी मांगी। हालांकि टीम के अधिकारियों ने जांच पूरी होने तक विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया,छापेमारी की खबर नगर में तेजी से फैल गई,देर शाम तक टीम जुटी रही। एसआईटी अधिकारियों का कहना है कि जांच प्रक्रिया नियमानुसार की जा रही है और आवश्यक तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार की अनियमितता है तो उसकी जांच कानून के दायरे में की जानी चाहिए। मामले को लेकर नगर में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा।

# शिकंजा : कौन हैं वो 18 चेहरे जिनकी बरेली पुलिस ने खोली हिस्ट्रीशीट

- **मंत्री के रिश्तेदार और हनुमान दल नेता के हत्यारोपी पर बड़ी कार्रवाई**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

बरेली। जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसने के अभियान के तहत पुलिस ने एक साथ 18 नई हिस्ट्रीशीट खोलकर अपराध जगत में हलचल मचा दी है। इस कार्रवाई में सबसे ज्यादा चर्चा उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री के रिश्तेदार बताए जाने वाले सौरभ राठौर और हनुमान दल के जिला उपाध्यक्ष गौरव गोस्वामी हत्याकांड के आरोपी नैतिक सोनकर की रही। दोनों आरोपियों को अब पुलिस की विशेष निगरानी में रखा जाएगा।

**जोगी नवादा फायरिंग कांड के आरोपी पर कसा शिकंजा**

बारादरी थाना पुलिस ने जोगी नवादा चावल मंडी में हुए फायरिंग और बलवा प्रकरण के आरोपी सौरभ राठौर की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। सौरभ का नाम लंबे समय से उत्तराखंड की एक कैबिनेट मंत्री के परिवार से जुड़ता रहा है। हाल के दिनों में यह मामला राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बना रहा था। हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद अब उसकी गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

**लूट, हत्या, ड्रग्स और पशु तस्करी के आरोपी भी रडार पर**

बारादरी पुलिस ने छिनैती, लूट, धोखाधड़ी, हत्या, चोरी, नकबजनी और मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े कई आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली है। इनमें उत्तम पटेल, रामबाबू, मुजीब अहमद, अरशद, अंशु पटेल, आरिश, आकाश ठाकुर और अफजाल हुसैन उर्फ मुल्ला शामिल हैं।

मीरगंज पुलिस ने पशु तस्करी के आरोपियों अफजाल, अरशीन कुरैशी, निजाम और शहीद उर्फ भूरा को हिस्ट्रीशीटर घोषित किया है। वहीं शाही पुलिस ने लूट और मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी लालता प्रसाद तथा शीशगढ़ पुलिस ने गोकशी के आरोपी काले की हिस्ट्रीशीट खोली है।

**SSP बोले- अपराधियों की हर गतिविधि पर रहेगी नजर**

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण के लिए लगातार हिस्ट्रीशीट खोली जा रही हैं। हाल ही में 18 नए अपराधियों को हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया है।

**हनुमान दल नेता के हत्यारोपी पर बढ़ी सख्ती**

हनुमान दल के जिला उपाध्यक्ष गौरव गोस्वामी हत्याकांड में नामजद आरोपी नैतिक सोनकर पर भी पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। नैतिक की हिस्ट्रीशीट खोलकर उसकी नियमित निगरानी शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि संगीन अपराधों में शामिल आरोपियों पर लगातार निगरानी से अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी।

# पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर बदमाश को पकड़ने में हासिल की कामयाबी

जागरण मोर्चा, कार्यालय बिलसंडा। नगर के कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त को शनिवार की सुबह पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस की घेराबंदी के दौरान आरोपी द्वारा की गई फायरिंग के जवाब में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा। पकड़ा गया बदमाश शाहजहांपुर के तिलहर का लकी मौर्या निकला। उधर पुलिस ने मौके पर ही एंबुलेंस बुलाकर घायल बदमाश को सरकारी अस्पताल भिजवाया, जहां पर उपचार के उपरांत उसे कोर्ट में पेश किया गया ।

बता दे कि बृहस्पतिवार को नगर के बंडा बस स्टैंड के समीप स्थित साइकिल व्यापारी पंकज कटियार को डराने धमकाने के उद्देश्य से आए शातिर बदमाशों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। बताते हैं कि मारपीट कर बाइक पर सवार होकर बदमाश भागने की फिराक में ही थे कि कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता ने पीछे से एक बदमाश को दबोच लिया था। पकड़े जाने के डर से बदमाश ने पप्पू गुप्ता को गोली मार दी थी। जिससे कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद नगर में सनसनी फैल गई थी। व्यापारियों के भारी जवाब के चलते पुलिस सक्रिय हुई और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शनिवार की सुबह ईटगांव नहर की पुलिया पर सुबह करीब 5 :00 बजे ही चेकिंग शुरू कर दी। बताते हैं कि आरोपी बाइक पर सवार होकर उधर से जैसे ही गुजर पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। बताते हैं कि पुलिस को देखते ही आरोपी बदमाश लकी मौर्य ने पुलिस पर फायरिंग की जवाब में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में एक गोली उसके पैर में लग गई जिससे घायल होकर वह मौके पर गिर गया, और पुलिस ने उसे दबोच लिया। बताते हैं कि पुलिस ने मौके पर ही एंबुलेंस बुलवाई और घायल को सरकारी अस्पताल भिजवाया ।उपचार के उपरांत उसे कोर्ट में पेश किया गया। मुठभेड़ में पकड़ा गया बदमाश शाहजहांपुर के तिलहर के राधेलाल का 21 वर्षीय पुत्र लकी मोर्य निकला।

# 2047 के विकसित भारत के लिए एमएसएमई बनेगा इंजन, युवाओं को मिलेगा रोजगार: भूपेंद्र चौधरी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने शनिवार को बरेली स्थित सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास कार्यों और विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक युवाओं तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में एमएसएमई विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विभाग की प्रचलित योजनाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है और युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर पूछे गए सवाल पर भूपेंद्र चौधरी ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी तरह हताश और निराश हो चुका है तथा नकारात्मक एजेंडे के साथ लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता सजग है और इस तरह की राजनीति करने वालों के लिए अब कोई स्थान नहीं बचा है। वहीं पेपर लीक की घटनाओं को दुखद बताते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार इस विषय को लेकर पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सरकार का उद्देश्य भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना है ताकि युवाओं का विश्वास बना रहे।

**ऊर्जा संकट पर केंद्र सरकार कर रही लगातार प्रयास**

ईरान-अमेरिका तनाव के कारण संभावित ऊर्जा संकट के सवाल पर मंत्री ने कहा कि यह विश्वस्तरीय समस्या है। भारत सरकार लगातार अन्य देशों के साथ बातचीत कर रही है ताकि ऊर्जा की आपूर्ति प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह सक्रिय है और जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर भी चर्चा की गई।

# पीक ऑवर्स में भारी उपकरण चलाने से बचें: जिलाधिकारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बरेली।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ती बिजली की मांग के बीच डीएम अविनाश सिंह ने जनपदवासियों से बिजली बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस समय बिजली की खपत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी है और प्रशासन तथा विद्युत विभाग दिन-रात हर घर तक निर्बाध बिजली पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। ऐसे में आम नागरिकों का सहयोग ही बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने की सबसे बड़ी ताकत साबित हो सकता है।

डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि गर्मी का पारा चढ़ने के साथ ही जिले में बिजली की मांग भी लगातार बढ़ रही है। हालात ऐसे हैं कि कई स्थानों पर ट्रांसफार्मरों और विद्युत लाइनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। डीएम ने कहा कि बिजली आपूर्ति बनाए रखना सिर्फ विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर नागरिक का साझा दायित्व है। यदि सभी लोग थोड़ी-थोड़ी बिजली बचाएं तो पूरे जिले को इसका बड़ा लाभ मिल सकता है। डीएम ने भावुक अंदाज में कहा कि घर में बचाई गई थोड़ी सी बिजली किसी दूसरे घर को अंधेरे से बचा सकती है। यह बचत किसी बुजुर्ग को गर्मी से राहत, किसी मरीज के इलाज में मदद और किसी मासूम बच्चे की सुकून भरी नींद का कारण बन सकती है। उन्होंने लोगों से बिजली बचत को सामाजिक सरोकार और नैतिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की अपील की।

**शाम 6 से रात 11 बजे तक रखें विशेष सावधानी**

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक के पीक ऑवर्स में बिजली की खपत कम करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान वॉटर पंप, वाशिंग मशीन, हीटर तथा अन्य भारी विद्युत उपकरणों का प्रयोग यथासंभव टालें। जिन घरों में एक से अधिक एयर कंडीशनर हैं, वहां आवश्यकता के अनुसार ही उनका उपयोग किया जाए। डीएम ने सुझाव दिया कि एयर कंडीशनर का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखा जाए। इससे बिजली की खपत कम होगी और ट्रांसफार्मरों पर पड़ने वाला अतिरिक्त भार भी घटेगा।

**निस्तारण** शासन के निर्देशों पर 28 .05 करोड़ रुपये की लगी सर्वोच्च बोली

# किसानों को राहत: केसर चीनी मिल की कुर्क की गई भूमि, हुई नीलामी

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**बरेली।** वर्षों से अपने बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान की आस लगाए बैठे बहेड़ी क्षेत्र के हजारों किसानों के लिए शनिवार का दिन राहत भरी खबर लेकर आया। केसर चीनी मिल की कुर्क की गई भूमि की नीलामी प्रक्रिया तहसील बहेड़ी सभागार में शासन के निर्देशों और विधिक प्रावधानों के तहत सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। इस ऐतिहासिक नीलामी में 28.05 करोड़ रुपये की सर्वोच्च बोली प्राप्त हुई, जिससे लंबे समय से लंबित गन्ना भुगतान के निस्तारण का रास्ता साफ होता दिखाई दे रहा है। किसानों और स्थानीय लोगों की नजरें इस नीलामी पर टिकी हुई थीं, क्योंकि इसका सीधा संबंध हजारों परिवारों की आर्थिक स्थिति से जुड़ा हुआ है।

केसर चीनी मिल पर किसानों का करोड़ों रुपये का गन्ना मूल्य बकाया है। वर्षों से भुगतान न मिलने के कारण किसान आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे थे। इसी को देखते हुए प्रशासन ने कुर्क की गई भूमि की नीलामी की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। शनिवार को आयोजित नीलामी में विभिन्न पक्षों ने हिस्सा लिया और खुले मंच पर प्रतिस्पर्धी बोली लगाई गई। अंततः 28.05 करोड़ रुपये की सर्वोच्च बोली प्राप्त हुई, जिसे नियमानुसार अभिलेखों में दर्ज किया गया।

**अधिकारियों की मौजूदगी में हुई पूरी कार्यवाही**

नीलामी प्रक्रिया के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), जॉइंट मजिस्ट्रेट एवं उप जिलाधिकारी बहेड़ी, जिला गन्ना अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा किसान यूनियन के प्रतिनिधि, किसान और आम नागरिक भी सभागार में उपस्थित रहे। प्रशासन ने पूरी प्रक्रिया को सार्वजनिक रूप से संपन्न कराकर पारदर्शिता और निष्पक्षता का संदेश देने का प्रयास किया।

**बकाया भुगतान मिलने की बढ़ी उम्मीद**

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार नीलामी से प्राप्त धनराशि का उपयोग केसर चीनी मिल पर बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के लिए किया जाएगा। इससे बहेड़ी और आसपास के क्षेत्रों के हजारों किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से लंबित भुगतान का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह नीलामी एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो सकती है। अधिकारियों का कहना है कि किसानों के हितों की रक्षा और उनके बकाया भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। केसर चीनी मिल की भूमि की यह नीलामी बरेली जनपद की हालिया सबसे महत्वपूर्ण राजस्व एवं किसान हितैषी प्रशासनिक कार्रवाइयों में से एक मानी जा रही है।

**सीसीटीवी और वीडियोग्राफी से रखी गई हर गतिविधि पर नजर**

नीलामी को विवादों से दूर रखने और पूरी प्रक्रिया का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के लिए सभागार में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इसके अलावा स्वतंत्र रूप से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई। प्रशासन ने नीलामी के प्रत्येक चरण का दस्तावेजीकरण कराया ताकि भविष्य में किसी प्रकार की आपत्ति या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी इच्छुक पक्षों को निर्धारित नियमों के अनुसार भाग लेने और अपनी बोली प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया।

# बरेली SSP ने जारी किया चौकी प्रभारियों का रिपोर्ट कार्ड

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बरेली।** जिले में कानून-व्यवस्था और जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने चौकी प्रभारियों की मासिक कार्यप्रणाली का मूल्यांकन कराया। अप्रैल-2026 के प्रदर्शन के आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 चौकी प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जबकि खराब प्रदर्शन करने वाले 10 चौकी प्रभारियों को चेतावनी जारी की गई। एक चौकी प्रभारी के खिलाफ प्रारंभिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

**जोगीनवादा चौकी रही नंबर-1, मिला 10 हजार का पुरस्कार**

मूल्यांकन में निवारक कार्रवाई, जनशिकायतों के निस्तारण, लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निपटारे और जनसेवा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं को आधार बनाया गया। बारादरी थाना क्षेत्र की जोगीनवादा चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक कुशलपाल सिंह ने 331 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। उन्हें 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं हाफिजगंज की सैंथल चौकी के प्रभारी सतेंद्र कुमार दूसरे और बहेड़ी की भुड़िया चौकी के प्रभारी राजू कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 चौकी प्रभारी हुए सम्मानित**

एसएसपी अनुराग आर्य ने जिले के टॉप-10 चौकी प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इनमें बारादरी, हाफिजगंज, बहेड़ी, शीशगढ़, इज्जतनगर, भमोरा और कोतवाली क्षेत्र की चौकियों के प्रभारी शामिल रहे। वहीं मूल्यांकन में सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाले 10 चौकी प्रभारियों को चेतावनी जारी की गई है। इनमें कैंट, सुभाषनगर, नवाबगंज, कोतवाली, आंवला, अलीगंज और सिरौली थाना क्षेत्रों की चौकियों के प्रभारी शामिल हैं। इसके अलावा सुभाषनगर थाना क्षेत्र की करगैना चौकी के प्रभारी राजेंद्र सिंह सिरोही के संबंध में प्रारंभिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं। एसएसपी

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### एक जून को मंत्री जेपीएस रहेंगे जनपद दौरे पर

**रामपुर।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर का जनपद भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 1 जून को जिला सहकारी बैंक ज्वालानगर शाखा का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति–पत्र एवं मेडल प्रदान करेंगे।मंत्री विकास भवन सभागार में जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों, योजनाओं एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक भी करेंगे।

### बाजारों में जाकर पढ़ाया कानून का पाठ

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शनिवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन 112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में बताया।मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की गई। ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें।

# जेल में आजम खां से मिलेंगे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव

- **अगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर हुई सरगर्मियां तेज**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** सपा के कद्दावर नेता आजम खां से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जेल में मुलाकात करने जल्द आएंगे। मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया पर तेजी प्रचार हो रहा है साथ ही आजम खां-अखिलेश यादव की बातचीत के फोटो वायरल हो रहे हैं। दोनों नेताओं की मुलाकात को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा सकता है।

### टिकटों के बंटवारे पर हो सकती है चर्चा

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और आजम खां के बीच सपा के उम्मीदवारों के टिकट फाइनल को लेकर चर्चा हो सकती हैं। सोशल मीडिया पर जेल की मुलाकात को लेकर फोटो वायरल हो रहे हैं। सियासी पंडितों के अनुसार आजम खां–अखिलेश यादव की मुलाकात को लेकर कहीं न कहीं टिकटों को लेकर भी चर्चा होगी। जनपद में पांच विधानसभाओं में भाजपा का चार सीटों पर कब्जा है। स्वार–टांडा से अपना दल एस भाजपा गठबंधन शफीक अहमद अंसारी विधायक है। सिर्फ चमरौआ सीट सपा के पास हैं। इसके अलावा मंडल के सीटों को लेकर चर्चा होगी।

विधानसभा चुनाव 2027 के मार्च-अप्रैल में होने हैं। इसको लेकर चुनावी की तैयारियां शुरू हो गई है। आजम खां सात माह से बेटे अब्दुल्ला आजम के साथ जिला कारागार में बंद हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के रामपुर आकर जेल में बंद आजम खां से मुलाकात करने की चर्चा चल रही है। जिसको कहीं न कहीं सियासी माना जाना रहा है। क्योंकि जब-जब आजम खां, अखिलेश यादव की मुलाकात हुई तो कहीं न कहीं चुनाव को सियासी गलियारों में हलचल मची हैं।वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान भी अखिलेश यादव ने आजम खां से सीतापुर जेल पहुंचकर मुलाकात की थी। सपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर का कहना है कि आने के कार्यक्रम की चर्चा है। मगर अभी पार्टी स्तर से पूर्व मुख्यमंत्री का मिनट-टू मिनट लिखित प्रस्तावित कार्यक्रम नहीं मिला है।

### 8 अक्टूबर को रामपुर आए थे अखिलेश



सितंबर 2025 में सीतापुर जेल से जमानत पर आए थे। उनके आने के बाद 8 अक्टूबर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यंत्री अखिलेश यादव का उड़नखटोला जौहर विवि में उतरा था। जहां आजम खां उनको रिसीव कर कार से घर आए थे। इसके बाद अब फिर से आने की चर्चा से सुगबुगाहट सियासी गलियारों में तेज हो गई हैं।

# चार साल दो माह के बाद जेल से जमानत पर रिहा होकर घर पहुंचे पूर्व पालिका अध्यक्ष

## आजम खां और अब्दुल्ला के जेल से बाहर आने पर मनाई जाएगी ईदः अजहर

जागरण मोर्चा कार्यालय



पूर्व पालिका चेयरमैन से मुलाकात करते सपा नेता आसिम खान। -जागरण मोर्चा



पूर्व पालिका चेयरमैन से मिलते अधिवक्ता सतनाम सिंह मट्टू। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** आजम खां के करीबी और पूर्व पालिका चेयर मैन अजहर खां 4 साल दो माह 15 दिन के बाद बिजनौर जेल से रिहा होने के शनिवार दोपहर को घर पहुंचे। जहां सपाइयों ने उनका फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सभी ने आजम और अब्दुल्ला आजम के जिंदाबाद के नारे लगाए। पूर्व पालिका चेयरमैन ने कहा कि आजम खां और अब्दुल्ला आजम जब जेल से बाहर आएंगे। तभी ईद मनाई जाएगी।

सपा सरकार जाने के बाद सूबे में आई भाजपा सरकार ने आजम परिवार और उनके करीबियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था।जिसमें आजम खां,अब्दुल्ला आजम खां और उनकी पत्नी तंजीन फात्मा के साथ जेल जाने की शुरू हुई थी।उसके बाद धीरे-धीरे करके फिर करीबी भी निशाने पर आ गए थे। जिसके चलते पूर्व पालिका चेयरमैन के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हुए थे। उसके बाद अजहर खां ने 16 मार्च 2022 में मुरादाबाद कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। उसके बाद कोर्ट ने उनको न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया था। उसके बाद सुरक्षा के लिहाज से अजहर खां को बिजनौर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। उसके बाद वह रामपुर पुलिस कस्टडी में तारीखों पर आया करते थे। कई बार पेशी के दौरान आजम खां से उनकी मुलाकात भी हुई थी।

हालांकि डूंगरपुर के एक मामले में आजम खां के उनको भी सजा हो चुकी है। सभी मामलों में पैरवी लगातार चल रही थी। जिसमें जमानत हो गई थी,लेकिन धोखाधड़ी के मामले में सेशन कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में अपील की थी। जिसमें सुनवाई चल रही थी। उसके बाद मंगलवार को जमानत मिल गई थी।

कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद शनिवार सुबह 8 बजे अजहर खां को जेल से जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस दौरान सपाई उनको लेने के लिए सुबह बिजनौर पहुंच गए थे। उनके बाहर आने पर फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। दोपहर में अपने आवास कटरा जलाउद्दीन आवास पहुंचे,तो उनका स्वागत हुआ। इस दौरान आजम खां और अब्दुल्ला आजम के जिंदाबाद के नारे लगाए गए।इस दौरान अजहर खां के पुरानी साथी उवैद उल हक ने उनको गले लगाया। जहां दोनों की आंखों में आंसू थे। अजहर खां ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बताने को कुछ नहीं है। जो हो रहा है सबके सामने हो रहा है। आंखों से दिखाई तक नहीं दे रहा है। जिंदा वापस आ गए।

### सभी को जेल जाने से सीख मिलती है

आखिरकार 4 साल दो माह 15 दिन के बाद बिजनौर जेल से रिहा होने के बाद पूर्व पालिका चेयरमैन ने खुले में राहत की सांस ली। उन्होंने बताया कि सभी को जेल जाना चाहिए।पहली बार जेल गए थे। वहां से काफी सीख लेकर आए है। अब पहचान हो चुकी है कि कौन अपना और कौन पराया है। हमकों भी चार साल बाद इंसाफ मिला है जो जेल में है। उनको भी जल्द ही इंसाफ मिलेगा। सभी को जेल जाना चाहिए। इस मौके पर सतनाम सिंह मट्टू, आसिम खां ,अजय सागर,शकील खां, फहीम अहमद,राशिद मिया, अमरजीत सिंह,आदि मौजूद रहे।

### मामूली बात को लेकर दो पक्ष भिड़े चार पर रिपोर्ट

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ दिनों पूर्व ग्रामीण का मामूली की बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके चलते पीड़ित की तहरीर पर शहजादनगर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। मामला थाना क्षेत्र के नौगवां गांव से जुड़ा है। गांव निवासी अहीरूद्दीन पुत्र सादिक हुसैन ने थाना पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है। कि उस के गांव के शकील पुत्र सुखा से किसी बात को लेकर चार दिन पूर्व किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के चलते कुछ सम्मानित लोगों ने समझा बुझाकर मामला निपटा दिया था, लेकिन उस दिन से ही शकील पीड़ित अहिरुद्दीन से रंजिश रखने लगा और दो दिन बाद जब अहीरूद्दीन साइकिल से सवार होकर अपने खेत की ओर जा रहा था। तो शकील और आसिफ ,पप्पू पुत्र कल्लन इरफान चारों लोगों ने अहीरूद्दीन को घर के सामने घेर लिया और पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने लगे। इस दौरान अहिरुद्दीन को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। लड़ाई होता देखा ग्रामीणों ने बीच बचाव करा तो आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की है।

# जानलेवा हमले का आरोपी पुलिस की गोली लगने से हुआ घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रुपयों के विवाद में युवक को गोली मारकर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने आश्रम पद्धति के पास गोली मारकर घायल कर दिया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार हो रहा है। इससे पहले भी पुलिस कई और आरोपियों को गोली मारकर घायल कर चुकी है। हालांकि सारी मुठभेड़ आश्रम पद्धति में के आस पास ही होती है।

बता दे कि मंगलवार रात को बाइक सवार युवकों ने मिलक निब्बी सिंह निवासी सतवीर को सिर में गोली मारकर घायल कर दिया था। पीड़ित अपने दोस्त इंद्रप्रस्थ कालोनी निवासी सुमित और शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मगरमऊ निवासी कैलाश के साथ बाइक से सिविल लाइंस की ओर जा रहे थे,हैं कि जैसे तीनों राम-रहीम पुल पर चढ़े तभी पीछे से बिना नंबर प्लेट की बाइक में सवार दो हमलावरों ने उनको ओवरटक करते हुए सतवीर को सटाकर गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद हमलावर तेजी से बाइक लेकर सिविल लाइंस की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना के बाद एसपी समेत भारी फोर्स मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने घायल सतवीर को जिला अस्पताल भेजा था। जहां से परिजन उसे लेकर मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल चले गए थे।

इस मामले में घायल सतवीर के भाई मनोज राजपूत की तहरीर के आधार पर दो सगे भाइयों के खिलाफ सिविल लाइंस में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। जिसमें पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम मथुरापुर कलां निवासी रनवीर और उसके भाई सतवीर को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो पता चला कि आरोपियों से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चला आ रहा था।इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि गोली मारने वाला एक आरोपी बाइक से आश्रम पद्धति की ओर आ रहा है। जिसके बाद पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बाइक सवार को पुलिस ने रोकने का प्रयास कि तो उसने पुलिस पर गोली चला दी। उसके बाद पुलिस ने अपने आप को बचाते हुए फायरिंग कर दी। जिसमें आरोपी रवि घायल हो गया। उसको पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। इससे पहले भी पुलिस कई और आरोपियों को गोली मारकर घायल कर चुकी है।

# जमीन विवाद में महिलाओं के साथ अश्लीलता, जांच शुरू

- **लाठी-डंडों से युवक की बुरी तरह पिटाई,पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** कोतवाली टांडा क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में जमीन विवाद को लेकर पड़ोसियों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। तथा महिलाओं के साथ बदसलूकी की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके चचेरे भाई अपनी निजी जमीन पर मकान निर्माण कार्य कर रहे थे।इसी को लेकर गांव के ही मोहम्मद उस्मान,अजीम व मुकीम तथा अफजाल व काजिम ने आपत्ति जताई और मकान की आधी जगह छोड़ने की मांग की थी। 27 मई को शाम करीब 7 बजे पांचों आरोपियों ने लाठी-डंडे लेकर आसिम और दिलशाद के घर में घुसपैठ की। घर पर दोनों युवक नहीं थे। आरोपियों ने उनकी पत्नियों को गालियां दीं, अश्लीलता की।

उनके कपड़े फाड़ दिए। जब शोर मचाने पर आसिम व दिलशाद का भाई शादाब मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसे लाठियों-डंडों से बुरी तरह पीटा। शादाब के सिर पर लाठी लगने से गंभीर चोट आई है। वर्तमान में उसका इलाज जिला अस्पताल रामपुर में चल रहा है।आस-पास के लोगों के पहुंचने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली टांडा में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर कूड़े में लगी आग, उठी लपटें

- **अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाई गई हाईवे पर आग**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** दिल्ली-नैनीताल हाईवे 87 पहाड़ी गेट के पास कूड़े के ढेर में आग लगने से कई पेड़ जलकर राख हो गए। इस घटना में कई बड़े पेड़ भी झुलस गए। किसी अज्ञात द्वारा आग लगाई गई। जिसने देखते ही देखते आसपास लगे पेड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें तेजी से फैल गई। जिसने बड़े पैमान पर हरियाली को नुकसान पहुंचा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि 15 दिन पहले नगर पालिका और वन विभाग द्वारा पेड़ लगाए थे। सूचना मिलने पर थाना सिविल लाइंस इंस्पेक्टर ओमकार सिंह भी पहुंचे। उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड टीम को बुलाया। जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। वन अधिकार प्रणब जैन ने बताया कि इस मामले में जांच कराई जाएगी। यह पता लगाया जाएगा कि आग किसने लगाई और पेड़ों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




**बैठक** जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सर्तक एवं सम्बन्धित के दिए निर्देश

# बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सतर्कता बरती जाए: डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते डीएम।

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आपदा प्रबन्धन समिति एवं बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर स्टेयरिंग कमेटी बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों को जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी संदेशों को गम्भीरता से लेते हुए सभी विभाग तत्परता के साथ कार्य करें तथा सूचना जनपद के अन्तिम व्यक्ति तक समय से पहुचाना तय करें। जिलाधिकारी ने बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष सतर्कता बरती जाए तथा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील गांवों की सूची अद्यतन रखी जाए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तटबंधों, बांधों एवं नहरों का सघन निरीक्षण कर उनकी मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे बाढ़ की स्थिति में किसी प्रकार की क्षति न हो।

साथ ही नदियों के जलस्तर की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।राजस्व विभाग को निर्देश दिया कि बाढ़ राहत शिविरों के लिए चिन्हित स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत, प्रकाश एवं चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि आपदा के समय राहत सामग्री की उपलब्धता बनाए रखने हेतु खाद्यान्न, दवाइयां एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडारण किया जाए।स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ की स्थिति में संभावित जलजनित एवं संक्रामक रोगों से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं, चिकित्सकीय टीमों एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करें। पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए चारे एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# 32 अपंजीकृत चिकित्सकों पर चला स्वास्थ्य विभाग का हंटर

## नवजातों की मौतों के लगातार मामले सामने आने पर सक्रिय हुआ विभाग, कार्रवाई से संचालकों में मची रही खलबली

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। जनपद में नवजातों की लगातार मौत के मामले सामने आ रहे हैं। इन नर्सिंग होम, क्लीनिक, जच्चा-बच्चा सेंटर पर स्टॉफ अप्रशिक्षित है। जोकि लोगों के मौत के मुंह पर धकेलने का काम कर रहे हैं। लगातार मामले सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है।

शनिवार को स्वास्थ्य विभाग ने जनपद में अलग-अलग टीमों का गठन कर 32 अपंजीकृत चिकित्सकों पर बड़ी कार्रवाई की है। जोकि देर शाम तक जारी रही। विभागीय अधिकारियों की इस कार्रवाई से अन्य संचालकों में खलबली मची रही। लेकिन मजे की बात यह है कि इन क्लीनिक, नर्सिंग होम को सील तो कर दिया जाता है। लेकिन चंद दिनों के बाद दोबारा से इनका संचालन शुरू हो जाता है। इसकी बात का मुद्दा कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उठ चुका है। प्रशासनिक अफसरों ने विभागीय जिम्मेदारों से पूछ चुके है कि इन अस्पतालों की सील को हट जाती है। इस पर जिम्मेदार कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

### इन्होंने की कार्रवाई

नगरीय क्षेत्र में डॉ.सत्यमूर्ति तोमर, स्वार में सत्यप्रकाश, टांडा में डॉ. केके चहल, चमरौआ में डॉ.आर के वर्मा, मिलक में डॉ.अजीज हसन अंसारी, सैदनगर में डॉ.के के रंजन, बिलासपुर में डॉ.एसएस झा, शाहबाद में डॉ.देवेश चौधरी समेत टीम ने जनपद में छापेमारी अभियान संचालित किया।

**इनके खिलाफ हुई रिपोर्ट दर्ज**

जीएस हास्पिटल बिलासपुर रोड स्थित आईटीआई स्वार, एनसीआर हेल्थ केयर सेंटर बिलासपुर रोड, जीनियर हास्पिटल एंड मेटरनिटी सेन्टर, सबीना पुत्री अरशद बिजारखाता, सुबहान रजवी हुसैन क्लीनिक बिजारखाता, खुशी जच्चा-बच्चा अस्पताल स्वार, शकील अहमद क्लीनिक चमरौआ, शिफा डिजीटल एक्सरे सेंटर भोट, ट्रस्ट हास्पिटल शगुन मंडप के सामने माला सिनेमा, गुडलाइफ चाइल्ड केयर बिलासपुर गेट, वेब हास्पिटल मिनी बाईपास मन्नत मैरिज हाल, दक्ष हास्पिटल अजीतपुर, पाल क्लीनिक पटवाई, लोधी एक्सरे एंड एडवांस मैन रोड पटवाई, पूजा क्लीनिक जच्चा-बच्चा केंद्र पटवाई, एसआर चाइल्ड क्लीनिक पटवाई, किरन नर्सिंग होम एवं जच्चा-बच्चा केंद्र शाहबाद, सलोनी नर्सिंग होम एंड जच्चा-बच्चा केंद्र शाहबाद, रोजी हास्पिटल तोपखाना, न्यू आयुष्मान हास्पिटल रम्पुरा रोड शाहबाद, रिया हेल्थ केयर सेंटर चांदपुर बिलासपुर, रायल हास्पिटल टांडा बादली, बीएस वेदांता हास्पिटल, मैक्स चाइल्ड केयर सेंटर मिलक, ग्लोबल हास्पिटल, स्टार हास्पिटल मिलक, मांगे राम क्लीनिक, बच्चों का अस्पताल लालपुर, कृष्णा हास्पिटल बढ़पुरा, एक्सरे क्लीनिक लालपुर, नेशनल हास्पिटल एंड मेटरनिटी सेंटर बिलासपुर पर कार्रवाई की गई है।

## झोलाछाप पर कार्रवाई, कई अस्पताल सील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद**। स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित चिकित्सा केंद्रों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह क्लीनिकों को सील कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी देवेश चौधरी के नेतृत्व में टीम ने शाहबाद और पटवाई क्षेत्र में निरीक्षण किया। जांच में पाल क्लीनिक, लोधी डिजिटल एक्स-रे, डॉ. पूजा क्लीनिक, एसआर चाइल्ड क्लीनिक, किरण नर्सिंग होम और सलोनी नर्सिंग होम बिना वैध पंजीकरण और मानकों के विपरीत संचालित पाए गए।संतोषजनक दस्तावेज न दिखा पाने पर टीम ने इन सभी संस्थानों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित थानों में संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर भी दी है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण चिकित्सा सेवाएं देना कानूनन अपराध है और जनपद में अवैध क्लीनिकों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस सख्त कार्रवाई से झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध संचालकों में हड़कंप मच गया है।



शाहबाद में अपंजीकृत अस्पताल सील करते झोलाछाप के नोडल अधिकारी।

### आंधी-तूफान एवं भारी वर्षा की चेतावनी जारी-जनपद में सतर्कता के दिए निर्देश

**रामपुर**। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के आधार पर बताया है कि जनपद सहित प्रदेश के कई जिलों मे दौरान गरज-चमक के साथ आंधी-तूफान, भारी वर्षा तथा 80-90 किमी घंटा कुछ स्थानों पर 100 किमी घंटा तक की तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस गंभीर मौसम चेतावनी को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड़ पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से आमजन को सतर्क एवं जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। जनसामान्य को सूचित करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप, सोशल मीडिया, ग्राम पंचायत स्तर पर मुनादी लाउडस्पीकर एवं अन्य उपलब्ध माध्यमों का व्यापक उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।जनसामान्य के लिए आवश्यक सावधानियां- खराब मौसम के दौरान घर के अंदर सुरक्षित रहें। पेड़ों, बिजली के खंभों एवं कमजोर,जर्जर भवनों से दूरी बनाए रखें। अनावश्यक यात्रा से बचें।

# शिविर के समापन पर स्काउट गाइड को किया सम्मानित

- सुबह 10 बजे स्काउट गाइड ने की मुसाफिरों की सेवा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के समापन पर विभिन्न विद्यालयों से आए स्काउट गाइड ने प्रातः 10 बजे शीतल जल सेवा प्रारंभ कर दी। स्काउट गाइड का उत्साह देखते ही बनता था, दौड़ दौड़ कर हर आने जाने वाली बस पर मुसाफिरों की सेवा मे जल लेकर उपस्थित हो जाते। मुख्य अतिथि स्वाति मेंथोल के मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर एसके गुप्ता ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज का आपका ये परिश्रम निश्चित ही फलीभूत होगा। कार्यक्रम के दौरान ही 19वीं अंतर्राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ में प्रतिभाग करने वाले स्काउट गाइड को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




रोडवेज परिसर में खड़े स्काउट गाइड के शिविर के समापन पर अतिथि।

समाज सेवी और संस्था उपाध्यक्ष अवतार सिंह द्वारा भोजन की व्यवस्था की।शीतल जल के लिए बर्फ की व्यवस्था कपिल आर्य राष्ट्रपति स्काउट ने की।इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बृजेश कुमार, संस्था उपाध्यक्ष कपिल आर्य,अवतार सिंह जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह,आयुक्त रीता जेसवार, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, जिला आयुक्त एडल्ट डॉ. रीना दुबे, डॉ. उबैद अनस शम्सी, डॉ. रूपा अग्रवाल, राम सिंह, सचिव ओमप्रकाश सैनी, जिला, स्काउट मास्टर भुजवीर सिंह, जिला गाइड कैप्टन निदा खुशनूद, डॉ. अनूप कुमार,जीतू कुमार संगठन आयुक्त, नरवंत कौर, ममता सिंह, सर्वेश शर्मा, विपिन कुमार, शीबू सिंह, विकास कुमार, दीपक, शाहनवाज़, पुनीत कुमार, गुरदीप सिंह, दीपांश चौधरी, प्राची तिवारी, मनोज कुमार, वीरवती, अब्दुल्ला, नितिन गंगवार, वीरेश, शिवम, विक्रम ,शिव,गाइड अंशिका, हुमैरा, आशी, खुशी, आस्था, अनम, पाखी अनमोल, महिमा, कहकशा आदि मौजूद रहे।

# दूध लेने जा रही किशोरी को बाइक सवार उठा ले गए

- पुलिस ने घटना को बताया संदिग्ध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी**। दूध लेने जा रही 10 वर्षीय किशोरी को कथित रूप से बाइक सवार दो युवक अपने साथ ले गए। किशोरी के शोर मचाने पर उसे खुशहालपुर तिराहे के पास छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मान रही है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब आठ बजे सड़क वाले शिव मंदिर के पीछे रहने वाले एक ग्रामीण की 10 वर्षीय पुत्री दूध लेने के लिए दुकान पर जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने उसका मुंह बंद कर उसे बाइक पर बैठा लिया और काशीपुर मार्ग की ओर ले गए।किशोरी ने रास्ते में खुद को छुड़ाने का प्रयास किया और शोर मचाना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि इसके बाद दोनों युवक उसे खुशहालपुर तिराहे के निकट छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।सूचना पर चौकी प्रभारी सोहन पाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।



अपहरण के बाद छानबीन करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली।चौकी प्रभारी सोहन पाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। उनके अनुसार, बच्ची के देर से घर पहुंचने के कारण इस प्रकार की कहानी बताए जाने की आशंका भी सामने आई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# युवकों और महिला से मारपीट का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

- पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी**। नगर के मोहल्ला भूबरा से काशीपुर स्थित फैक्ट्री में मजदूरी करने जा रहे दो भाइयों समेत तीन युवकों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने कुछ लोगों पर रास्ते में रोककर मारपीट करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब आठ बजे मोहल्ला भूबरा निवासी इशू और दीपक पुत्र गौतम तथा विशाल पुत्र अमर सिंह काशीपुर स्थित चीमा फैक्ट्री में काम पर जाने के लिए निकले थे। आरोप है कि अंबेडकर पार्क के निकट कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और कहासुनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई, जिससे तीनों युवक घायल हो गए।



मारपीट कर रहे लोगों को दौड़ाती पुलिस। -जागरण मोर्चा

घटना के दौरान अंबेडकर चौराहे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पीड़ित युवकों की मां गीता मौके पर पहुंचीं। आरोप है कि उनके साथ भी मारपीट की गई, जिससे उनके दांत टूट गए और उन्हें चोटें आईं।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी जुटाई। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।चौकी प्रभारी सोहन पाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**संभल**। धनारी थाना क्षेत्र में जंगल में जामुन के पेड़ से युवक का शव लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गोपाल पुत्र रिशिपाल निवासी रुस्तमपुर पीपलवाला के रूप में हुई है। युवक की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ पर लटकाने की आशंका जताई है।बताया जा रहा है कि गोपाल 26 वर्ष शुक्रवार देर शाम एक अज्ञात कॉल आने के बाद घर से निकला था, लेकिन रातभर वापस नहीं लौटा। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने जंगल में जामुन के पेड़ से उसका शव लटका देखा तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर धनारी थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# टीबी का जड़ से खात्मा करने को प्राइवेट चिकित्सकों का योगदान जरूरी

- टीबी के नवीनतम उपचार के लिए सीएमई का आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। निजी एवं सरकारी चिकित्सकों के लिए टीबी के नवीनतम उपचार बाल टीबी पर सीएमई का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. ताज मोहम्मद, वरिष्ठ डॉक्टरों और क्षेत्र के कई चिकित्सा विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। टीबी उन्मूलन को लेकर अपने विचार साझा किए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने कहा कि टीबी जैसी बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए सरकारी प्रयासों के साथ-साथ निजी डॉक्टरों का सक्रिय योगदान बेहद अनिवार्य है। बच्चों में टीबी पीडियाट्रिक टीबी का निदान थोड़ा जटिल होता है इसलिए ऐसे सीएमई सत्र डॉक्टरों को नवीनतम तकनीकों और गाइडलाइंस से अपडेट रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। हमारा लक्ष्य हर मरीज तक सही और समय पर इलाज पहुंचाना है। डॉ. नितेश कुमार ने सीवाई टीबी परीक्षण के बारे में जानकारी दी। जो टीबी संक्रमण की पहचान करने में सहायक है, साथ ही टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट के महत्व को बताते हुए कहा कि इससे टीबी संक्रमण वाले व्यक्तियों में सक्रिय रोग विकसित होने की संभावना को कम किया जा सकता है। उन्होंने बहु औषधि प्रतिरोधी क्षय रोग के उपचार के लिए रेजिमेन की भी विस्तृत जानकारी दी। कंसल्टेंट शैलेन्द्र शुक्ला ने कहा कि बच्चों में पीडियाट्रिक टीबी बड़ों की तुलना में बिल्कुल अलग और चुनौतीपूर्ण होती है, क्योंकि बच्चे अपने लक्षण सही से नहीं बता पाते।




टीबी उन्मूलन के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोलतीं सीएमओ। -जागरण मोर्चा

# किसानों को दी ईद की मुबारकबाद



पदाधिकारियों से वार्ता करते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार नैनीताल रोड बिलासपुर गेट स्थित कार्यालय पहुंचे। इसके बाद किसानों को गले से लगाकर ईद उल अज़हा की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा की ईद-उल-अज़हा बकरीद प्यार, मोहब्बत, बलिदान, इंसानियत, और भाईचारे का संदेश देता है। बताया कि 9 से 11 जून हरिद्वार में राष्ट्रीय चिंतन शिविर है जिसमें रेल गाड़ी द्वारा सभी जाएंगे। इस मौके पर फरीद खां, बाबर खां, समर खां, मुताहिर खां, सूरजपाल यादव, बब्लू राजपूत, अब्दुल रज्जाक खान आदि मौजूद रहे।

## तेज आंधी, बिजली आपूर्ति ठप, कई जगह पेड़ गिरे

**रामपुर**। शनिवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज आंधी- ठंडी हवाओं के कारण पूरे जिले में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। हालांकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिली। 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने शहर समेत तहसीलों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। तेज हवाओं के साथ उड़ी धूल के कारण के कारण पेड़ गिर गए। करीब 15 मिनट तक सड़कों पर सन्नाटे जैसे हालत हो गए। जिससे राहगीरो और वाहन चालकों को सुरक्षित स्थानों पर रूकना पड़ा। आंधी के दौरान कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर सड़कों पर गिरी। जबकि कुछ पेड़ भी गिर गए। जिससे यातायात बाधित हो गया।

**कार्यक्रम** प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया

# सरस्वती विद्या मंदिर में समर कैंप का समापन

- छात्र-छात्राओं को मिला प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक**। नगर में स्थित विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 23 मई से चल रहे ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर आयोजित समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार माहेश्वरी, उप प्रबंधक हरिओम अग्रवाल व प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर कक्षा 10 व 12 के छात्र-छात्रा की बोर्ड की अतिरिक्त कक्षाओं के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण व क्रिया कलाप जैसे कंप्यूटर, योग, कला व क्राफ्ट, संगीत, तलवार चलाना, दंड चलाना, अंग्रेजी स्पीकिंग कोर्स आदि का प्रशिक्षण प्रतिदिन कुशल प्रशिक्षकों के माध्यम से दिया गया। जिसमें योग का प्रशिक्षण पतंजलि महिला योग की तहसील प्रभारी कमलेश गंगवार एवं विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार महेश्वरी, शिक्षक रोहित के द्वारा; तलवार चलाना, सलोनी यादव, पटवाई; दंड चलाना भारत सिंह यादव समाजसेवी, पटवाई; कंप्यूटर का प्रशिक्षण शिक्षक चंद्रशेखर; संगीत का प्रशिक्षण शिक्षक शुभम सक्सेना व महेंद्र पाल,कला एवं क्राफ्ट का प्रशिक्षण आचार्या स्नेहा यदुवंशी एवं हर नंदन प्रसाद द्वारा प्रशिक्षण दिया।




तहसील प्रभारी को सम्मानित करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

प्रशिक्षण देने वाले गुरुजनों को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा शॉल ओढ़ाकर व शील्ड देकर सम्मानित किया गया तथा प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के उप प्रबंधक हरिओम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कपिल देव अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य सर्वेश अग्रवाल, बाबू राम गंगवार के साथ-साथ नगर के गणमान्य लोगों में मोतीराम गंगवार, शोभित पटेल, भगवान दास व विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय में चल रहे समर कैंप में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने सभी प्रशिक्षणों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।प्रशिक्षण दे रहे गुरुजनों व शिक्षकों ने मेहनत से सिखाया। सभी को बहुत-बहुत बधाई।कार्यक्रम का संचालन संगीत शिक्षक शुभम सक्सेना ने किया।



# बिजली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भड़के भावाधस के पदाधिकारी

## कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस (भीम) के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया।अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि सपना वाल्मीकि के घर में घुसने वाले बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा लिखने की मांग की उठाई।थाना गंज की कांस्टेबल शिवानी गवाना द्वारा सपना वाल्मीकि का प्रार्थना पत्र फाड़कर फेंकने में कार्रवाई की मांग की। अपर पुलिस अधीक्षक ने इस प्रकरण की जांच सीओ सिटी को सौंपने के आदेश दिए।



एसपी कार्यालय पर मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा



एएसपी को सारी जानकारी देती महिला। -जागरण मोर्चा

ज्ञात हो कि 25 मई 2026 को अस्तबल निवासी सपना वाल्मीकि के घर बिजली विभाग के कर्मचारी, जेई, एवं नागेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में घर में घुस गए थे।घर-घर में तोड़फोड़ की थी। उसके बाद महिला को गालियां देने के साथ ही जाति सूचक शब्द कहते हुए मीटर उखाड़ कर ले गए थे। जब सपना थाना गंज गई थी,तो महिला कांस्टेबल ने उनका प्रार्थना पत्र फाड़ दिया था। उसके बाद गालियां बकते हुए भगा दिया था।

जानकारी मिलने के बाद लोगों में आक्रोश हो गया था। जिसके बाद शनिवार को भावाधस (भीम) संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्रित होकर एसपी कार्यालय पर पहुंचे। उसके बाद कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर भीम अनार्य ने कहा कि लगातार उत्पीड़न हो रहा है। बिजली विभाग ने कोई नोटिस नहीं दिया और परिवार में कोई मर्द भी मौजूद नहीं था,लेकिन विभाग को कोई हमदर्दी नहीं हुई।

उल्टे जब महिलाएं थाना गंज पुलिस के पास पहुंची तो वहां भी उन्हें अपमानित किया गया ।अगर इस प्रकरण पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वाल्मीकि समाज में जुल्म सहन नहीं किया जाएगा।इस अवसर पर एकलव्य वाल्मीकि,कुणाल वाल्मीकि, डीके भारती, सुनील राज, सपना वाल्मीकि, नितिन कुमार, विपिन कुमार सहित काफी महिला पुरुष शामिल रहे।

## अवैध बालू भंडारण, विक्रय के विरुद्ध प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

● तीन प्रतिष्ठान किए सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार उपजिलाधिकारी टांडा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से तहसील टांडा क्षेत्र में अवैध उपखनिज भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान गहलोत ट्रेडर्स, कृष्ण ट्रेडर्स एवं आरव ट्रेडर्स का निरीक्षण किया।निरीक्षण में पाया कि प्रतिष्ठान 100 घन मीटर स्टॉक के फुटकर विक्रेता पंजीकरण प्रमाण-पत्र के आधार पर निर्धारित नियमों के विपरीत अवैध रूप से बालू का भंडारण एवं विक्रय कर रहे थे।प्रकरण में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रशासन द्वारा अवैध रूप से भंडारित उपखनिज (बालू) को सीज करने के साथ-साथ संबंधित परिसरों को भी सीज कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम उपस्थित रही।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन, भंडारण एवं उप खनिजों के अवैध व्यापार के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



कार्रवाई के दौरान मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा

## खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग

● मोहल्ले में मची अफरा-तफरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** नगर के एक घर में खाना बनाते समय गैस रिसाव के कारण सिलेंडर में आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घर में मौजूद महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बाद में गैस एजेंसी संचालक ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



नगर निवासी हाजी सलीम का मकान बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे स्थित है। शनिवार दोपहर उनकी पत्नी घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान गैस रिसाव होने से अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग लगते ही घर में हड़कंप मच गया और महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए।स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग लगातार बढ़ती रही। घटना की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई, जबकि फायर ब्रिगेड को कई बार सूचना देने के बावजूद वह समय पर नहीं पहुंच सकी।

इस बीच नगर की इंडेन गैस एजेंसी के संचालक अपनी गैस सेफ्टी किट लेकर मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद सिलेंडर में लगी आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद मोहल्ले के लोगों ने राहत की सांस ली।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटना के लगभग एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। इसके बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों ने लोगों को गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों और आग बुझाने के तरीकों की जानकारी दी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## यंग गोल्ड क्लब ने गोल्डन क्लब को 10 विकेट से हराया

● मुशर्रफ अली और अयाजुल रहमान ने 10-10 रन बनाए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के 8 वें मैच में यंग गोल्ड क्लब और गोल्डन के बीच मैच खेला गया।जिसमें यंग गोल्ड क्लब मैच का विजेता बना।

मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीत कर पहले बेटिंग करते हुए गोल्डन क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 81 रन बनाए। बल्लेबाज मास्टर अजहर ने 21 रन, मुशर्रफ अली और अयाजुल रहमान ने क्रमशः 10-10 रन बनाए। अतिरिक्त 27 बने। यांगगोल्ड के गेंदबाजों के सामने पूरी बेटिंग असफल रही।यंग गोल्ड क्लब के गेंदबाज उस्मान ख्वाजा और नावेद रहमानी ने दो-दो विकेट लिए। इफ्तिखार शेखू, तलहा, नौमान ने एक-एक विकेट लिया।जीत के लिए 82 रन बनाने के लिए यंग गोल्ड क्लब ने 9.2 ओवर में 82 रन बनाए, उनका कोई खिलाड़ी आउट नहीं हुआ। यह मैच आसानी से 10 विकेट से जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया।यंग गोल्ड क्लब के उस्मान ख्वाजा ने 48 रन,हाजी रिजवान ने 29 रन, बनाए अतिरिक्त 5 रन बने। गोल्डन क्लब के सभी गेंदबाज विकेट लेने में असफल रहे।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार यंग गोल्ड क्लब के उस्मान ख्वाजा को कदीर पप्पू और नावेद आलम द्वारा प्रदान किया।अंपायर शहाब और उबैस रहे। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज्जाक रहे।



विजयी टीम के साथ मौजूद मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

जबकि ऑनलाइन स्कोर मौलाना जुनैद और आकिब गुल ने की।मैच में मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के युवा नगर अध्यक्ष सलीम कसगर रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता मकसूद लाला, इकबाल, उबैस, हाजी अली प्रिंस, आयोजक, हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, तौसीफ आलम वसी खान, जुबैर आलम, कारी रिजवान, महबूब अली, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली और हजारों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## बैरुआ गांव में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, महिलाएं समेत कई लोग

● एक पक्ष का आरोप पड़ोसी की छत पर चढ़कर बरसाए ईंट पत्थर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** शुक्रवार शाम थाना क्षेत्र के बैरुआ गांव में मामूली कहासुनी में दो पक्ष आमने-सामने आ गए।जाम लाठी डंडे चल गए। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने पड़ोस की छत पर चढ़कर उनके घर में ईंट पत्थर मारे। जिसमें महिलाएं समेत कई लोग घायल हो गए। वहीं घटना से गांव में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची मोर्चा संभालते हुए घायलों को इलाज के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के बैरुआ गांव निवासी मोहम्मद शमी पुत्र मोहम्मद अकरम ने तहरीर में बताया कि करीब चार बजे वह अपने घर के बाहर सड़क किनारे खड़ा था। आरोप है कि तभी गांव का फैजान पुत्र रिजवान वहां आ गया देखकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर कथित तौर पर धमकी देते हुए कहा कि उसका चाचा गांव का प्रधान है।वह घर में घुसकर मारपीट कर देगा। आरोप है कि इसी दौरान कुछ देर बाद फैजान ने अरबाज सुभान समेत परिवार के उबैद पुत्र रहीस अहमद, रुखसाद पुत्र मुख्तार और अकरम पुत्र फरजंद अली को लाठी डंडे के साथ मौके पर बुला लिया और ने अभी मारपीट शुरूकर दी।अचानक हुए हमले से परिवार में चीख-पुकार मच गई। पीड़ित पक्ष ने बताया कि जान बचाने के लिए परिवार के लोग घर के अंदर घुस घुसकर दरवाजा बंद कर लिया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि इसके बाद हमलावर पड़ोसी अकरम पुत्र फरजंद और मुकर्रम पुत्र मुनव्वर की छत पर चढ़ गए और वहां से घर पर ईंट-पत्थर बरसाने लगे। पथराव और मारपीट में शिफ्ते हसन, सुहेब अहमद, मोहम्मद शमी तथा सलमा पत्नी हबीब अहमद घायल हो गए।बताया जा रहा है कि दूसरे पक्ष के लोग भी इस संघर्ष में घायल हुए हैं।पूरी घटना से गांव में अफरा-तफ़री माहौल बन गया। पुलिस घटना की सूचना मिलते ही गांव पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित किया। थाना पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और वीडियो फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर हुआ सम्मान समारोह



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पत्रकार। -जागरण मोर्चा



जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** शनिवार को नगर के मोहल्ला नसीराबाद स्थित कवि एवं साहित्यकार डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा के आवास पर हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिलक क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा ने हिन्दी पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है, जो निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के माध्यम से जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता है। उन्होंने पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है। बही नगर पालिका सभासद डॉक्टर प्रखर वशिष्ट के मेडिकल स्टोर पर पत्रकारों को सम्मान स्वरूप डायरी, पैन भेंट कर सम्मानित किया। गुरु नानक अकेडमी स्कूल में भी पत्रकारों को माला पहनाकर सम्मानित किया।सम्मान प्राप्त करने वाले पत्रकारों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए। हिन्दी पत्रकारिता के मूल्यों और जिम्मेदारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा तथा सभी ने हिन्दी पत्रकारिता को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान विनोद गंगवार, चंकी पाण्डेय, इकरार हुसैन, संजीव श्रीवास्तव, कृपाल सिंह दिवाकर, धीरेन्द्र कुमार गंगवार, विनोद कुमार, श्रीवास्तव, शावेज मलिक, चन्द्रपाल मौर्य, संजीव गुप्ता, विपिन तिवारी, विकास वशिष्ठ, इमरान हुसैन, पंकज मौर्य आदि मौजूद रहे।

## 25000 का इनामी पुलिस ने पकड़ा

**रामपुर।** 22 मई को थाना पटवाई पर आरोपी अहसान पुत्र इद्रीश निवासी बड़ा खास शहजादनगर के खिलाफ धारा-3(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में फरार आरोपी अहसान पर 25000 रुपये ईनाम घोषित किया गया था। विवेचना के क्रम में शनिवार को थाना गंज पुलिस द्वारा मुकदमे में फरार अहसान पुत्र इदरीश निवासी बराखास शहजादगर को पहाडी गेट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस को उसके पास से एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गंज पर आर्म्स एक्ट के तहत पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** 30 मई शनिवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों,सदस्यों ने संगठन के कार्यालय पर एकत्रित हुए।हिंदी पत्रकारिता दिवस की एक दूसरे को बधाई दी। पत्रकारों के लिए हिंदी पत्रकारिता दिवस एक अहम दिवस माना जाता है जिसमें पत्रकार अपने विचारों का आदान-प्रदान एक दूसरे से कर सकते हैं। हिंदी पत्रकारिता दिवस हर साल 30 मई को मनाया जाता है।

हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकारों, लेखकों, और साहित्यकारों को सम्मानित किया जाता है और हिंदी पत्रकारिता के विकास में उनके योगदान को याद किया जाता है। शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा नई बाजार स्थित अपने कार्यालय पर हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान संरक्षक वीपी विद्यार्थी, अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, संस्थापक एहसान खां, मार्गदर्शक सखावत अली, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव भटनागर, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश शंकर, कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शराफत हुसैन हस्सानी, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, महिला अध्यक्ष नेहा गुप्ता, विधिक सलाहकार सुहैल खां, उपाध्यक्ष जहीर खां, उपाध्यक्ष सुमित कश्यप, संयुक्त सचिव फैजी खां, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ छोटे, सचिव तकरीर अहमद, सचिव शान मो, प्रचार मंत्री धर्मेंद्र सागर, सचिव इरफान मलिक, शावेज़ खां, कार्यालय प्रभारी राशिद अल्वी, तालिब, विकास मुल्तानी, शिवानी आदि रहे।



शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य। -जागरण मोर्चा

## अधिवक्ता ने फीता काटकर किया मैच का आगाज

जागरण मोचो कायोलय

**रामपुर।** शनिवार को केमरी कस्बे में स्टार 11 और सीएसके 11 की टीमों के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर अधिवक्ता सतनाम सिंह मट्टू ने फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया। खिलाड़ियों को खेल से जोड़ने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कहा कि खेल भावना से जहां शरीर स्वस्थ रहता है। वही देश प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। युवाओं को खेल से जुड़ने और खेल की भावना का कद्र करने के लिए प्रेरित किया। युवाओं में जोश दिखाई।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

आक्रोश | नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## ग्रामीणों ने बिजली लाइन के नीचे लगे पेड़ हटाने की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिर्जापुर मोहब्बतनगर के ग्रामीण शनिवार को तहसील स्वार पहुंचे। एसडीएम को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ग्रामीणों ने बिजली की लाइन के नीचे लगे पेड़ों को हटवाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव निवासी रियाजुल नबी के खेत के ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही है। लाइन केनीचे खेत स्वामी द्वारा लगाए गए पेड़ तेज हवा चलने पर बिजली के तारों से टकराते हैं, जिससे अक्सर बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। इसके कारण गांव के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि जब खेत स्वामी से पेड़ों की कटाई कराने के लिए कहा गया तो वह विवाद करने पर उतारू हो गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर बिजली लाइन के नीचे से पेड़ हटवाने की मांग की है, ताकि बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रह सके।ज्ञापन देने वालों में इब्ने हसन, सुरेश, कमल, रिजवान, ताज मोहम्मद, सज्जाद, परवेज, सोमपाल, गणेश, दिनेश सिंह, धर्मपाल, शहजाद, सतीश, राशिद अली, कमर अली, फैजान, कैफ, रऊफ अली, अरशद, दिलबर, मनजीत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# 10 दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन बच्चों ने दिखाई प्रतिभा की शानदार झलक

## बच्चों और महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का संदेश10 दिन में सीखे हुनर

जागरण मोर्चा कार्यालय



10 दिवसीय समर कैंप के भव्य समापन उपहार के साथ बच्चे व ग्रुप के सदस्य। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट स्थित शिव मंदिर परिसर में जायंट्स ग्रुप आफ सखी सहेली द्वारा आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में सेन्ट्रल कमेटी मेंबर डा. सुधा चौधरी ने बच्चों से संवाद कर उनके द्वारा सीखी गई गतिविधियों की जानकारी ली और उनके आत्मविश्वास एवं उत्साह की सराहना की। एग्जीक्यूटिव चीफ प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर सुभाष रुस्तगी ने ग्रामीण परिवेश के बच्चों में छिपी प्रतिभा को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उचित मार्गदर्शन मिलने पर ये बच्चे नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। पद्मा भार्गव ने समर कैंप की प्रशंसा करते हुए इसे बच्चों और महिलाओं के लिए अत्यंत उपयोगी पहल बताया। कृष्णावतार गुप्ता ने मंदिर परिसर में की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। अनु रस्तोगी ने कहा कि बच्चों ने बेहद कम समय में ढोलक, सिलाई, ब्यूटीशियन एवं मेहंदी कला जैसी विभिन्न विधाओं को सीखकर अपनी लगन और प्रतिभा का परिचय दिया है। ग्रुप अध्यक्ष डा. मधु तोमर ने बताया कि इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों तथा महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना था। उन्होंने कार्यक्रम की सफल व्यवस्था एवं बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए डा. मधुपमा वार्ष्णेय का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रशिक्षण देने वाली प्रशिक्षिकाओं—निधि वार्ष्णेय, स्वाति गोयल, राखी गुप्ता एवं सलोनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी ने दूर-दूर से आकर निश्शुल्क सेवाएं देकर समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।इस दौरान अंजु राजपूत,सीमा वर्मा,रीता बुदियाल सहित पुष्पा वर्मा, मुन्नी देवी सक्सेना, सरोज शर्मा, अनुराधा गोयल, नीरू गोयल, दीप्ति दुबे, अलका अग्रवाल, चंचल वार्ष्णेय, ममता आदि का सहयोग रहा।

# आयुष्मान कार्ड व एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के दिए निर्देश

## जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी।

**संभल/बहजोई।** कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण, एचपीवी टीकाकरण, आभा आईडी, जननी सुरक्षा योजना तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा जनपद में संचालित सीएचसी, पीएचसी, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य इकाइयों की स्थिति से अवगत कराया गया। साथ ही पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। समीक्षा के दौरान 34 नए उपकेंद्र भवनों के निर्माण के लिए भूमि उपलब्धता पर चर्चा हुई। जिला पंचायत की ओर से बताया गया कि 10 उपकेंद्रों के लिए अभी भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित उपकेंद्रों की सूची तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने सीएचसी रजपुरा की प्रगति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड निर्माण मिशन मोड में किया जाए। बैठक में डीपीएम को निर्देशित किया गया कि समीक्षा पुस्तिका में जनपद की राज्य स्तरीय रैंकिंग एवं अन्य जिलों के तुलनात्मक आंकड़े भी शामिल किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एमओआईसी एवं स्वास्थ्य कर्मी अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करें। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान विभिन्न स्तरों पर लगने वाले समय का फ्लो-चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक पीएचसी पर चिकित्सकों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

बैठक में ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा भी हुई। एचपीवी टीकाकरण अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। आभा आईडी निर्माण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संयुक्त शिविर आयोजित करने पर बल दिया। आरसीएच फीडिंग में डेटा अपडेट रखने के निर्देश भी दिए गए। वहीं ई-संजीवनी ओपीडी की समीक्षा के दौरान प्रत्येक ब्लॉक को प्रतिदिन कम से कम 10 परामर्श का लक्ष्य तय करने को कहा गया। बैठक में एनक्यूएएस, एचआईवी टेस्टिंग, रेड रिबन क्लब एवं अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रत्येक 15 दिन में ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित करने तथा उसकी रिपोर्ट जिला स्वास्थ्य समिति में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई सहित समस्त एमओआईसी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सात परिवारों में कराया समझौता

जागरण मोर्चा कार्यालय



परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर पति–पत्नी के विवाद को सुनते काउंसलर व पुलिस कर्मी। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** जनपद संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी के निर्देश पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर काउंसलर्स ने कुल 55 पत्रावलियों को सुनकर 25 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। जहां परिवार परामर्श केंद्र में एक मामला ऐसा आया कि शादी के 25 वर्ष बाद बेटी की शादी होने के एक डेढ़ साल बाद पति पत्नी में आपस में झगड़ा हो गया था। यह मामला बहजोई का था। जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई तो पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन मंडी समिति के लिए भेजा गया। दोनों के मध्य वार्ता कर समझौता कराया गया। समझौता होने के उपरांत दोनों पति पत्नी पुलिस का धन्यवाद करते नजर आए। वही काउंसलिंग में दोनों पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर 7 परिवारों को मिलाया गया एवं 8 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई तथा 10 पत्रावलियों पर आवेदिका व आवेदक द्वारा काउंसलिंग में उपस्थित न होने व बल न दिए जाने के कारण बंद किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष डा. रूकमपाल सिंह, काउंसलर श्री लवमोहन वार्ष्णेय, पूनम अरोरा, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, सीमा आर्या, कंचन माहेश्वरी , महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत, महिला आरक्षी ज्योति तथा महिला आरक्षी विनीता आदि लोग मौजूद रहे।

# ऐंचोली ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमितता पर पांच ग्राम सचिव निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**संभल/बहजोई।** विकासखंड पवांसा की ग्राम पंचायत ऐंचोली में शासकीय धनराशि के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 तत्कालीन ग्राम सचिवों को निलंबित कर दिया है। ग्राम प्रधान रघुनाथ को भी जांच में दोषी पाए जाने पर पद से हटाया जा चुका है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देश पर हुई जांच में वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक ओडीएफ प्लस, ग्राम निधि और मनरेगा योजनाओं के अंतर्गत जारी धनराशि में गड़बड़ी सामने आई। जांच में यह भी पाया गया कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंचाया गया। अंतिम जांच कृषि उपनिदेशक सम्भल, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग तथा जिला लेखा परीक्षा अधिकारी द्वारा की गई। 25 मार्च 2026 को प्रस्तुत जांच रिपोर्ट में 5,23,195 की शासकीय धनराशि के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई।

### इन अधिकारियों पर गिरी गाज

जिला पंचायत राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह ने सुग्रीव सिंह, तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव ऐंचोली को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कराई है। वहीं जिला विकास अधिकारी राम आशीष द्वारा अबरार अहमद, अजीत कुमार, नवनीत मिश्रा और गौरव कुमार कन्नौजिया को भी निलंबित किया गया। सभी के विरुद्ध विभागीय एवं अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अलग-अलग जांच अधिकारी नामित किए गए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से पंचायत विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

# बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

## थाना कुढ फतेहगढ क्षेत्र के गांव अटवा मोड़ पर हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीएचसी मे एक्सीडेंट मे घायल हुए युवक का उपचार करते चिकित्सक।

**चन्दौसी।** थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के अटवा मोड़ पर शुक्रवार रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चन्दौसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जनपद मुरादाबाद के ऊंचा गांव निवासी विनीत कुमार पुत्र मुनेंद्र सिंह अपने मित्र राहुल पुत्र होम सिंह निवासी मिलक काजी, थाना बिलारी के साथ शुक्रवार की रात बदायूं जनपद के बिसौली से बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अटवा मोड़ के निकट पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसा के बाद दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक पर सवार लोग अपनी बाइक घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है तथा फरार युवकों की पहचान और तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

# आंधी-बारिश ने बिगाड़ी बिजली व्यवस्था, मौसम हुआ सुहावना

## 17 उपकेंद्र ठप, 143 पोल और 26 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त, विभाग को 52 लाख का नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय



आंधी बारिश से तहसील परिसर में गिरा विद्युत पोल। –जागरण मोर्चा

**संभल।** जिले में बदले मौसम ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई, वहीं तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने बिजली व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया। गुरुवार और शुक्रवार की रात अचानक मौसम बिगड़ने से बिजली विभाग को भारी नुकसान उठाना पड़ा। मगर बारिश होने से गर्मी से लोगों को राहत मिली है। तेज हवाओं और बारिश के कारण डिवीजन क्षेत्र के करीब 17 बिजली उपकेंद्रों की आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि 143 बिजली पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि 26 ट्रांसफार्मर भी खराब हो गए। इसके चलते जिले के कई इलाकों में घंटों तक अंधेरा पसरा रहा और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक खराब मौसम की वजह से विभाग को करीब 52 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। विभागीय टीमें पूरी रात मरम्मत कार्य में जुटी रहीं। कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है, जबकि शेष प्रभावित इलाकों में काम लगातार जारी है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक तेज हवा और बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में बिजली व्यवस्था पर फिर असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने गिरे विद्युत पोल व क्षतिग्रस्त हुई विद्युत लाइन को मौके पर पहुंच दुरुस्त करने के कार्य किया। इसके बाद कुछ स्थानों पर रात में ही आपूर्ति शुरू कर दी गई। जबकि गुरुवार व शुक्रवार को तेज आंधी के साथ आई बारिश से मौसम सुहावना हो गया। लोगों ने भीषण गर्मी से काफी राहत महसूस की है। वरना लोग भीषण गर्मी से बेहाल बने हुए हैं। वहीं आंधी व बारिश से ठप हुई विद्युत आपूर्ति से भी लोगों को बेहद ही परेशानी का सामना करना पड़ा।

# जनपद के पेट्रोल पंपों पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला

## मुफ्त हवा और स्वच्छ शौचालय की सुविधा नदारद, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



पेट्रोल पंप पर बंद पड़ी हवा भरने वाली मशीन। –जागरण मोर्चा

**संभल।** जनपद के पेट्रोल पंपों पर सरकारी नियमों की खुलेआम अनदेखी किए जाने का मामला सामने आ रहा है। सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार प्रत्येक पेट्रोल पंप पर 24 घंटे मुफ्त हवा की सुविधा तथा स्वच्छ और उपयोग योग्य शौचालय की व्यवस्था अनिवार्य है, लेकिन जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर यह सुविधाएं केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही हैं। इससे आम जनता और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई पेट्रोल पंपों पर हवा भरने वाली मशीनें लंबे समय से खराब पड़ी हैं या उन्हें जानबूझकर बंद रखा जाता है। ऐसे में वाहन चालकों को मजबूरी में बाहर निजी दुकानों पर पैसे देकर हवा भरवानी पड़ती है, जो नियमों का सीधा उल्लंघन माना जा रहा है। खासकर लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों के लिए यह स्थिति बड़ी समस्या बन चुकी है। वहीं पेट्रोल पंपों पर बने शौचालयों की हालत भी बदतर बनी हुई है। कई स्थानों पर शौचालयों में गंदगी फैली रहती है, पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है और नियमित सफाई का अभाव साफ दिखाई देता है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को इस कारण सबसे अधिक असुविधा झेलनी पड़ रही है। स्वच्छता अभियान के दावों के बीच यह स्थिति विभागीय लापरवाही की पोल खोल रही है। इस पूरे मामले में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। लोगों का कहना है कि संबंधित अधिकारी पेट्रोल पंपों का नियमित निरीक्षण नहीं करते, जिसके चलते संचालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है। यदि समय-समय पर जांच और निगरानी की जाए तो ऐसी अव्यवस्थाओं पर आसानी से रोक लगाई जा सकती है। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण कराए जाएं और नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पेट्रोल पंपों पर मुफ्त हवा और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं हर समय उपलब्ध रहें। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आम जनता का भरोसा प्रशासनिक व्यवस्था से उठ सकता है और समस्या आने वाले समय में और गंभीर रूप ले सकती है।

कार्रवाई | चकमार्ग, तालाब और बंजर भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

# सरकारी भूमि पर चला प्रशासन का बुलडोजर, तीन गाटे अतिक्रमण मुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को चलता बुलडोजर।



सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराती राजस्व विभाग एवं विकास विभाग की संयुक्त टीम। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के तहत शुक्रवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम मिर्जापुर नसीरुल्लापुर में चकमार्ग, तालाब और बंजर भूमि पर हुए कब्जों को हटवा दिया। नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व विभाग एवं विकास विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। उपजिलाधिकारी नीतू रानी के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने टीम के साथ शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान गाटा संख्या 388 चकमार्ग (रकबा 0.016 हेक्टेयर), गाटा संख्या 390 मि. तालाब (रकबा 0.020 हेक्टेयर) तथा गाटा संख्या 392 बंजर भूमि (रकबा 0.057 हेक्टेयर) पर हुए अतिक्रमण को हटाकर भूमि को पूरी तरह से कब्जा मुक्त कराया गया। कार्रवाई के उपरांत तीनों गाटों को ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया गया, जिससे इनका उपयोग अब सार्वजनिक हित में किया जा सकेगा।उपजिलाधिकारी नीतू रानी ने स्पष्ट किया कि ग्राम समाज की भूमि, तालाब, चकमार्ग एवं अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में निरंतर अभियान चलाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा और संरक्षण से गांव के विकास कार्यों को गति मिलेगी। इस दौरान राजस्व विभाग, विकास विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जीआरपी प्रभारी निरीक्षक को भावभीनी विदाई

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** जीआरपी थाने में प्रभारी के प्रयागराज में स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जीआरपी व आरपीएफ सिपाहियों ने प्रभारी निरीक्षक के साथ कार्य को याद किया। जीआरपी थाने में प्रभारी निरीक्षक पद तैनात अजीत प्रताप सिंह का प्रयागराज में स्थानांतरण हो गया। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जीआरपी थाने के अलावा आरपीएफ व रेलवे स्टेशन के स्टाफ ने प्रभारी निरीक्षक को विदाई दी। जिसमें सभी ने प्रभारी निरीक्षक को फूलमाला पहनाकर उपहार देकर भावपूर्ण तरीके से विदाई दी। प्रभारी निरीक्षक ने सभी स्टाफ से गले मिल भावुक हो गए।

# ससुर से विवाद पर छत से कूदी महिला

## गंभीर होने पर सीएचसी में किया भर्ती, रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीएचसी में महिला का उपचार करते चिकित्सक। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव बरौली रुस्तमपुर निवासी महिला ने शुक्रवार की शाम छत से कूद गई। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन निजी वाहन से महिला को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना बिलारी क्षेत्र के गांव बरौली रुस्तमपुर निवासी रवि कुमार की पत्नी गुंजन का परिवार में कोई विवाद हो गया। जिसके बाद महिला ने शुक्रवार की शाम छत से कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन महिला को निजी वाहन से उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। महिला ने बताया कि काफी समय ससुर से विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर शुक्रवार की शाम कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया था। जिसमें ससुराल वालों ने पति के साथ मारपीट की थी। महिला ने किसी पर पुलिस कार्रवाई करने से इंकार कर दिया।

# प्रसव के बाद विवाहिता की मौत, परिजनों ने अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप

## मृतका के परिजनों ने अस्पताल पर जमकर किया हंगामा, सूचना पर पहुंची पुलिस, दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में स्वास्थ्य विभाग के रहमों करम पर चल रहे अस्पतालों के संचालकों के द्वारा एक और विवाहिता को मौत के घाट उतार दिया, मृतका के परिजनों ने अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा हंगामा की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल की ओटी को सील कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव देहरी गुर्जर निवासी दीपक के द्वारा अपनी पत्नी नीलम को प्रसव पीड़ा के दौरान नगर के हाता चौराहा स्थित नर्सिंग होम में सोमवार को भर्ती कराया था, चिकित्सक के द्वारा ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद नीलम ने बेटे को जन्म दिया, जो स्वस्थ हैं। शुक्रवार को



अस्पताल की ओटी को सील करतें हुए सीएचसी प्रभारी। -जागरण मोर्चा

अस्पताल संचालक द्वारा दीपक से पैसे का इंतजाम करने को कहा तो दीपक अपनी पत्नी नीलम व उसकी मां को अस्पताल में छोड़कर गांव चला गया जैसे ही वह गांव पहुंचा तो अस्पताल संचालक की कॉल पहुंची कि उसकी पत्नी की तबीयत खराब है तो वह फौरन लौट आया। उसने देखा कि उसकी पत्नी को एंबुलेंस में लिटा रखा है और मेरठ के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित दीपक द्वारा बताया गया कि अस्पताल संचालकों के द्वारा अपनी कमी को छुपाने के लिए नीलम का दोबारा ऑपरेशन किया था, शुक्रवार की देर रात शव को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे और अस्पताल गेट पर शव रखकर जमकर हंगामा किया। हंगामा की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से वार्ता कर उन्हें समझाया। परिजनों



मृतका के परिजनों से वार्ता करते कोतवाल। -जागरण मोर्चा

द्वारा अस्पताल संचालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई तो पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वही अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगने के कारण सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह मौके पर पहुंचे और मृतका के परिजनों से जानकारी की और अस्पताल की ओटी को सील कर दिया गया।सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि मौके पर कोई भी अस्पताल स्टाफ न मिलने के कारण साई जीवन दान नर्सिंग होम की ओटी को सील कर दिया गया है, संचालक को नोटिस दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है, परिजनों के द्वारा कोई तहरीर दी नहीं गई है अगर तहरीर प्राप्त होती है तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## प्लॉट में रखी खोई में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में एक खाली पड़े प्लॉट में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। राजपूत कॉलोनी निवासी विपिन के एक प्लॉट में कोतवाली क्षेत्र के गांव उधनपुर निवासी पूरन सिंह गन्ने का जूस निकाल कर खाली पड़े प्लाट में अपनी खोई रख देते हैं।

शनिवार को अज्ञात कारणों के चलते खोई के ढेर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से उठने लगीं, जिससे आस-पास के मौहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। स्थानीय नागरिकों द्वारा तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने कड़े प्रयास के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते आग बुझ जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। प्रशासन के अनुसार, घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।



कोतवाली में खड़ा बालू रेत से भरा ट्रैक्टर। -जागरण मोर्चा

## मुखबिर की सूचना पर प्रशासन ने पकड़ा बालू रेत भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ प्रशासन के द्वारा कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर एक बालू रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी, खनन विभाग द्वारा अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया। कोतवाली क्षेत्र में प्रशासन के आशीर्वाद के चलते अवैध खनन का कारोबार बेखौफ होकर चल रहा है, अवैध खनन माफिया कोतवाली क्षेत्र की सड़कों पर बेखौफ होकर मिट्टी एवं बालू रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों को जमकर दौड़ा रहे हैं। शनिवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा गांव गंगा चोली के निकट स्थित गंगा तट बांध पर बालू रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा और कोतवाली ले आई। जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस द्वारा खनन अधिकारी को दी गई तो खनन अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर ट्राली को सीज के अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया। अवैध खनन माफिया के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही से हड़कंप मचा हुआ है।

## राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस पर किया गया कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शनिवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के तत्वाधान में नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक पैलेस के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक, एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा एवं अन्य पदाधिकारीयों के द्वारा भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रचलित कर किया गया, कार्यक्रम में पहुंचते ही विधायक का जिला अध्यक्ष शोभित शर्मा के द्वारा फूल माला




कार्यक्रम के दौरान विधायक का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष शोभित शर्मा।

पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा पत्रकारों को समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने की एवं संचालन जिला अध्यक्ष शोभित शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नंदन त्यागी, राजीव गोयल,संजय शर्मा,मोहित शर्मा, वंदना शर्मा,सूरज शर्मा,विजय शर्मा, नितिन शर्मा,मुकुल कुमार,विशाल शर्मा,दिवाकर कुमार,अनुज शर्मा, अतुल शर्मा,दिवेश शर्मा, वरुण शर्मा,सिद्धू शर्मा,महेश शर्मा आदि ब्रह्म बंधु मौजूद रहे।

## जी डी एकेडमी चार दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन



समर कैंप के दौरान पार्टी का आनंद लेते बच्चे। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शनिवार को नगर के मुहल्ला होली चौक स्थित जी डी एकेडमी मैं चल रहे चार दिवसीय समर कैंप का बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। समर कैंप में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप की पहले दिन बच्चों को मूवी दिखाई गई, दूसरे दिन पूल पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा रंग बिरंगी ड्रेस पहन कर पानी में जमकर मस्ती की। तीसरे दिन फ्रूट पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा फलों की की ड्रेस पहनकर आए थे। समर कैंप के समापन वाले दिन डांस क्लास का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न फिल्मी गानों पर जमकर डांस किया। इस मौके पर एकेडमी की प्रधानाचार्य व्रज त्यागी ने कहा कि समर कैंप के आयोजन से बच्चों की प्रतिभाएं निखार सामने आती हैं और समर कैंप के दौरान बच्चों ने जमकर आनंद लिया। समर कैंप के दौरान एकेडमी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## भूतखदेड़ी में श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद, डीजे की धुन पर निकली कलश विसर्जन यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के समापन के बाद। इस पावन प्रसंग पर आयोजित विशाल कलश विसर्जन यात्रा में डीजे पर बज रहे भक्तिमय भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु झूमते-गाते चल रहे थे। सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर पैदल चल रही थीं। यह दिव्य यात्रा शनिवार की सुबह गांव भूत खदेड़ी से प्रारंभ होकर करनपुर, नगर के अमरोहा अड्डा, ब्लॉक तिराहे से मनोटा, सिहाली जागीर, गजरौला क्षेत्र में स्थित पवित्र तिगरी गंगा धाम पर संपन्न हुई। कथाव्यास सुखदेव जी महाराज ने बताया कि भागवत कथा सुनने से



श्रीमद् भागवत कथा के समापन के बाद कलश विसर्जन को जाती महिलाएं।

मानव जीवन के कष्टों का निवारण कर मोक्ष प्रदान करता है। ग्राम प्रधान संदीप चौहान ने कहा कि ऐसे अनुष्ठानों से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।इस पुण्य अवसर पर यशवीर सिंह, विनोद, अरविंद, वीरपाल, सतीश, नीरज, राजवीर, रविंदर, देशराज, रोहित, बॉबी, उमंग, उत्कर्ष चौहान सहित महिला श्रद्धालु अंशु, सरोज, सरला, जसवंती, पिंकी, पूनम, मीनू, माला, कौशल, प्रीति, सीनू, बीना, शीला, काजल, रेखा, मोनिका एवं अमृता उपस्थित रहीं।

## सपा नेता ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते सपा नेता ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव हैबतपुर बंजारा में ग्रामीणों के द्वारा युवाओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से एक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है, जिसका शनिवार को गंगेश्वरी ब्लाक प्रमुख एवं सपा नेता राजेंद्र सिंह खड़गवंशी के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। राजेंद्र खड़गवंशी के पहुंचते ही ग्रामीणों द्वारा उनका फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया। सपा नेता राजेंद्र खड़गवंशी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां गया कि इस तरीके के आयोजनों से क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है, जो आगे चलकर क्षेत्र का नाम रोशन करती हैं। इसी के साथ उन्होंने समाजवादी पार्टी की नीतियों का भी प्रचार कर सपा सरकार में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## कुर्बानी के बकरे को लेकर हुई कहासुनी के बाद जमकर चले लाठी डंडे, तीन लोग घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के एक मोहल्ले में देर रात कुर्बानी के बकरे को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई मारपीट के दौरान लाठी डंडे एवं चाकू जमकर चले। मारपीट के दौरान तीन लोग घायल हो गए, घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की मांग की, पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। नगर के मोहल्ला कायस्थान में लताफत पुत्र रफीउल्ला अपने परिवार के साथ रहते हैं, शुक्रवार की देर रात्रि पड़ोस के रहने वाले व्यक्तियों से कुर्बानी के बकरे को लेकर कहा सुनी हो गई कहा सुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में




मारपीट में घायल। -जागरण मोर्चा

जमकर मारपीट होने लगी मारपीट के दौरान लाठी डंडे एवं चाकू जमकर चले, जिससे मोहल्ले में अफरातफरी का माहौल हो गया। मारपीट के दौरान लताफत एवं उसके दो बेटे फैजान एवं शहावाज घायल हो गए, तीनों घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी, पुलिस ने तहरीर लेकर तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। घायल लताफत ने बताया कि पड़ोसियों द्वारा उनके कुर्बानी के बकरे को लेकर टिप्पणी की गई थी, जिसका विरोध करने पर दबंगों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। वही प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी का कहना है कि कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई थी, दोनों ओर से चार लोग घायल हैं, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पांच साल की पॉलिसी को 10 वर्षीय बताना बीमा कंपनी को पड़ा भारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय, अमरोहा।** पांच वर्षीय शॉर्ट टर्म बीमा पॉलिसी को 10 वर्षीय बताकर उपभोक्ता को गुमराह करना बैंक और बीमा कंपनी को भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने मामले में सुनवाई करते हुए कंपनी को बीमा की पूरी धनराशि 100450 रुपये नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज समेत लौटाने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा आर्थिक, मानसिक क्षति और वाद व्यय के रूप में कंपनी पर आठ हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया गया है। आयोग ने यह पूरी धनराशि एक माह के भीतर अदा करने के निर्देश दिए हैं। मामला अमरोहा निवासी योगेंद्र सिंह और उनकी पत्नी रामवती से जुड़ा है। उन्होंने बैंक के माध्यम से एक शॉर्ट टर्म पांच वर्षीय बीमा योजना में निवेश किया था

## संदिग्ध परिस्थिति युवक ने लगाई फांसी, मौत



परिजन विलाप करते हुए । -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगाया। रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम निवासी निवासी थान सिंह पुत्र बाबूराम 25 वर्षीय का शव शुक्रवार की देर रात किसी समय अपने ही घर में छत में बंधे लोहे के तार मैं प्लास्टिक का बान बाध कर फांसी के फंदे पर झूल गया । शनिवार की सुबह परिजनों ने घर के अंदर थान सिंह के शव को लटका देखकर परिजनों की चीख निकल गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटके थान सिंह के शव को नीचे उतारा और जांच पड़ताल में जुट गई। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक थान सिंह चार भाइयों में तीसरे नंबर का था मृतक ने अपने पीछे आठ माह का एक बेटा व पत्नी सुमन को रोता-बिलखता भी लगता छोड़ा है।



का फाइल फोटो।

कार्यक्रम | ग्राउंड शो और कैटवाक रहे मुख्य आकर्षण

## एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में समर कैंप का भव्य समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में चल रहे समर कैंप का भव्य एवं उत्साहपूर्ण समापन समारोह शनिवार को संपन्न हुआ। इस समर कैंप में बच्चों ने शिक्षा, कला, खेल, व्यक्तित्व विकास एवं रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ी विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह के अवसर पर बच्चों द्वारा सीखी गई सभी गतिविधियों का आकर्षक ग्राउंड शो आयोजित किया गया, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उत्साह, ऊर्जा और रचनात्मकता




एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल मे समर कैंप में शामिल बच्चे। -जागरण मोर्चा

से सराबोर दिखाई दिया।समारोह में आयोजित कैटवाक ( रैंप वाक ) कार्यक्रम सबसे बड़ा आकर्षण रहा। छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास, आकर्षक व्यक्तित्व एवं मनमोहक अंदाज के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। बच्चों का आत्मविश्वास, मंच संचालन कौशल एवं प्रस्तुति शैली देखकर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। समर कैंप के दौरान बच्चों ने बालीवुड एवं क्लासिकल नृत्य का शानदार प्रदर्शन समापन समारोह में देखने को मिला। ताल, लय और भावों से भरपूर नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। बच्चों की ऊर्जा और उत्साह ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। इसके उपरांत ताइक्वांडो गतिविधि के अंतर्गत बच्चों ने आत्मरक्षा के विभिन्न कौशलों का प्रदर्शन किया, हैंडराइटिंग गतिविधि में बच्चों के सुंदर लेखन एवं अक्षर गठन में आए सकारात्मक बदलाव को देखकर अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। आर्ट एंड क्राफ्ट, क्ले पेंटिंग, फैब्रिक पेंटिंग एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनात्मक प्रतिभा का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा तैयार की गई सुंदर कलाकृतियां, हस्तनिर्मित वस्तुएं और सजावटी सामग्री ने भी सभी दिल जीत लिया। उनकी रचनाओं में मेहनत, लगन और कलात्मक सोच स्पष्ट दिखाई दे रही थी। इसके साथ अन्य सीखी कलाओं का भी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिस पर प्रत्येक प्रस्तुति बच्चों की मेहनत, सीखने की लगन और आत्मविश्वास को दर्शा रही थी। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों एवं प्रस्तुतियों व उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानना, उन्हें निखारना तथा उनमें आत्मविश्वास विकसित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों को नई सीख देने के साथ-साथ उन्हें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान करती हैं। इस दौरान काजल, प्रिया, सिल्की, इशिता, मनप्रीत, शालू, निशा, सोनल, सरिता, अंकिता, मीनू, मनन, हुमा, रूपाली, शिल्पा, संतोष, नीरज, इशिता आदि सभी अध्यापिकाओं तथा प्रशिक्षकों का सहयोग रहा।

## एच एस एस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पूल पार्टी व जुंबा डांस के साथ समर कैंप का समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** ग्रीष्मावकाश प्रारम्भ होने से पूर्व बच्चों को आनंदमय अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से नगर के एच एस एस पब्लिक स्कूल द्वारा गजरौला में एक विशेष पूल पार्टी और जुंबा डांस का आयोजन किया गया। समर कैंप के समापन के इस खास मौके पर बच्चों ने संगीत की थाप पर थिरकते हुए और स्विमिंग पूल में जल क्रीड़ाओं का भरपूर आनंद उठाया। गर्मी के इस मौसम में बच्चों ने मित्रों के साथ विभिन्न पूल गेम्स और मनोरंजक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर दिन को यादगार बना दिया।कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रशासन द्वारा



पूल पार्टी का आनंद लेते हुए बच्चे। -जागरण मोर्चा

बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वादिष्ट अल्पाहार एवं शीतल पेय पदार्थों का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार अध्ययन के बाद ऐसे आनंददायक कार्यक्रम बच्चों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने बच्चों को छुट्टियों के दौरान अच्छी पुस्तकें पढ़ने, नई रुचियाँ विकसित करने तथा परिवार के साथ सुरक्षित व सुखद ग्रीष्मावकाश बिताने की शुभकामनाएँ दीं। अंत में सभी बच्चे अविस्मरणीय यादों के साथ अपने अपने घर लौटे।

## संपादकीय

### इबोला का 'मृत्यु-काल'

कोरोना वैश्विक महामारी का खौफ, तनाव और मौत का भय आज भी हम महसूस करते हैं, लेकिन इबोला वायरस ने नए 'स्वास्थ्य आतंकवाद' का भाव पैदा कर दिया है। अब इबोला सिर्फ कांगो, युगांडा और दक्षिणी सूडान तक ही सीमित नहीं रहा है, बल्कि 10 अन्य अफ्रीकी देश संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। अकेले कांगो में ही करीब 200 मौतें हो चुकी हैं। मौत का कुल आंकड़ा अभी तक 250 के करीब बताया जा रहा है और करीब 1000 लोग संदिग्ध मरीज बताए जा रहे हैं। ये आंकड़े सरकारी हैं, हकीकत नहीं हैं, क्योंकि संदिग्ध मरीजों में से कितने स्वस्थ हो गए हैं अथवा कितनों की मौत हो चुकी है, इसका कोई भी डाटा सामने नहीं है। इस त्रासद स्थिति से पहले ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इबोला वायरस और संक्रमण को 'वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित कर दिया था। भय, तनाव, असहाय स्थितियां इसलिए भी हैं, क्योंकि अभी तक इबोला 'लाइलाज' है। दुनिया में एक भी टीका या गोली अथवा कैप्सूल ऐसा नहीं है, जो इबोला का इलाज कर सके, लिहाजा इस संक्रमण से मौत की संभावनाएं 25-80 फीसदी तक हैं, यह विशेषज्ञ चिकित्सकों का मानना है। लिहाजा हम मौजूदा दौर को आदमी का 'मृत्यु-काल' मानते हैं। हालांकि सीरम इंस्टीट्यूट, पुणे और ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी संयुक्त रूप से इबोला के टीके पर प्रयोग कर रहे हैं। उन्हें भरोसा है कि आगामी 6 माह में एक कारगर टीका विश्व-बाजार में होगा। सीरम और ऑक्सफोर्ड यूनि. ने कोरोना के टीके 'कोविशील्ड' का व्यापक स्तर पर उत्पादन किया, नतीजतन करोड़ों मरीज स्वस्थ हुए और अंततः कोरोना गायब हो सका। उस टीके का आविष्कार ऑक्सफोर्ड ने किया था, लेकिन सीरम ने उसे विश्व स्तर पर उत्पादित किया। बहरहाल अब रूस का भी दावा है कि उसके विशेषज्ञ डॉक्टर और शोधकर्ता भी इबोला के टीके पर काम कर रहे हैं। बहुत जल्द इबोला का टीका बाजार में आ सकता है! इबोला वायरस और संक्रमण के अधिकतर लक्षण एक-समान लगते हैं। तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, त्वचा पर चकत्ते, उल्टी, दस्त, थकान, बेहद कमजोरी, गले में खराश आदि इबोला वायरस के भी शुरुआती लक्षण हैं। आंख, नाक, कान या मल-मूत्र के रास्ते आंतरिक और बाहरी रक्तस्राव होना भी महत्वपूर्ण लक्षण है। इबोला से संक्रमित जानवरों (चमगादड़ या बंदर) का मांस खाने से भी यह संक्रमण फैलता है। इसका संक्रमण इतना भयावह है कि यूरोपीय देशों, अमरीका, भारत आदि को 'हाई अलर्ट' घोषित और लागू करना पड़ा है। कनाडा ने तो कुछ समय के लिए वीजा जारी करने पर ही रोक लगा दी है। हालांकि भारत में अभी तक इबोला संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है, लेकिन हवाई अड्डों पर विशेष जांच और निगरानी जारी है। संक्रमण के लक्षण पाए जाने के बाद 'आइसोलेशन' (अलग-थलग रखना) का प्रोटोकॉल भी शुरू कर दिया गया है। अफ्रीकी देशों में ही तीन बार इबोला वायरस का संक्रमण फैल चुका है, जिनमें 11,000 से अधिक मौतें हुईं। 1976 से यह वायरस महसूस किया जा रहा है, लेकिन देश घातक, संहारक हथियार तो खरीद कर जमा कर सकते हैं, लेकिन इबोला-रोधी टीके पर आज तक अनुसंधान निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाया, यह भी त्रासद विडंबना ही है। समस्या यह है कि कांगो, युगांडा, सूडान सरीखे देशों में स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा बेहद सीमित है, लिहाजा अस्पताल इबोला के संक्रमित या संदिग्ध मरीजों से पटे हुए हैं। कई अस्पतालों में मरीजों के भागने की खबरें भी सामने आई हैं, क्योंकि अस्पतालों में पर्याप्त, उचित, संतोषजनक इलाज ही उपलब्ध नहीं था। गौरतलब यह है कि इबोला वायरस किसी एक अंग तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) को कमजोर करता है। इसके मुख्य निशाने लिवर, गुर्दे (किडनी), फेफड़े और रक्त वाहिकाएं आदि हैं। बहरहाल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक उच्चस्तरीय बैठक में इबोला के खतरों पर विमर्श किया। भारत सरकार ने परामर्श जारी किया है कि अफ्रीकी देशों की यात्रा से बचें। यदि बहुत जरूरी है, तो स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों और नियमों का सख्ती से पालन करें। यदि ऐसा बचाव जारी रहेगा, तो देश एक और महामारी से बच सकेगा। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस बीमारी का फिलहाल कोई इलाज नहीं है। वैज्ञानिकों को प्राथमिकता के साथ इस रोग का इलाज ढूंढना होगा। केंद्र सरकार को इसके लिए अलग से बजट की व्यवस्था करनी होगी। स्वास्थ्य से जुड़े मसलों के मामले में तेजी से काम होना चाहिए।

# हमारे नेताओं को आईना दिखा गए रुबियो

भारत में यातना (टॉर्चर) को रोकने या उससे निपटने के लिए अब तक कोई विशेष, स्वतंत्र कानून नहीं बन पाया है। यद्यपि भारत ने 1997 में 'संयुक्त राष्ट्र यातना विरोधी सम्मेलन' पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन वर्तमान में यातना से निपटने के लिए भारतीय दंड संहिता और भारतीय संविधान के प्रावधानों का ही उपयोग किया जाता है। यातना निवारण विधेयक 2010 में लोकसभा द्वारा पारित किया गया था, जिसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन की पुष्टि करना और यातना को स्पष्ट रूप से दंडनीय अपराध बनाना था। हालांकि प्रवर समिति को भेजे जाने और संशोधनों की सिफारिशों के बाद, यह विधेयक लैप्स हो गया और कानून का रूप नहीं ले सका। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि भारत में हर साल सैकड़ों लोग हिरासत में मारे जाते हैं



भारत दौरे पर आए अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि दुनिया के हर देश में बेवकूफ लोग होते हैं। हम इन्हें गंभीरता से लेंगे। उन्होंने कहा कि अमरीका में भी बेवकूफ लोग मौजूद हैं। 'क्वाड्रीलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग' (क्वाड) की बैठक में शिरकत करने राजधानी दिल्ली में आए अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अमरीका में भारतीयों पर नस्लीय हमलों को लेकर यह जवाब दिया। रुबियो ने कहा कि मैं नस्लभेदी कमेंट्स को बहुत गंभीरता से लूंगा। मुझे यकीन है कि ऐसे लोग हैं जिन्होंने ऑनलाइन और दूसरी जगहों पर कमेंट्स किए हैं, क्योंकि दुनिया के हर देश में बेवकूफ लोग मौजूद होते हैं। मुझे यकीन है कि यहां भी बेवकूफ लोग हैं, यूनाइटेड स्टेट्स में भी बेवकूफ लोग हैं जो हर समय बेवकूफी भरे कमेंट्स करते हैं। यूनाइटेड स्टेट्स एक बहुत ही वेलकमिंग देश है। दुनिया भर से हमारे देश में आने वाले लोगों से फायदा हुआ है। अमरीकी विदेश मंत्री को शायद अंदाजा होगा कि नस्लवाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और क्षेत्रवाद भारत के अभिन्न अंग हैं। इन मुद्दों पर राजनीति करके देश को कमजोर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने में भारत के राजनीतिक दल ही सबसे आगे हैं। इसमें चाहे विपक्ष हो या सत्ता पक्ष, कोई भी अपने राजनीतिक स्वार्थों को भुनाने में पीछे नहीं रहता। सत्ता में जो भी राजनीतिक दल होता है, वह यंत्रणा और क्रूरता को कानूनी आड़ में जायज ठहराने का प्रयास करता है। इसका देश में सबसे बड़ा उदाहरण है पुलिस हिरासत में होने वाली मौतें।

अमरीका में एक अश्वेत युवक की पुलिसकर्मियों ने हत्या कर दी थी। इससे पूरे अमरीका में बवाल मच गया था। 25 मई 2020 को मिनियापोलिस शहर में डेरेक शॉविन नामक एक श्वेत पुलिस अधिकारी ने जॉर्ज फ्लॉयड नाम के निहत्थे अश्वेत व्यक्ति की गर्दन पर लगभग 9 मिनट तक अपना घुटना दबाए रखा था, जिससे दम घुटने से उनकी मौत हो गई थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद 'ब्लैक लाइव्स मैटर' आंदोलन के तहत अमरीका के सभी 50 राज्यों में ऐतिहासिक प्रदर्शन हुए। आरोपी पुलिस अधिकारी को हत्या का दोषी ठहराया गया और 2021 में उसे 22.5 साल की जेल की सजा सुनाई गई। इसके विपरीत भारत में पुलिस हिरासत में मौतें साधारण घटनाओं में शुमार हैं। सरकारी तंत्र को ऐसी मौतों से खास फर्क नहीं पड़ता। सरकार ऐसी मौतों को कभी गंभीरता से नहीं लेती। कारण साफ है ऐसी मौतों में कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर सत्तातंत्र जिम्मेदार होता है। यही वजह है कि हिरासत में मौतें जैसे बेहद अमानवीय और संवदेनशील मुद्दे पर भी सरकारें खामोश रहती हैं। विपक्ष जरूर कुछ शोर मचाता है, किन्तु विपक्ष जब सत्ता में रहा होता है, तब भी ऐसी मौतें होती रही हैं, इसलिए सत्ता पक्ष द्वारा गढ़े मुर्दे उखाड़े जाने के भय से विपक्ष प्रायः चुप्पी ही साधे रहता है। अदालतों ने भारत में पुलिस हिरासत में मौतें रोकने के प्रयास किए हैं, किन्तु सफल नहीं हो पाई। सुप्रीम कोर्ट ने हिरासत में होने वाली हिंसा को व्यवस्था पर धब्बा बताया था। ऐसी मौतों के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सख्त सवाल पूछा था कि क्या केंद्र सरकार हमें हल्के में ले रही है? सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा, 'अब यह देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर धब्बा है। हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं।' शीर्ष अदालत ने पूरे भारत के पुलिस स्टेशनों में काम न कर रहे सीसीटीवी कैमरों के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई करने के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ यह सख्त टिप्पणी की थी। हिरासत में मौतों पर अपवादस्वरूप ही दोषी पुलिसकर्मियों को अदालतों से सजा मिल पाती है।

अप्रैल 2026 में, एक ऐतिहासिक और दुर्लभतम फैसले में मदुरै की एक अदालत ने वर्ष 2020 में पुलिस हिरासत में एक पिता (पी. जयराज) और पुत्र (जे. बेनिक्स) की बेरहमी से हत्या करने के मामले में 9 पुलिसकर्मियों को फांसी (मृत्युदंड) की सजा सुनाई। जबकि अधिकतर मामलों में सबूतों के अभाव या गवाहों के मुकरने के कारण पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराना मुश्किल होता है, जिसके चलते कई मामलों में पुलिसकर्मियों को केवल विभागीय कार्रवाई का सामना करना पड़ता है या वे बरी हो जाते हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अनुसार वर्ष 2024 में 2739 लोगों की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। हिरासत में यातना सत्ता तंत्र की शक्ति और संवैधानिक मूल्यों का घोर दुरुपयोग है। ऐसा इसलिए, क्योंकि हिरासत में रखे गए लोग कमजोर और असुरक्षित स्थिति में होते हैं और वहां शक्ति का संतुलन भी उनके खिलाफ होता है। जवाबदेही तय करने की स्वतंत्र जांच नहीं हो पाती है, क्योंकि हिरासत में हुई मौतों की जांच अक्सर उसी पुलिस विभाग द्वारा की जाती है, जिनके संरक्षण में ऐसी घटना घटित होती है।

यातना के उपयोग को पुलिस बल के भीतर हिंसा की संस्कृति को बढ़ावा देने से जोड़ा गया है। भारत में यातना (टॉर्चर) को रोकने या उससे निपटने के लिए अब तक कोई विशेष, स्वतंत्र कानून नहीं बन पाया है। यद्यपि भारत ने 1997 में 'संयुक्त राष्ट्र यातना विरोधी सम्मेलन' पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन वर्तमान में यातना से निपटने के लिए भारतीय दंड संहिता और भारतीय संविधान के प्रावधानों का ही उपयोग किया जाता है। यातना निवारण विधेयक 2010 में लोकसभा द्वारा पारित किया गया था, जिसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन की पुष्टि करना और यातना को स्पष्ट रूप से दंडनीय अपराध बनाना था। हालांकि प्रवर समिति को भेजे जाने और संशोधनों की सिफारिशों के बाद, यह विधेयक लैप्स हो गया और कानून का रूप नहीं ले सका। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि भारत में हर साल सैकड़ों लोग हिरासत में मारे जाते हैं। उनका कहना है कि संदिग्धों से जबरन कबूलनामा निकलवाने के लिए यातना और दुर्व्यवहार करना पुलिसिंग का हिस्सा बन गया है।

# पंजाब त्रिस्तरीय निकाय चुनाव के दलगत, क्षेत्रीय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सियासी मायने अहम

पंजाब के त्रिस्तरीय शहरी निकाय चुनाव- नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत- सिर्फ स्थानीय सत्ता का संघर्ष नहीं हैं, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव का "सेमीफाइनल" माने जा रहे हैं। ये चुनाव सिर्फ स्थानीय प्रशासनिक चुनाव नहीं हैं, बल्कि ये पंजाब की बदलती क्षेत्रीय राजनीति, राष्ट्रीय दलों की रणनीति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की संघीय लोकतांत्रिक छवि से भी जुड़े हुए हैं। यही वजह है कि 2026 के इन चुनावों को 2027 विधानसभा चुनाव का सबसे बड़ा "पॉलिटिकल टेस्ट" माना जा रहा है।




पंजाब नगर निकाय चुनाव 2026 के चुनाव आयोग और मतगणना से जुड़े अब तक के मुख्य आंकड़े निम्नलिखित हैं- कुल 102 शहरी निकायों- नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों- में चुनाव हुए, जहां मतदान प्रतिशत लगभग 63.94% दर्ज किया गया। नगर पंचायतों में सबसे अधिक 76.18% मतदान हुआ। नगर निगम क्षेत्रों में सबसे कम लगभग 59.91% मतदान दर्ज हुआ। नगर परिषदों में लगभग 65.06% मतदान हुआ। कुल 1,896 वार्डों के लिए मतदान कराया गया। लगभग 7,555 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें से 79 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। इस चुनाव में अब तक आए नतीजों और घोषित रुझानों के अनुसार आम आदमी पार्टी ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस मुख्य विपक्षी पार्टी बनी है। आप ने लगभग 886 वार्ड जीते। जबकि कांग्रेस ने लगभग 358 वार्ड जीते। वहीं शिरोमणि अकाली दल (SAD) को 191-192 वार्ड, भाजपा को 172 वार्ड, बसपा को 7 वार्ड, और निर्दलीय उम्मीदवारों को 251 वार्ड पर जीत मिली। वहीं सीट प्रतिशत के हिसाब से मोटे अनुमान के मुताबिक, आप ने लगभग 50% के आसपास वार्ड, कांग्रेस ने लगभग 20% वार्ड, एसएडी ने लगभग 9% वार्ड, बीजेपी ने लगभग 7% वार्ड और बीएसपी सहित अन्य ने लगभग 14% सीटो पर जीत व बढ़त हासिल की है।

जहाँ तक वोट प्रतिशत का सवाल है, तो विभिन्न मीडिया रिपोर्टों और संकलित रुझानों के अनुसार दल और अनुमानित वोट प्रतिशत इसप्रकार हैं- आम आदमी पार्टी को लगभग 41-44%, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को लगभग 24-27%, भारतीय जनता पार्टी को लगभग 13-16%, शिरोमणि अकाली दल को लगभग 10-13% और निर्दलीय व अन्य लगभग 5-8% वोट हासिल हुए हैं। इस प्रकार आप का वोट शेयर सबसे अधिक रहा, जबकि कांग्रेस दूसरे नंबर पर, शिरोमणि अकाली दल तीसरे नम्बर पर रही और इसने ग्रामीण-सिख बेल्ट में कुछ आधार वापस पाया, जबकि बीजेपी चौथे स्थान पर जाकर कुछ शहरी पॉकेट्स तक सीमित रही। आधिकारिक वोट प्रतिशत का सबसे विश्वसनीय डेटा sec.punjab.gov.in पर उपलब्ध है।

अब जिस तरह से इन चुनावों के नतीजे आए हैं, उसने यह तय कर दिया है कि राज्य की राजनीति में आम आदमी पार्टी की जमीन मजबूत हो रही है और कांग्रेस, भाजपा, एसएडी जैसे विपक्षी दल बचाव की मुद्रा में आ चुके हैं। लिहाजा पंजाब त्रिस्तरीय शहरी निकाय चुनाव के दलगत, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सियासी मायने अहम हैं। आइए जानते हैं कि इन चुनावों से पंजाब की राजनीति के मद्देनजर दलगत यानी किस दल के लिए क्या निकलते हैं?

पहला, आप (AAP) अपने जनविश्वास की परीक्षा में सफलः मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के लिए यह चुनाव सत्ता में आने के बाद शहरी जनसमर्थन मापने का अवसर था, जो बड़ी जीत के साथ उम्मीदों पर खरा उतरा। निकायों में मजबूत जीत मिली है। इससे यह संदेश गया कि पंजाब में आप सिर्फ "वैकल्पिक प्रयोग" नहीं, बल्कि स्थायी राजनीतिक शक्ति बन चुकी है। आप की बड़ी जीत इसी ओर संकेत करती है। आप (AAP) के लिए ये चुनाव सबसे अहम थे क्योंकि वह राज्य की सत्ता में है। नगर निकायों में मजबूत प्रदर्शन से यह संदेश गया कि जनता अभी भी मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार पर भरोसा कर रही है। इसमें आप के लिए फायदे की बात यह है कि शहरी वोट बैंक पर पकड़ मजबूत होने से "दिल्ली मॉडल" की तरह "पंजाब मॉडल" को भी प्रचारित करने का अवसर मिला। साथ ही विपक्ष के बिखराव का भी लाभ मिला।

## रील्समय सब जग जानी

पत्रकारिता के जब भी नए माध्यम सामने आए, पुराने माध्यम के खात्मे की आशंका जताई जाती रही। हालांकि नए माध्यम के किंचित गुणों के साथ प्रतियोगिता और साम्यता बरतते हुए पुराने माध्यम ने जहां खुद को ज्यादा प्रतियोगी बनाया। हर नए माध्यम के अवतार और विकास के मूल में नई तकनीक रही है।

सियाराम मय सब जग जानी...। तुलसी के लिए समूचा विश्व ही श्रीराम और सीता की तरह रहा। आज की पत्रकारिता पर जिधर भी नजर फिराएं, कुछ उसी तरह टीवी मय ही लगती है। लगता नहीं कि मीडिया की की दुनिया में अखबार भी हैं, पत्रिकाएं भी हैं, रेडियो भी है और सबसे अहम इंटरनेट भी है। दो सौ साल की हिंदी पत्रकारिता का इतिहास गरिमा के सोपानों से भरा हुआ है। नवजागरण को बढ़ावा देने, राष्ट्र निर्माण और सार्वजनिक जीवन मूल्यों की स्थापना में हिंदी पत्रकारिता ने महती भूमिका निभाई है। स्वाधीनता आंदोलन की कोख से उपजी हिंदी पत्रकारिता ने स्वाधीनता की लड़ाई भी लड़ी, हिंदी भाषा और साहित्य के उत्थान का माध्यम भी बनी, लेकिन दो सौ साल की यात्रा के उपरांत बाद के वर्षों के उसके इतिहास को देखते हैं तो वह सिर्फ टीवीमय नजर आती है, टीवी से भी आगे बढ़कर वह रीलमय नजर आती है। छापे से शुरू हिंदी पत्रकारिता का यह रूप छापे और रेडियो की उपस्थिति के बावजूद आज वह रील्स के इर्द-गिर्द घूमती नजर आ रही है। टेलीविजन तक तो स्थिति ठीक थी, लेकिन उसके बाद की जब तकनीक के सहारे टीवी की दुनिया में चुपके से रील्स ने दखल देनी शुरू की तो स्थितियां बदलने लगीं। हर नई तकनीक की अपनी कुछ खासियत होती है और इसके साथ ही वह अपना चरित्र भी विकसित करती है। रील्स का जो चरित्र विकसित हुआ है, उसमें उथलापन ज्यादा है, गंभीरता कम है।

इसे समझने के लिए छापा यानी प्रेस से मीडिया तक की यात्रा को गंभीरता से देखना और समझना होगा। रेडियो के आविष्कार और फिर टेलीविजन के विस्तार के पहले तक पत्रकारिता की बुनियाद में छापेखाने ही रहे। शुरूआती दौर में पत्रकारिता को प्रेस इसी वजह से कहा गया। जब तक उसकी पहचान के साथ प्रेस जुड़ा रहा, उसके प्रति विशिष्टताबोध बना रहा। टेलीविजन के विस्तार और बजरिए इंटरनेट माध्यमों की आवाजाही ने इस विशिष्टाबोध युक्त पहचान को मीडिया में रूपांतरित कर दिया है। इस यात्रा में मोटे तौर पर पत्रकारिता के दो रूप दिखते हैं। स्वाधीनता आंदोलन की कोख से जन्मे छापे की पत्रकारिता कोख में मिले संस्कारों को अब तक कमोबेश अपनाए रखा है। बाद में आए रेडियो और टीवी में तकनीक भले ही प्रधान रहा,लेकिन उनके मूल में भी छापे की ही पत्रकारिता रही। इसके बावजूद तकनीक प्रधान और अत्याधुनिक माध्यम टीवी छापे की बुनियादी मूल्यों से काफी दूर दिखता है।

## कॉकरोच ने बड़ा दुख दीना

सचमुच में इस कॉकरोच ने जीना हराम कर दिया है। पहले तो किचन और बाथरूम से कॉकरोच खत्म नहीं हो रहे थे और अब फेसबुक इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर पहुंच गए हैं। यानी सोशल मीडिया में भी कॉकरोच ने कब्जा कर लिया है। कोई हिट कारगर साबित नहीं हो रही। जितने कॉकरोच मारता हूंजितने कॉकरोच ब्लॉक करता हूं, उतने ही कॉकरोच और बढ़ जाते हैं, नई समस्या खड़ी हो गई है। इतनी समस्या तो महंगाई से भी नहीं हुई। इतनी समस्या पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम से भी नहीं हुई। इतनी समस्या तो रसोई गैस की कमी से भी नहीं हुई। इतनी समस्या तो सोने के दाम बढने से भी नहीं हुई। इतनी समस्या तो नेताजी की वादा खिलाफी से भी नहीं हुई, जितनी समस्या इन कॉकरोचों ने खड़ी कर दी है। दिन हो या रात, सुबह हो या शाम बस कॉकरोच निरंकुश होकर घूम रहे हैं जैसे देश में लोकतंत्र नहीं, कॉकरोचों का ही साम्राज्य हो। पहले कॉकरोच सिर्फ नाली में मिलते थे। अब ज्ञान की नाली में भी तैर रहे हैं। किचन वाले कॉकरोच तो फिर भी शरीफ थे। रोटी देखते थे और भाग जाते थे। ये सोशल मीडिया वाले कॉकरोच बड़े खतरनाक निकले। ये आदमी को देखकर दौड़े चले आते हैं। जैसे ही मोबाइल खोला नहीं कि एक कॉकरोच कमेंट बॉक्स से निकल पड़ा- 'सर आपकी जानकारी गलत है।' दूसरा बोला- 'पहले खुद पढ़ लो।' तीसरा बोला- 'यह सब फेक है।' चौथा बोला- 'मैं पंद्रह साल से ज्योतिष कर रहा हूं।' अब आदमी समझ नहीं पा रहा कि ज्योतिषी ज्यादा हो गए हैं या कॉकरोच। पहले मोहल्ले में एक पंडित होता था। पूरा मोहल्ला उसी से कुंडली दिखाता था। अब हर दूसरा कॉकरोच रील बनाकर ग्रहों को उल्टा-सीधा घुमा रहा है। एक कॉकरोच तो ऐसा मिला जो कह रहा था- 'शनि अब मंगल की स्पीड से चलेगा।' मैंने कहा- 'भाई, ग्रह हैं या हरियाणा रोडवेज की बस?' लेकिन कॉकरोच आत्मविश्वास से भरा था। आजकल ज्ञान कम और आत्मविश्वास ज्यादा बिक रहा है। एक जमाना था जब लोग किताबें पढ़ते थे। अब लोग थंबनेल पढ़ते हैं। थंबनेल में लिखा होगा- 'चार राशियां बनेंगी राजा!' अब बेचारा आदमी अपनी राशि देखकर खुद को महाराजा रणजीत सिंह समझने लगता है। लेकिन अगले दिन दूध वाला उधार मांग लेता है तो सारा राजयोग बाहर निकल जाता है।

# केवल नौकरी बचाने की नहीं बल्कि विश्वास और सम्मान की लड़ाई

टीईटी अनिवार्यता प्रकरण को लेकर 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की लड़ाई केवल नौकरी बचाने की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह उस विश्वास और सम्मान की लड़ाई है जो उन्होंने वर्षों तक बच्चों को शिक्षित करते हुए अर्जित किया है। जब देश के दूरदराज़ गांवों, कस्बों और विद्यालयों में शिक्षक नियुक्त हुए थे, उस समय टीईटी जैसी कोई अनिवार्यता लागू नहीं थी। उन्होंने सरकार की निर्धारित योग्यता और चयन प्रक्रिया के आधार पर नियुक्ति प्राप्त की, विद्यालयों को संभाला, शिक्षा की अलख जगाई और हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा। आज उन्हीं शिक्षकों से वर्षों बाद नई शर्तें लागू कर सेवा में बने रहने का अधिकार छीनना न्याय और संवैधानिक मूल्यों दोनों के विपरीत प्रतीत होता है।

RTEAct की धारा 23(1) और 23(2) का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना था, न कि पहले से कार्यरत अनुभवी शिक्षकों को असुरक्षा और मानसिक पीड़ा देना। 2017 में जो संशोधन और परन्तुक जोड़े गए, उन्होंने उन शिक्षकों पर भी टीईटी की बाध्यता थोप दी जो वर्षों से सफलतापूर्वक सेवा दे रहे थे। यह स्थिति विशेष रूप से उन शिक्षकों के लिए अधिक कष्टदायक बन गई जिन्होंने अपने जीवन का स्वर्णिम समय शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में लगा दिया। अनुभव, सेवा और समर्पण को एक परीक्षा की कसौटी पर रख देना कहीं न कहीं न्याय की मूल भावना को कमजोर करता है।



माननीय न्यायालयों में चल रही बहस ने यह स्पष्ट किया है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की स्थिति बाद में नियुक्त शिक्षकों से भिन्न है। जिन लोगों ने उस समय की वैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत नियुक्ति प्राप्त की, उनके अधिकारों की रक्षा होना आवश्यक है। सेवा में बने रहने के लिए टीईटी को अनिवार्य बनाना उन शिक्षकों के साथ असमानता जैसा है जिन्होंने नियमों के अनुरूप नियुक्ति पाई और वर्षों तक बिना किसी शिकायत के अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। यही कारण है कि इस विषय पर देशभर के शिक्षक न्यायपालिका से संवेदनशील और व्यावहारिक दृष्टिकोण की अपेक्षा रखते हैं यह भी सत्य है कि शिक्षा केवल प्रमाणपत्रों से नहीं चलती, बल्कि अनुभव, समर्पण और विद्यार्थियों के प्रति उत्तरदायित्व से चलती है। जिन शिक्षकों ने दशकों तक विद्यालयों में बच्चों को शिक्षित किया, समाज को दिशा दी और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया, उन्हें अचानक अयोग्य मान लेना उचित नहीं कहा जा सकता। यदि किसी शिक्षक की नियुक्ति वैध थी और उसने वर्षों तक सफलतापूर्वक सेवा दी है, तो उसे सेवा में बने रहने का पूर्ण अधिकार मिलना चाहिए। आज आवश्यकता इस बात की है कि 2017 में जोड़े गए संशोधनों और परन्तुकों पर पुनर्विचार हो तथा 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक शिक्षिकाओं को सेवा में बने रहने के लिए टीईटी से स्थायी राहत दी जाए। न्याय का अर्थ केवल कानून की कठोर व्याख्या नहीं, बल्कि परिस्थितियों और मानवीय पक्ष को समझना भी होता है। जिन शिक्षकों ने अपना पूरा जीवन शिक्षा को समर्पित किया, उन्हें सम्मानपूर्वक सेवा जारी रखने का अवसर मिलना चाहिए। यही संवैधानिक न्याय, समानता और मानवीय संवेदना की सच्ची भावना होगी।

-डॉ. राजवीर सिंह

## एक नजर



### 'बचपन डे केयर' सेंटर का गेट गिरने से मासूम की मौत; मां चादर बिछाकर लाश लेकर बैठी

**लखनऊ।** राजधानी के निशातगंज स्थिति बचपन डे केयर सेंटर परिसर का शनिवार को मुख्य गेट गिर जाने से एक मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। बहराइच से गर्मियों की छुट्टियां बिताने आठ वर्षीय शिवा कश्यप बच्चा अपनी नानी मीना देवी के घर आया था। बच्चे के मामा राहुल ने बताया शनिवार को सुबह करीब 9 बजे शिवा गेट के पास खेल रहा था, तभी अचानक गेट टूट कर गिर गया और उसमें शिवा की दबकर मौत हो गई। मामा ने बताया कि जब तक लोग पहुंचकर गेट उठाते तब तक काफी देर हो चुकी थी। बच्चे को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। बच्चे के ननिहाल पक्ष के लोगों ने कहा कि ये घटना अधिकारियों की लापरवाही से हुई। नाराज परिजन सेंटर के गेट पर ही शव रखकर धरना देने बैठ गए। बच्चे की मां ललिता देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।

### गृहकर पर 8% छूट पाने का आज आखिरी मौका, रविवार को भी खुलेंगे कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम ने करदाताओं के लिए रविवार को भी कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। गृहकर पर मिल रही 8% की विशेष छूट का लाभ उठाने का रविवार को आखिरी दिन है। इसके बाद पहली जून से छूट की दरों में कटौती कर दी जाएगी। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह के मुताबिक वर्तमान में ऑनलाइन माध्यम से गृहकर जमा करने पर 8 प्रतिशत और ऑफलाइन माध्यम से भुगतान करने पर 6 प्रतिशत की छूट मिल रही है। पहली जून से यह दरें घटकर ऑनलाइन पर 5 प्रतिशत और ऑफलाइन पर 4 प्रतिशत ही रह जाएंगी।

# 'नौसेना शौर्य वाटिका' का किया लोकार्पण
# राजनाथ सिंह ने सीएम योगी की तारीफ

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ में 'नौसेना शौर्य वाटिका' का आज भव्य लोकार्पण हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी इस परियोजना का उद्घाटन किया। भारतीय नौसेना के शौर्य, पराक्रम और तकनीकी क्षमता को समर्पित यह वाटिका सीजी सिटी में विकसित की गई है। यहां स्थापित रिटायर्ड युद्धपोत INS गोमती पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण होगा।

यह वाटिका इकाना क्रिकेट स्टेडियम के गेट नंबर-5 के पास विकसित की गई है। लगभग 19 करोड़ की लागत से 2 एकड़ से अधिक क्षेत्र में तैयार यह वाटिका भारतीय नौसेना के शौर्य, पराक्रम और आधुनिक तकनीकी क्षमता को समर्पित की गई है। वाटिका



का सबसे बड़ा आकर्षण भारतीय नौसेना का सेवानिवृत्त युद्धपोत INS गोमती है। यह युद्धपोत 28 मई 2022 को नौसेना सेवा से सेवानिवृत्त हुआ था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, लखनऊ अब देश की विरासत, परंपरा और गौरव का एक स्थान बन गया है, जहां आने वाला कोई भी व्यक्ति इन सबको एक जगह देख सकता है। आकाश की ऊंचाइयों को छूने के लिए विराट सोच चाहिए। सुरक्षा का मजबूत माहौल ही विकास की गारंटी है। 2017 से पहले यूपी में पेशेवर माफिया विकास में रोड़ा बनते थे। देश के लिए खतरा पैदा करने वाले के साथ अहिंसा नहीं, उसी भाषा में जवाब देना होगा, जिसके लिए भारतीय सेना निरंतर कार्यरत है। उन्होंने सेना से जुड़े किसी भी प्रस्ताव को तुरंत स्वीकार करने का आश्वासन भी दिया।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, यूपी की राजधानी लखनऊ हमेशा शौर्य का केंद्र है। यहां के लोगों ने 1857 की क्रांति में लोहा लिया और अंग्रेजों को मौत के घाट उतार दिया। लखनऊ में ट्रेन एक्शन, कारगिल शहीद और अन्य वीरों की यात्रा लखनऊ की धरती को महान बनाई। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- प्रयागराज में कुंभ-महाकुंभ मेले के दौरान पूरे देश ही नहीं, विश्व के लोग आते हैं। उस दौरान वहां पर नौसेना की प्रदर्शनी लगाई जाए। इससे लोग हमारी नौसेना की शक्ति को नजदीक से जान सकेंगे। हमारे ब्रह्मोस की शक्ति का पता पाकिस्तान वालों को चल चुका है। हमने ऑपरेशन सिंदूर में उनके यहां ब्रह्मोस भेज दिया था।

## अब सुरक्षित माहौल में पढ़ेंगे नौनिहाल: यूपी के 1.40 लाख से अधिक स्कूलों का होगा सेफ्टी ऑडिट, परखी जाएगी सुरक्षा व्यवस्था

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यापक सुरक्षा ऑडिट एवं जोखिम आकलन (रिस्क असेसमेंट) कराने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत राज्य के 1,40,555 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार इस अभियान में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट, माध्यमिक विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को शामिल किया गया है।

सरकार का उद्देश्य लाखों विद्यार्थियों को अधिक सुरक्षित और संरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में विद्यालयों का वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के आधार पर निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान विद्यालय भवनों की संरचनात्मक स्थिति, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आपदा प्रबंधन की तैयारी, स्वच्छता सुविधाएं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा परिसर की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा। साथ ही संभावित जोखिमों की पहचान कर उनके निवारण के लिए विस्तृत सुझाव भी तैयार किए जाएंगे।

इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के माध्यम से चयनित एजेंसी बेनेट कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड (बीसीसीएल) के साथ समझौता किया। इस अवसर पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी, प्रभारी निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुरेंद्र कुमार तिवारी, निदेशक बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल तथा बीसीसीएल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी कुलदीप पाठक और मुख्य प्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख बृजेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

## टनकपुर में मेडिकल स्टोरों की सघन जांच, अनियमितता मिलने पर कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चम्पावत।** जनपद के टनकपुर क्षेत्र में दवाओं की बिक्री एवं भंडारण व्यवस्था को लेकर शनिवार को प्रशासन ने सघन निरीक्षण अभियान चलाया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं औषधि नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण अभियान के दौरान कुल छह मेडिकल प्रतिष्ठानों की जांच की गई। टीम ने दवा दुकानों में सीसीटीवी व्यवस्था, दवाओं के रख-रखाव, लाइसेंस संबंधी प्रावधानों तथा खरीद-बिक्री के अभिलेखों का परीक्षण किया। जांच के दौरान एक मेडिकल स्टोर पर अधिकृत फार्मासिस्ट मौजूद नहीं मिला। नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रतिष्ठान की दैनिक दवा बिक्री



एवं खरीद गतिविधियों पर तत्काल रोक लगा दी गई। इसके अलावा दो अन्य मेडिकल स्टोरों में अभिलेखों के सत्यापन में खामियां पाए जाने पर संचालकों को नोटिस जारी कर निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान संचालकों को मानस पोर्टल की उपयोगिता की जानकारी देते हुए नशा उन्मूलन से जुड़े जनजागरूकता कार्यक्रमों में सहयोग करने की अपील की। साथ ही टोल फ्री हेल्पलाइन 1933 के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया। प्रशासन ने कहा कि दवा कारोबार से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों को निर्धारित नियमों एवं लाइसेंस शर्तों का पूर्ण पालन करना होगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में इस प्रकार के निरीक्षण अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। संयुक्त टीम में औषधि निरीक्षक हर्षिता के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र अमित कुमार, राधिका अधिकारी एवं किरन जोशी शामिल रहे।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर उत्कृष्ट पत्रकारों को शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर किया गौरवान्वित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंपावत।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जनपद चंपावत में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित कर उनकी सेवाओं को सराहा गया। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने प्रतिभाग कर हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली परंपरा और वर्तमान चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। शनिवार को सूचना विभाग सभागार में चंपावत जिला पत्रकार संगठन के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सूचना अधिकारी अनुज कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर दत्त पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में जिलेभर से आए पत्रकारों ने मुख्य अतिथि और जिला सूचना अधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।



उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि शंकर दत्त पांडे एवं अन्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि शंकर दत्त पांडे ने सभी पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज की समस्याओं, पीड़ा और जनभावनाओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता के सामने कई चुनौतियां खड़ी हैं। निष्पक्ष और तथ्यपरक पत्रकारिता करना पहले की अपेक्षा अधिक कठिन हो गया है, फिर भी पत्रकार समाजहित और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों से सत्य, निष्पक्षता और जनसरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में सतीश जोशी, हरीश पांडे, दीपक धामी, दीपक फुलेरा, ललित मोहन जोशी, पंकज पाठक और विनोद चतुर्वेदी शामिल रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास, वर्तमान परिदृश्य और डिजिटल युग में पत्रकारिता की बदलती भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज को जागरूक करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन जिला पत्रकार संगठन के महामंत्री गिरीश बिष्ट ने किया। समारोह में संगठन के जिला अध्यक्ष चंद्र बल्लभ ओली सहित चंद्रशेखर जोशी, राजेश देऊपा, जया पुनेठा, देवेंद्र चंद्र देवा, दिनेश भट्ट, सुरेश उप्रेती, जीवन वर्ती, शुभम गौड़, कुंदन बिष्ट, लक्ष्मण बिष्ट, बाबूलाल यादव, दिनेश खर्कवाल, अर्जुन सिंह, रूपेश कुमार प्रजापति, सूरी पंत, मार्टिन माइकल, जगदीश जोशी, प्रकाश भट्ट, विपिन चंद्र जोशी, नवीन भट्ट, महेश चौड़ाकोटी समेत जिलेभर से आए पत्रकार उपस्थित रहे।

## डीएम ने चौपाल में सुनी जनता की हुंकार, अधिकारियों को मौके पर दिए निर्देश

### मुख्यमंत्री धामी के 'सरकार जनता के द्वार' विजन को मिला धरातल पर बल, ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का भरोसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "आदर्श चम्पावत" और "सरकार जनता के द्वार" विजन को धरातल पर उतारते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार शनिवार को सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचे। विकासखंड चम्पावत की ग्राम पंचायत श्याला स्थित सिद्धपीठ बाबा मंदिर परिसर में आयोजित चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

चौपाल में ग्रामीणों ने जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा, पेयजल, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने सिद्धपीठ बाबा मंदिर के सौंदर्यीकरण और मंदिर परिसर में स्थापित ट्रांसफार्मर को अन्यत्र स्थानांतरित करने की



मांग भी रखी। जिलाधिकारी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत की ओर से दीपा जोशी ने ग्रामीणों की समस्याओं को विस्तार से रखा।

वहीं राजकीय इंटर कॉलेज सूखीढ़ांग की इंटरमीडिएट टॉपर छात्रा पूर्णिमा आर्या ने उच्च शिक्षा के लिए सरकारी सहायता की मांग की। जिलाधिकारी ने छात्रा को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान शंकर जोशी ने सूखीढ़ांग स्थित शिशु मंदिर विद्यालय के अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग उठाई। इस पर जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को तत्काल इस्टीमेट तैयार कर आवश्यक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जनपद में चल रहे "नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त देवभूमि" अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री संस्कृति संवर्धन पहल—"कला, परंपरा और पहचान" कार्यक्रम के अंतर्गत गौरा मैया कीर्तन मंडली, जौल को संस्कृति संवर्धन किट भेंट की। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि यह पहल लोक संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ समाज में सकारात्मक चेतना जागृत करने और युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने का सशक्त माध्यम बन रही है। लोक संस्कृति, भजन-कीर्तन, पारंपरिक कला और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महिला कीर्तन मंडली की सदस्याओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अभिनव पहल से लोक संस्कृति को नई ऊर्जा मिली है तथा महिलाओं को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का प्रभावी मंच प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल, राजस्व उपनिरीक्षक, श्रीमती दीपा जोशी, श्रीमती रेनू सामंत, श्रीमती द्रोपती देवी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

## 26 एआरटीओ के ट्रांसफर, लखनऊ समेत 9 जिलों के आरटीओ भी बदले

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में शनिवार को ब्यूरोक्रेसी में उस वक्त हलचल मच गई, जब परिवहन विभाग ने 26 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों (ARTO)और 9 संभागीय परिवहन अधिकारियों (RTO) के तबादले कर दिए। दरअसल, परिवहन विभाग के विशेष सचिव के.पी. सिंह के आदेश से प्रवर्तन और प्रशासन विंग के कई अधिकारियों की पोस्टिंग में बड़े बदलाव किए गए हैं। यह फेरबदल प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और विभिन्न जिलों में लंबे समय से चली आ रही रिक्तियों को भरने के उद्देश्य से किया गया है।

वहीं सबसे चर्चित बदलाव लखनऊ और आगरा में देखने को मिला। आगरा के RTO (प्रशासन) अरुण कुमार वाष्णेय को राजधानी लखनऊ का नया RTO (प्रशासन) बनाया गया है। लखनऊ के मौजूदा RTO (प्रशासन) संजय कुमार तिवारी को आगरा भेज दिया गया। साथ ही लखनऊ परिक्षेत्र के ARTO (प्राविधिक) हिमांशु जैन को अब ARTO (प्रशासन) विस्तार पटल, देवा रोड, लखनऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अयोध्या में भी महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। अयोध्या के RTO (प्रवर्तन) विश्वजीत प्रताप सिंह को वहीं RTO (प्रशासन) की जिम्मेदारी दे दी गई। जबकि गोरखपुर के RTO (प्रवर्तन) संजय कुमार झा को अयोध्या का नया RTO (प्रवर्तन) बनाया गया है। इसके अलावा अयोध्या की RTO (प्रशासन) ऋतु सिंह को परिवहन आयुक्त मुख्यालय में सहायक परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा/प्रदूषण नियंत्रण) के अहम पद पर तैनात किया गया है। उनकी जगह मुख्यालय के दिनेश कुमार को RTO (प्रवर्तन) अलीगढ़ भेजा गया। गाजियाबाद में प्रवर्तन द्वितीय दल के ARTO मनोज कुमार मिश्रा को गौतमबुद्धनगर, कानपुर देहात की ARTO संगीता यादव को कानपुर नगर, मिर्जापुर से ARTO विजय प्रकाश सिंह को प्रयागराज भेजा गया है।

इसके अलावा श्रावस्ती के ARTO (प्रशासन) विनीत कुमार मिश्र को गाजियाबाद (प्रवर्तन चतुर्थ दल) और बाराबंकी की ARTO (प्रशासन) अंकिता शुक्ला को गाजियाबाद (प्रवर्तन द्वितीय दल) की पोस्टिंग दी गई। बताते चलें कि कानपुर नगर, प्रयागराज, मिर्जापुर, श्रावस्ती, बाराबंकी, प्रतापगढ़, बिजनौर, शामली, एटा, मैनपुरी, कुशीनगर और फतेहपुर समेत कई जिलों में नई तैनातियां हुई हैं।

## जिला आबकारी अधिकारी समेत विभाग में 37 अधिकारियों के तबादले

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने आबकारी विभाग में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जिला आबकारी अधिकारियों (डीईओ) और सहायक आबकारी आयुक्तों (एईसी)के कुल 37 तबादले किए हैं। शासन की ओर से जारी आदेश में अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जारी तबादला सूची के अनुसार अनिल कुमार भारती को देवरिया से जिला आबकारी अधिकारी औरैया बनाया गया है। वहीं संभल के डीईओ अनुपम रंजन को सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन-1 कानपुर, जबकि अरुण कुमार शुक्ला को भदोही से सहायक आबकारी आयुक्त नीलश्री आसवनी सीतापुर भेजा गया है।

मुजफ्फरनगर के डीईओ राकेश बहादुर सिंह को बिजनौर स्थानांतरित किया गया है। उनके स्थान पर रवि शंकर द्वितीय को मुजफ्फरनगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. निरंकार नाथ पाण्डेय को अयोध्या से हटाकर उनके स्थान पर अशोक कुमार प्रथम को तैनात किया गया है। राजेश कुमार यादव को मुजफ्फरनगर में सहायक आबकारी आयुक्त बनाया गया है।

इसके अलावा संजीव कुमार सिंह को मथुरा, वीरेश्वर सिंह को मेरठ, अरविंद कुमार सोनकर को सहारनपुर, अर्चना पाण्डेय को बिजनौर और वरुण कुमार को बिजनौर से आगरा भेजा गया है। संजय कुमार विद्यार्थी को झांसी से संभल, नीरज द्विवेदी को प्रयागराज, हरिशंकर शुक्ला को बदायूं तथा शिशुपाल को मेरठ से गाजियाबाद तैनात किया गया है। इसी क्रम में राजेश कुमार द्वितीय को अलीगढ़ से हापुड़, अभिमन्यु प्रताप सिंह को गाजियाबाद से सहारनपुर, कृष्ण प्रताप सिंह को गोरखपुर से अलीगढ़ तथा प्रकाश सिंह को हापुड़ से श्रावस्ती भेजा गया है।

सख्ती | नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई

## कौशल विकास मिशन के छह ट्रेनिंग सेंटर तीन साल के लिए ब्लैकलिस्ट

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने पारदर्शिता और नियमों के उल्लंघन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बागपत के छह कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों को तीन वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है।

आधिकारिक आदेश के अनुसार, इन संस्थानों पर वित्तीय वर्ष 2026-27 से लेकर 2028-29 तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस अवधि के दौरान इन्हें मिशन की ओर से कोई भी नया काम या प्रोजेक्ट अलॉट नहीं किया जाएगा। मिशन निदेशक ने इन सभी छह केंद्रों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया




है। साथ ही उन्होंने अन्य जिलों के जिलाधिकारियों से उनके जिलों में संचालित कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने का अनुरोध किया है, ताकि युवाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलना सुनिश्चित हो सके। यह पूरी कार्रवाई बागपत के जिलाधिकारी की गोपनीय और विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। दरअसल, जिला कौशल समिति की यह अहम जिम्मेदारी होती है कि जिले में चल रहे सभी प्रशिक्षण केंद्र मानकों के अनुसार सही तरीके से संचालित हों।

इसी क्रम में डीएम बागपत ने 23 मई को जिले के सभी कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का औचक निरीक्षण करवाया था। जांच के दौरान इन छह केंद्रों पर गंभीर अनियमितताएं, मानकों की अनदेखी और गड़बड़ियां पाई गईं। रिपोर्ट मिलते ही डीएम ने इन दागी संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट करने की संस्तुति शासन और मिशन मुख्यालय को भेजी थी। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि किसी भी प्रशिक्षण संस्था द्वारा मानकों की अनदेखी, फर्जीवाड़ा या प्रशिक्षार्थियों के हितों से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बागपत में जिन संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की गई है, वह स्पष्ट संदेश है कि मिशन पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। सभी प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करना होगा, अन्यथा उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### ये छह संस्थान हुए ब्लैकलिस्ट

- भारतीय महिला कल्याण एवं शोध संस्थान
- नक्श वेंचर प्राइवेट लिमिटेड
- मिशन ऑफ स्किल इंडिया फाउंडेशन
- टेक मैक वैल्यूअर एलएलपी
- आर्यभट्ट एजूकेशन रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट समिति
- जन चेतना युवा क्लब

## 15 एफएसएसओ और तीन एफएसओ के हुए तबादले

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग में प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। शनिवार को 15 अग्निशमन द्वितीय अधिकारियों (Fire Station Second Officer) और तीन FSO के तबादले किए गए हैं। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जारी स्थानांतरण सूची के मुताबिक सुशील कुमार को लखनऊ से रायबरेली, मनीराम सरोज को रायबरेली से लखनऊ तथा जितेंद्र कुमार को गौतमबुद्ध नगर से कानपुर नगर भेजा गया है। इसी तरह दुर्गेश कुमार का फिरोजाबाद से झांसी, कुमर पाल सिंह का हाथरस से गौतमबुद्ध नगर, शीशपाल सिंह का बिजनौर




से मुरादाबाद और सुभाष चंद्र का बिजनौर से हाथरस तबादला किया गया है। वहीं महन्थू को प्रयागराज से गोरखपुर, दीपचंद्र को वाराणसी से गोरखपुर, वनारसी दास को अलीगढ़ से लखनऊ, कमलेंद्र कुमार सिंह को लखनऊ से गोरखपुर तथा राजेंद्र प्रसाद को लखनऊ से महाराजगंज भेजा गया है। इसके अलावा मूलचंद्र सिंह तोमर का गाजियाबाद से बिजनौर, रमेश चंद्र का गोरखपुर से वाराणसी, वीर सेन सिंह का महाराजगंज से गौतमबुद्ध नगर, पशुपति नाथ मिश्र का बस्ती से लखनऊ, नसिरुद्दीन खान का सिद्धार्थनगर से प्रयागराज तथा गेनालाल का बहराइच से सिद्धार्थनगर स्थानांतरण किया गया है।

# लाखों रुपये की लागत से बनी घुंघचाई-दियूरियाकला सड़क बदहाल

## जगह जगह सडक टूट कर गढ्ढे में हो रही तब्दील

जागरण मोर्चा, कार्यालय



जर्जर हालत में घुंघचाई दियूरियाकला मार्ग। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** लाखों रुपये की लागत से बना घुंघचाई-दियूरियाकला मार्ग टूटकर गढ्ढों में तब्दील हो रहा है। यह सडक 3.76 लाख रुपये की लागत से बनाई गई थी। यह सड़क करीब कुछ माह पहले ही बनकर तैयार हुई थी,लेकिन अब जगह-जगह से टूट चुकी है। जंगल के अंदर सडक पानी के बहाव से कट गई थी। जिससे आवागमन में बाधित है।

घुंघचाई से लेकर पीटीआर के जंगल से होते हुए दियूरिया कला मार्ग का निर्माण लाखों रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कराया था। निर्माण के दौरान सड़क उखडने पर लोगों ने विरोध कर निर्माण रुकवा दिया था। जिस पर लोक निर्माण विभाग ने फर्म को ब्लैक लिस्टेड कर दिया था। दूसरी संस्था के माध्यम से निर्माण कराया गया था। सड़क करीब निर्माण के करीव पांच माह में ही जर्जर हो गई और जगह जगह गड्ढो में बदल गई। आरोप है कि कार्यदायी संस्था ने मानकों को ताक पर रखकर काम किया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया था। कई जगह पर बजरी पूरी तरह से उखड़ गई है। चार माह पहले आई तेज बारिश से जंगल के अंदर की सड़क पूरी तरह से कट कर पानी में बह गई थी। जिसकी मरम्मत अभी तक नहीं कराई गई है,यह सड़क दो तहसीलों को जोड़ती है। रोजाना बड़ी तादाद में लोग बीसलपुर से पूरनपुर और पूरनपुर से बीसलपुर आते जाते हैं। लेकिन सड़क जर्जर होने से लंबी दूरी लोक तय कर रहे हैं। सड़क की मरम्मत न होने से घने कोहरे में हादसो की आशंका भी लोग जाता रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग गुणवत्ता से निर्माण कराए।

# चंदिया हजारा के समीप नदी किनारे बाढ़ से बचाव को जुटे ग्रामीण

- बाढ़ से बचाव के लिए सक्रिय हो गए ग्रामीण काम में जुटे

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा के समीप नदी के बढ़ते जलस्तर और कटान की आशंका को देखते हुए ग्रामीण बाढ़ से बचाव के लिए सक्रिय हो गए हैं। नदी किनारे बसे लोगों ने संभावित खतरे को देखते हुए स्वयं मोर्चा संभाल लिया है और सुरक्षा इंतजामों में जुट गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने से कटान की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इससे कृषि भूमि के साथ-साथ आबादी क्षेत्र पर भी खतरा मंडराने लगता है। इसी आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने नदी किनारे मिट्टी से भरे कट्टे लगाने और कमजोर स्थानों को मजबूत करने का कार्य शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से भी बाढ़ सुरक्षा संबंधी आवश्यक इंतजाम कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो बारिश के दौरान स्थिति गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों के प्रयासों के बीच प्रशासनिक अधिकारियों ने भी क्षेत्र पर नजर बनाए रखने की बात कही है।

अधिकारियों का कहना है कि नदी के जलस्तर और कटान प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय किए जाएंगे। बरसात का मौसम नजदीक आते ही नदी किनारे बसे गांवों के लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। ऐसे में चंदिया हजारा के ग्रामीण संभावित बाढ़ और कटान से बचाव के लिए अभी से तैयारी में जुटे हुए हैं।

## सार संक्षेप




ज़िला प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत जेपी होटल में आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हो गया। कार्यक्रम के दौरान 11 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली, कार्यकर्ता विकास, सरकार की उपलब्धियां, मीडिया प्रबंधन, बूथ प्रबंधन तथा कार्य विस्तार जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। समापन सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनता के बीच सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान भारतीय योग संस्थान द्वारा योग सत्र का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिला प्रभारी गुलशन आनंद, एमएलसी सुधीर गुप्ता, विभिन्न विधायक, जनप्रतिनिधि एवं जिले भर के भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शासनादेश के इंतजार में ठप पड़े ग्राम पंचायतों के कार्य

**पूरनपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य शासन स्तर से स्पष्ट दिशा-निर्देश और शासनादेश जारी न होने के कारण प्रभावित हो रहे हैं। 26 मई को ग्राम प्रधानों का कार्यकाल पूरा हो गया था।ग्राम प्रधानों ने समय बढाने के लिए सरकार से मांग की थी। जिस पर प्रदेश सरकार ने प्रधानों को ही 6 माह तक जिम्मेदारी देकर कार्यकाल बढा दिया गया। लेकिन अभी तक शासनादेश जारी नही किया गया है। जिससे ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित विकास कार्य शुरू नहीं हो सके हैं। ग्राम पंचायतों में खड़ंजा निर्माण,नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग,पंचायत भवन मरम्मत,सामुदायिक, शौचालयों के रखरखाव सहित अन्य विकास कार्यों की कार्ययोजनाएं तैयार हैं। लेकिन शासनादेश जारी न होने से इन पर अमल नहीं हो पा रहा है। ग्राम प्रधानों का कहना है कि संबंधित दिशा-निर्देश मिलने के बाद ही विकास कार्यों को गति दी जा सकेगी। विकास कार्य ठप होने से ग्रामीण क्षेत्रों में कई अधूरे कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। बरसात का मौसम निकट होने के कारण नाली और जल निकासी संबंधी कार्य समय पर पूरा न होने की आशंका बढ़ गई है। इससे ग्रामीणों में भी चिंता का माहौल है। अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर से आवश्यक दिशा-निर्देश मिलने का इंतजार किया जा रहा है। शासनादेश जारी होते ही ग्राम पंचायतों में स्वीकृत योजनाओं के अनुरूप विकास कार्य शुरू करा दिए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। समय रहते शासनादेश जारी होने पर पंचायतों में रुके हुए कार्यों को गति मिलेगी और ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सकेगा।

### पीलीभीत के एआरटीओ का तबादला, सुशील कुमार मिश्र को मिली जिम्मेदारी

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश शासन ने परिवहन विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 9 क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों (आरटीओ) और 26 सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों (एआरटीओ) के तबादले कर दिए हैं। इस क्रम में पीलीभीत के एआरटीओ को भी हटा दिया गया है। शासन ने उनकी जगह सुशील कुमार मिश्र को पीलीभीत का नया एआरटीओ नियुक्त किया है और उनका तबादला मिर्जापुर कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री स्तर पर पीलीभीत परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली और शिकायतों का संज्ञान लिया गया था। इसके बाद शासन ने विभागीय व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से तबादला सूची जारी की है। नए एआरटीओ सुशील कुमार मिश्र के सामने जिले में परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने, राजस्व वसूली बढ़ाने, ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने और सड़क सुरक्षा नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराने की चुनौती होगी। वहीं परिवहन विभाग से जुड़े लोगों को उम्मीद है कि नए अधिकारी के आने से लंबित कार्यों में तेजी आएगी और आम जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। शासन के इस फैसले को प्रशासनिक जवाबदेही और विभागीय कार्यप्रणाली में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण, बंदियों से जानी समस्याएं



निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने शनिवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किशोर बैरक, अन्य बैरकों तथा जेल अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल में भर्ती बंदियों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि बंदियों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और अन्य सुविधाओं की भी जानकारी ली। साथ ही जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, जेलर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायतों में मिले कूढेदान गायब, जगह-जगह लगे ढेर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायतों में साफ सफाई के लिए दिए गए कूड़ेदान गायब हैं। इसके चलते सफाई व्यवस्था बदहाल पडी हुई है।सफाई व्यवस्था ठीक न होने से बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्राम पंचायतों में तैनात कर्मचारी यदा कदा ही गांव पहुंच रहे है। ग्रामीण खुद ही नालियों की सफाई करने को मजबूर हो रहे हैं।

गांवों को साफ सुथरा बनाए जाने के लिए हर ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए खर्च कर कूड़ेदान दिए गए हैं।इससे कूढा करकट उसमे डाल कर गंदगी न फैल सके।लेकिन कुछ ही दिनों तक गांव में कूढेदान देखने को मिले, उसके बाद कूड़ेदान धीरे-धीरे गायब हो गए।जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।इसके चलते ग्रामीण अंचलों की सफाई व्यवस्था वदहाल है। गांवों में तैनात सफाई कर्मचारी कभी कभार ही सफाई करने पहुंच रहे है। इसके चलते ग्रामीण स्वयं ही नालियों की साफ सफाई करने को मजबूर हो रहे हैं। अधिकारियों की लापरवाही के चलते गायब कूढेदान कहां है इसका पता नहीं लगा पा रहे हैं। जगह-जगह गंदगी के ढेर के अलावा नालियां गंदगी से बज बजा रही है।इसके चलते संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों में देखा जाए तो इस समय सफाई व्यवस्था बदहाल दिख रही है। स्कूल,रास्ते,नालियों व चिकित्सालय से लेकर प्रत्येक जगह गंदगी के ढेर लगे दिखाई दे रहे हैं।

# शेरपुर कलां में प्रधान के अधिकार समाप्त, एडीओ पंचायत बने प्रशासक

**शेरपुर कलां।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के तहत ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में प्रधान के अधिकार समाप्त कर दिए गए हैं। ग्राम पंचायत और पंचायत समिति का कार्यकाल पूरा होने के बाद सहायक विकास अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया गया है। शासन के निर्देशानुसार अब ग्राम पंचायत के सामान्य प्रशासनिक कार्य प्रशासक की देखरेख में संचालित होंगे। किसी भी नए विकास कार्य या नीतिगत निर्णय के लिए सक्षम अधिकारियों की अनुमति आवश्यक होगी।

नई ग्राम पंचायत के गठन और पहली बैठक तक गांव की प्रशासनिक व्यवस्था एडीओ पंचायत के हाथों में रहेगी। आदेश के बाद ग्रामीणों में इसको लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

मुख्य बिंदु - प्रधान के अधिकार समाप्त।
पंचायत समिति का कार्यकाल भी खत्म।
एडीओ पंचायत बनाए गए प्रशासक।
नई ग्राम पंचायत के गठन तक संभालेंगे कार्यभार।

# जिलाधिकारी ने जनगणना सेल का किया औचक निरीक्षण



जनगणना सेल का निरीक्षण करते डीएम। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनगणना सेल का औचक निरीक्षण कर जनगणना-2027 की तैयारियों और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जनगणना से संबंधित अभिलेखों, डाटा संकलन, मकानीकरण एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता और शुद्धता के साथ संपन्न किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके आंकड़े विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण का आधार होते हैं। जिलाधिकारी ने जनगणना सेल की कार्यप्रणाली और उपलब्ध संसाधनों का भी निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए।

# सड़क निर्माण न होने पर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

- निर्माण ना होने पर मतदान बहिष्कार की दी चेतावनी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**पूरनपुर।** क्षेत्र के मझारा महाराजपुर गांव में वर्षों से लंबित सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश शनिवार को खुलकर सामने आया। करीब ढाई किलोमीटर सड़क का निर्माण न होने से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान ग्रामीणों ने "रोड नहीं तो वोट नहीं" के नारे लगाते हुए आगामी चुनावों में मतदान के बहिष्कार की चेतावनी दी,ग्रामीणों का कहना है कि मझारा महाराजपुर को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली लगभग ढाई किलोमीटर लंबी सड़क लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। बराही रेंज क्षेत्र से होकर गुजरने वाला यह मार्ग गांव के लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। लेकिन आज तक इसका निर्माण नहीं कराया गया। बरसात के दिनों में सड़क की स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि सड़क न होने के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों और आम लोगों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बारिश के समय मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने में भी परेशानी होती है, ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। चुनाव के समय सड़क बनवाने के वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद कोई सुनवाई नहीं होती। ग्रामीणों ने शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की मांग की है। इस दौरान प्रदीप कुमार,गुरुदयाल,संतोष,जितेंद्र सहित कई मौजूद रहे।

### रात्रि में युवती अपने प्रेमी के साथ हुई फरार, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती के रात्रि के दौरान अपने प्रेमी के साथ घर से चले जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बावजूद युवती का कोई सुराग नहीं लगने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार रात घर पर थी। शनिवार सुबह वह घर में नहीं मिली। खोजबीन करने पर पता चला कि वह क्षेत्र के एक युवक के साथ चली गई है। परिजनों का आरोप है कि युवक बहला-फुसलाकर युवती को अपने साथ ले गया है। मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि युवती और आरोपी युवक की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। मोबाइल फोन की लोकेशन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोनों की खोजबीन की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। युवती की बरामदगी और मामले की सच्चाई सामने आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# महंगाई और बेरोजगारी को लेकर समाजवादियों का प्रदर्शन




कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते सपाई। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में कार्यकर्ताओं ने एक वाहन को रस्सी से खींचते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन का नेतृत्व सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने किया। कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन ले जाने से रोके जाने पर वह समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता परेशान है, लेकिन सरकार समस्याओं के समाधान में विफल रही है। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांगों से अवगत कराया गया।

### धूल भरी आंधी से मचा हड़कंप, जनजीवन प्रभावित

**पूरनपुर।** शनिवार शाम करीब पांच बजे अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज धूल भरी आंधी चलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आंधी के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित हो गया। आंधी शुरू होते ही सड़कों पर चल रहे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गईं। बाजारों में दुकानदारों ने सामान को सुरक्षित करने के लिए आनन-फानन में इंतजाम किए। धूल के गुबार से दृश्यता भी प्रभावित हुई, जिससे आवागमन में दिक्कतें आईं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी आंधी का असर देखने को मिला।




# तेंदुए की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत बरकरार



- कुछ दिनों से लगातार देखी जा रही है तेंदुए की दस्तक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव रसूलापुर में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेंदुए ने गांव के निकट स्थित एक बाग में तेंदुआ दिखा। इससे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में जंगली जानवरों की गतिविधियां बढ़ी हैं। ग्रामीणों ने बाग के आसपास तेंदुए की मौजूदगी के संकेत देखे थे। कुछ देर बाद बाग में चर रहे एक बछड़े पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। घटना के बाद तेंदुआ पास के खेतों और झाड़ियों की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने अपने बच्चों को घरों से बाहर निकलने से रोक दिया तथा पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर बांध दिया। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही तेंदुए को पकड़ने या उसके मूवमेंट पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। वन विभाग की टीम मौके पर निगरानी कर रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे वन्यजीवों के खतरे से लोगों के साथ-साथ पशुधन की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

गुस्सा | निर्माण कार्य में मानकों की हो रही अनदेखी, लोग परेशान

# शारदा नदी तटबंध के कार्य में अनियमितताओं के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन कर जताई नाराजगी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



घटिया निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**कलीनगर/पूरनपुर।** क्षेत्र के नागरिया खुर्दकला गांव के निकट शारदा नदी तटबंध पर चल रहे मरम्मत कार्य में लोगों ने मानको की अनदेखी करने का विरोध लगाकर विरोध प्रदर्शन कर नारजगी जताई।

शारदा नदी हर वर्ष बरसात के मौसम में विकराल रूप धारण कर लेती है। ऐसे में तटबंध ही क्षेत्र के दर्जनों गांवों को बाढ़ के खतरे से बचाने का प्रमुख साधन है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि तटबंध निर्माण में इसी प्रकार की लापरवाही जारी रही तो आगामी मानसून में क्षेत्र के लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तथा कार्य की निगरानी भी सही ढंग से नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि मौके पर जिम्मेदार अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण नहीं कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि सरकारी धन का सदुपयोग करने के बजाय केवल कागजी कार्रवाई पूरी कर खानापूर्ति की जा रही है। इससे सरकार की योजनाओं का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है और जनता का भरोसा भी कमजोर हो रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य ठीक से नही कराया गया तो क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ेगा। इन समस्याओं को लेकर नागरिया खुर्दकला सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हुए और धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए विभागीय अधिकारियों के खिलाफ रोष व्यक्त कर निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच की मांग की। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व ग्राम प्रधान विवेकानंद ने किया।

इस दौरान ग्राम पंचायत सदस्य चित्तरंजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन और शासन से हस्तक्षेप कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, कोहराम

- दसवें संस्कार से लौटते समय हुआ हादसा, बरेली के निजी अस्पताल में तोड़ा दम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कोतवाली उझानी क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला अपनी ताई के दसवें संस्कार से लौट रही थी, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला ने इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली उझानी क्षेत्र के वरी बाईपास स्थित बाजरा कला निवासी गीता (45) पत्नी मनोज रविवार सुबह करीब नौ बजे अपने घर से रूपपुर गांव के लिए निकली थीं। वहां उनकी ताई का दसवां संस्कार था। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह दोपहर करीब दो बजे वापस अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान शहर के अल्फारिया अस्पताल के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गीता गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। लेकिन हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और महिला को तत्काल बरेली के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद गीता को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।मृतका गीता के परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य बताई जा रही है। उनके पति मनोज कस्बे में एक ज्वेलर्स की दुकान पर मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। गीता के एक बेटी है, जिसकी शादी इसी वर्ष 21 फरवरी को हुई थी। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है और लोग परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं।पुलिस ने मामले की जानकारी मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं, अज्ञात वाहन की तलाश के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की जरूरत को उजागर किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में वाहनों की तेज रफ्तार अक्सर हादसों का कारण बनती है, लेकिन प्रशासन की ओर से इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती।


हादसे की जानकारी देते परिजन।

## सार संक्षेप

### बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो युवकों की मौत

**वजीरगंज ।** थाना क्षेत्र के ग्राम बनकोटा के पास मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे पर शुक्रवार रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों परिवारों में मातम छा गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगतपुर निवासी दिनेश (37) पुत्र चंद्रपाल सिंह बाइक से सिलहरी गांव में एक दावत में शामिल होने जा रहे थे। वहीं बिसौली कोतवाली क्षेत्र के नवादा गांव निवासी गोपी (25) पुत्र गोविंद अपनी नानी के घर खुनक से वापस लौट रहे थे। रोटा और वनकोटा गांव के बीच दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जिले में ओलावृष्टि और तेज बारिश से मौसम हुआ सुहावना, किसानों की बढ़ी चिंता

**बदायूं।** देर शाम करीब सात बजे जिले में मौसम ने अचानक करवट ली। अचानक तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि और बारिश शुरू हो गई। मौसम के इस अचानक बदले मिजाज से जहां नगरवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगीं।

तेज हवाओं के साथ गिरे बड़े-बड़े ओलों से लोगों में कुछ देर के लिए। अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों ने सुरक्षित स्थानों की ओर रुख किया, जबकि बाजारों में भी लोगों को बारिश और ओलों से बचने के लिए दुकानों के शटरों व छज्जों का सहारा लेना पड़ा। नगर के लोगों ने लंबे समय से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत महसूस की और मौसम सुहावना हो गया। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को मूंगफली समेत अन्य फसलों के नुकसान की आशंका सता रही है। किसानों का कहना है कि यदि ओलावृष्टि अधिक देर तक जारी रहती है तो खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। फिलहाल किसानों द्वारा फसलों की स्थिति का आकलन किया जा रहा है। मौसम में आए इस बदलाव ने एक ओर लोगों को गर्मी से राहत दी है, तो दूसरी ओर कृषि क्षेत्र के लिए चिंता बढ़ा दी है।

### किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को दस साल कैद की सजा

**बदायूं।** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष संख्या एक की न्यायाधीश अनीता ने आरोपी को दोषी करार दिया है। उस पर 15500 रुपये का जुर्माना लगाया है। बिनावर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने वर्ष 2022 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि गांव मालिकपुर निवासी राकेश ने उसकी 16 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही घटना से संबंधित सभी साक्ष्य संकलित करते हुए आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। तब से मामला कोर्ट में चल रहा था। शनिवार को न्यायाधीश ने मामले में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

### आयोजकों ने प्रशासन पर अनुमति न देने का आरोप लगाया

**बदायूं।** शहर में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम अब नहीं हो सकेगा। कार्यक्रम की मुख्य आयोजक सुनीता पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल पर आयोजन की अनुमति नहीं दिए जाने के कारण कार्यक्रम को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम की तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं और इस पर लाखों रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

# पत्रकार समाज को नई दिशा दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : बीएल वर्मा

## जन सरोकार से जुड़ी हर समस्या को सिर्फ पत्रकार ही सही पटल पर उठाता है : संजय रुस्तगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बदायूँ में "हिन्दी पत्रकारिता दिवस" के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों और साहित्यकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन ऑल इंडिया रिपोर्टर एसोसिएशन, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, उ. प्र. श्रमजीवी पत्रकार यूनियन एवं नेशनल यूनियन ऑफ़ जर्नलिस्ट्स की बदायूँ इकाई ने किया था। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा एवं मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार संजय रुस्तगी एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीएल वर्मा ने कहा कि

पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है। वह निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ जनहित के मुद्दों को सामने लाकर समाज और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है। उन्होंने सभी पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




मुख्य वक्ता मुरादाबाद से आये वरिष्ठ पत्रकार संजय रुस्तगी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। यह दिन हिन्दी पत्रकारिता के विकास में पत्रकारों, लेखकों, साहित्यकारों के योगदान को स्मरण करने और उन्हें सम्मान देने के लिए समर्पित है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि यह दिन केवल पत्रकारों का नहीं, बल्कि उन मूल्यों का उत्सव है जिन पर लोकतंत्र की नींव टिकी है।जनसरोकार, सत्य, निष्पक्षता और समाज के प्रति जवाबदेही जैसे सिद्धांतों को मजबूत करने में हिन्दी पत्रकारिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह बब्बू ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिन्दी पत्रकारिता केवल समाचारों तक सीमित नहीं रही, उसने जनजागरण का माध्यम बनकर लोगों में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि आज भी गांव, कस्बों और छोटे शहरों की समस्याओं को सामने लाने में स्थानीय पत्रकारों की भूमिका सबसे अहम मानी जाती है। सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने का काम जमीनी पत्रकारिता ही करती है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव ने कहा कि पत्रकारिता केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी है। पत्रकार का काम केवल सूचना देना नहीं, बल्कि तथ्यों की जांच कर सत्य को सामने लाना भी है। निष्पक्षता, विश्वसनीयता और जनहित को सर्वोपरि रखना ही पत्रकारिता की असली पहचान है।

वरिष्ठ समाजसेवी अशोक खुराना ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिन्दी पत्रकारिता केवल समाचारों तक सीमित नहीं रही। उसने जनजागरण का माध्यम बनकर लोगों में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया। अनेक समाचार पत्रों और संपादकों ने ब्रिटिश शासन की नीतियों का विरोध करते हुए जनता की आवाज बुलंद की। इसके लिए कई पत्रकारों को आर्थिक कठिनाइयों, मुकदमों और जेल तक का सामना करना पड़ा। इतिहास गवाह है कि पत्रकारिता ने समाज को जागरूक करने, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

वरिष्ठ पत्रकार शरद शंखधार ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता दिवस का इतिहास 30 मई 1826 से जुड़ा है। इसी दिन उदन्त मार्तण्ड नामक पहले हिन्दी समाचार पत्र का प्रकाशन पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा कोलकाता से शुरू किया गया था. उस दौर में हिन्दी भाषी समाज तक समाचार पहुंचाने का कोई सशक्त माध्यम नहीं था।दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र सारांश भारद्वाज ने उपस्थित मीडिया समूह के समक्ष अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया के विस्तार ने युवाओं के लिए पत्रकारिता के नए अवसर खोले हैं। मोबाइल पत्रकारिता, डेटा पत्रकारिता और डिजिटल कंटेंट निर्माण जैसे नए क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहे हैं। सभी वक्ताओं ने हिन्दी पत्रकारिता के गौरवशाली सफर और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिले भर के पत्रकार मौजूद रहे।

# पारिवारिक विवाद में दामाद को घेरकर पीटा, वीडियो वायरल

- न्यायालय जा रहे युवक पर हमला, राहगीरों ने बचाई जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** पारिवारिक विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया जब एक दामाद को उसके ही सास, ससुर और साले ने रास्ते में घेरकर जमकर मारपीट कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि पीड़ित युवक किसी मामले में न्यायालय में तारीख करने के लिए सहसवान आया हुआ था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे रास्ते में रोक लिया और अचानक हमला बोल दिया। आरोप है कि सास, ससुर और साले ने मिलकर युवक को घेर लिया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक मदद के लिए चीखता-चिल्लाता रहा, लेकिन हमलावरों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। बीच सड़क पर हो रही इस मारपीट से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी दौरान मौके पर मौजूद कुछ राहगीरों और स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए बीच-बचाव किया और किसी तरह युवक को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया। घटना के दौरान किसी ने पूरी वारदात का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह दबंग युवक को घेरकर पीट रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है और मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया, जहां उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पूरी घटना सहसवान नगर के मोहल्ला चौधरी के पास की बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# बगरेन में हवाला कारोबार का जाल, सैकड़ों युवा जुड़े, रातोंरात बन रहे अमीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के बगरेन क्षेत्र में इन दिनों अवैध हवाला कारोबार तेजी से फैलता नजर आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस अवैध नेटवर्क से सैकड़ों युवा जुड़े हुए हैं, जो कम समय में अधिक पैसे कमाने के लालच में इस धंधे का हिस्सा बन रहे हैं। स्थिति यह है कि कई युवक रातोंरात अमीर बनते दिख रहे हैं, जिससे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि इस हवाला कारोबार के जरिए हर रोज लाखों रुपये का लेन-देन अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें कई संदिग्ध खातों का इस्तेमाल हो रहा है, जिनके जरिए पैसे को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध गतिविधि में शामिल युवाओं के पास अचानक महंगी गाड़ियां, मोबाइल और अन्य विलासिता की चीजें दिखाई देने लगी हैं, जिससे संदेह और गहरा गया है।

मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब एक भाजपा नेत्री के बेटे का नाम भी इस नेटवर्क से जुड़ा सामने आया। इस खुलासे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई। हालांकि, अभी तक आधिकारिक तौर पर इस नाम की पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस इस पूरे मामले को दबाने में लगी हुई है। उनका कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में रोजाना हो रहे लेन-देन के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, कुछ लोगों का यह भी आरोप है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। सूत्रों की मानें तो इस हवाला नेटवर्क का संचालन संगठित तरीके से किया जा रहा है, जिसमें कई स्तरों पर लोग जुड़े हुए हैं। कुछ लोग खातों का प्रबंधन करते हैं तो कुछ पैसे के ट्रांसफर और कमीशन का काम संभालते हैं। इस पूरे सिस्टम में युवाओं को आसान पैसे का लालच देकर शामिल किया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर भले ही अभी तक कोई बड़ा खुलासा या कार्रवाई सामने नहीं आई हो, लेकिन मामला उजागर होने के बाद जांच की मांग तेज हो गई है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि युवाओं को इस अवैध रास्ते पर जाने से रोका जा सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और क्या इस हवाला नेटवर्क का पर्दाफाश हो पाता है या नहीं।

# कबूतर मारने और चोरी का आरोप, शिकायत करने पर पुलिस पर धमकाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले के सहसवान थाना क्षेत्र के गांव परसोना में एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर कबूतर मारने, चोरी करने और विरोध करने पर मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि जब वह शिकायत लेकर थाने पहुंची तो पुलिस ने उसकी सुनवाई करने के बजाय उसे ही डांट-फटकार कर भगा दिया। न्याय न मिलने पर अब महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बदायूं से कार्रवाई की मांग की है।

गांव परसोना निवासी अम्बरवती पत्नी मोरपाल ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने घर में कबूतर पालती हैं, जो उनकी आजीविका और शौक दोनों का हिस्सा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के ही धर्म सिंह पुत्र उमराय, राधे पुत्र जगदीश और गोविन्द्र पुत्र छत्रपाल दबंग प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं और अक्सर उन्हें परेशान करते रहते हैं।

अम्बरवती के अनुसार, आरोपियों के मकान की छत उनके घर से सटी हुई है, जिसका फायदा उठाकर वे कई बार उनके घर में घुस आते हैं। आरोप है कि ये लोग कबूतरों को चोरी कर ले जाते हैं या उनकी गर्दन मरोड़कर मार डालते हैं। महिला का कहना है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन दबंगों के डर से वह खुलकर विरोध नहीं कर पाई।

पीड़िता ने बताया कि 29 मई 2026 की सुबह करीब 8 बजे जब वह अपने घर में थी, तब उसे पता चला कि रात में आरोपियों ने घर में घुसकर उसके कई कबूतरों को मार डाला। जब उसने इस बात को लेकर आरोपियों से शिकायत की, तो उन्होंने उल्टा गाली-गलौज शुरू कर दी और झगड़ा करने लगे।अम्बरवती का आरोप है कि बात बढ़ने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसका गला दबाने की कोशिश की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे बचाया। जाते समय आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे वह भयभीत है।

घटना के बाद पीड़िता न्याय की उम्मीद लेकर सहसवान थाने पहुंची, लेकिन वहां भी उसे निराशा हाथ लगी। अम्बरवती का

# तीन व चार जून को होगी टीईटी परीक्षा, तैयारियों में जुटा प्रशासन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक परीक्षा जिले में तीन व चार जून को होगी।

परीक्षाओं में विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए तथा परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाए। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि परीक्षा 03 व 04 जून को दो-दो पालियों में सम्पन्न होगी। समस्त परीक्षा केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरा, अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति व तलाशी भी ली जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के समय से 45 मिनट पूर्व तक प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 09:30 से पूर्वाह्न 11:30 तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 02:30 बजे से सांय 04:30 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों, कक्ष निरीक्षक व सपोर्ट स्टाफ के लिए क्लॉक रूम की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रधानाचार्य एसके इंटर कॉलेज संदीप भारती ने विभिन्न प्रपत्रों के संबंध में विस्तार से उपस्थित केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए 13 केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें 03 जून को प्रथम पाली में 3687, द्वितीय पाली में 2918 तथा 04 जून प्रथम पाली में 4990 व द्वितीय पाली में 2520 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए केन्द्र अधीक्षक नामित किए गए हैं।

कार्यक्रम | कार्यक्रम का उद्घाटन उप-प्राचार्या डॉ. नेहा सिंह द्वारा किया गया

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर विषयक सीएमई का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में आरआरटीसी कार्यक्रम के सहयोग से मातृ एवं नवजात मृत्यु दर से संबंधित एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस सीएमई में जिला महिला चिकित्सालय एवं सीएचसी बिसौली के चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप-प्राचार्या डॉ. नेहा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. नेहा सिंह ने कहा कि आरआरटीसी कार्यक्रम मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा मृत्यु दर में कमी लाने हेतु प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर आरआरटीसी नोडल अधिकारी डॉ. सीमा सरन , डॉ. जया भारती, डॉ. अर्चना, डॉ. कपिल तथा आरआरटीसी कार्यक्रम समन्वयक ब्रजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# हादसा: ब्रेकर पर बाइक उछलने से गिरी महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। दातागंज इलाके में शनिवार को ब्रेकर की वजह से दर्दनाक हादसा हुआ। ब्रेकर पर बाइक उछली तो उस पर सवार महिला सड़क पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। भतीजे ने आरोप लगाया कि एक घंटे तक मदद नहीं मिली। उसने 108 और 112 पर कॉल किया था।

महिला अपने भतीजे के साथ बाइक पर सवार होकर जा रही थी। ब्रेकर पर बाइक उछली तो महिला उछलकर सड़क पर गिर गई, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। भतीजे का आरोप है कि उसकी बुआ एक घंटे तक तड़पती रही। 108 और 112 पर कॉल किया, लेकिन समय से कोई नहीं पहुंचा था। जानकारी के अनुसार दातागंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छछऊ निवासी 35 वर्षीय पूनम अपने भतीजे के साथ बाइक से कहीं जा रही थीं। बताया जाता है कि बाइक तेज रफ्तार से चल रही थी। इसी दौरान रास्ते में आए एक ब्रेकर पर बाइक अचानक उछल गई, जिससे पीछे बैठी पूनम संतुलन खो बैठीं और सड़क पर गिर गईं। सड़क पर सिर के बल गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**आरोप: एक घंटे बाद पहुंची पुलिस**

भतीजे का आरोप है कि हादसे के एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल महिला को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। उधर, पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भारतीय टीम में जगह बनाना है पाटीदार का लक्ष्य



**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 के फाइनल मुकाबले से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने साफ कर दिया है कि उनका पूरा ध्यान फिलहाल टीम को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाने पर है। भारतीय टी20 टीम में चयन और भविष्य में कप्तानी की संभावनाओं पर पूछे गए सवालों को उन्होंने ज्यादा महत्व नहीं दिया। बता दें कि, आरसीबी रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खिताबी मुकाबला खेलेगी। पाटीदार की कप्तानी में टीम लगातार दूसरे सीजन फाइनल में पहुंची है। पिछले साल उन्होंने आरसीबी को 18 वर्षों के इंतजार के बाद पहला आईपीएल खिताब दिलाया था।

इस सीजन में शानदार बल्लेबाजी करते हुए पाटीदार ने 14 मैचों में 486 रन बनाए हैं। उनका औसत 44.18 और स्ट्राइक रेट 196.76 रहा है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ क्वालिफायर-1 में उनकी 33 गेंदों पर 93 रन की विस्फोटक पारी ने चयनकर्ताओं का भी ध्यान खींचा। हालांकि, भारतीय टी20 टीम में संभावित चयन को लेकर पूछे गए सवाल पर पाटीदार ने कहा, 'मैं भारत की टीम में चयन को लेकर नहीं सोच रहा हूं। फिलहाल मेरा ध्यान उस पर नहीं है।' इतना ही नहीं, जब उनसे भविष्य में भारतीय टी20 टीम की कप्तानी को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह ऐसी किसी कल्पना में नहीं हैं और वर्तमान पर ध्यान देना पसंद करते हैं।

पाटीदार ने कप्तानी के अपने मंत्र पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि हर कप्तान ट्रॉफी जीतना चाहता है, लेकिन वह किसी दूसरे कप्तान की नकल करने में विश्वास नहीं रखते। उन्होंने आगे कहा, 'हर कप्तान ट्रॉफी जीतना चाहता है, लेकिन मेरे लिए सबसे जरूरी खुद बने रहना है। मैंने कभी यह नहीं सोचा कि पहले किसी कप्तान ने क्या किया और मुझे उससे मुकाबला करना है।' अगर आरसीबी फाइनल जीतती है तो पाटीदार आईपीएल इतिहास में लगातार दो खिताब जीतने वाले कप्तानों की सूची में शामिल हो जाएंगे, जिसमें अब तक केवल महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे नाम शामिल हैं।

आरसीबी कप्तान ने माना कि उन्हें टीम के अनुभवी खिलाड़ियों से लगातार सीखने का मौका मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा, 'विराट कोहली, भुवनेश्वर कुमार और अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों से मुझे मैदान के अंदर और बाहर काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। उनके विचारों को समझकर मैं उन्हें अपने खेल और कप्तानी में लागू करने की कोशिश करता हूं।' उन्होंने मुख्य कोच एंडी फ्लावर और टीम मैनेजमेंट की भी तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा स्वतंत्रता और पूरा समर्थन मिला है।

फाइनल से पहले पाटीदार ने अपनी गेंदबाजी इकाई पर पूरा भरोसा जताया। उनका मानना है कि हाई-स्कोरिंग विकेटों पर सिर्फ बल्लेबाजी नहीं, बल्कि विकेट लेने वाली गेंदबाजी ही टूर्नामेंट जिताती है। उन्होंने आगे कहा, 'अगर आपको प्रतियोगिता जीतनी है तो आपके पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण होना चाहिए। यहां 200-220 रन बनाना आसान है, लेकिन उन्हें बचाना मुश्किल होता है।

# भारतीय एथलीट गुलवीर का कीर्तिमान, चार मिनट से कम समय में एक मील दौड़ने वाले पहले भारतीय बने



**नई दिल्ली।** पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह शनिवार को 24वें वार्षिक म्यूजिक सिटी ट्रैक कार्निवल में चार मिनट से कम समय में एक मील दौड़ने वाले पहले भारतीय धावक बन गए हैं। यह वर्ल्ड कॉन्टिनेंटल टूर इवेंट यूएसए के क्लीवलैंड कैंपस स्थित ली यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया था। गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 1 मील प्रो इवेंट में 3:55.63 सेकेंड का शानदार समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया।

अमेरिका का प्रतिनिधित्व कर रहे 20 वर्षीय क्रिस्टोफर नाइट 3:59.72 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के ही 21 वर्षीय ट्रिस्टन ट्रेविनो 4:00.27 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अमेरिका में रह रहे यह भारतीय स्टार लंबी दूरी के धावक, आगामी ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों और जापान में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी कर रहे हैं। सेना के यह धावक 5,000 मीटर ट्रैक दौड़ में 13 मिनट की बाधा को तोड़ने वाले भी पहले भारतीय हैं। पुरुषों की 5,000 मीटर इंडोर दौड़ में उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12:59.77 सेकेंड है, जो उन्होंने पिछले साल अमेरिका में बनाया था। गुलवीर सिंह के नाम पुरुषों की 10,000 मीटर ट्रैक दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड (27:00.22) भी है।

गुलवीर के इस शानदार प्रयास ने देश और विदेश में विभिन्न स्पर्धाओं में भारतीय एथलीटों द्वारा रिकॉर्ड तोड़ने के सिलसिले को जारी रखा है। भारत की प्रतिभाशाली ऊंची कूद की एथलीट पूजा ने शुक्रवार को हांगकांग में चल रही 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन राष्ट्रीय और मीट रिकॉर्ड में सुधार किया था। 1.93 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीतने के अपने सफर में पूजा ने 2012 में सहाना कुमारी द्वारा बनाए गए 1.92 मीटर के एक दशक पुराने नेशनल रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। शुक्रवार को पूजा का प्रदर्शन उज्बेकिस्तान की स्वेतलाना राडजिविल द्वारा 2006 में बनाए गए पिछले एशियन अंडर-20 मीट रिकॉर्ड (1.90 मीटर) से भी बेहतर था।

# सात्विक-चिराग ने सिंगापुर ओपन के फाइनल में बनाई जगह




**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। सात्विक-चिराग ने सेमीफाइनल में कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे की दुनिया की नंबर एक जोड़ी को एकतरफा अंदाज में सीधे गेम में हराया। भारत की चौथी वरीय जोड़ी ने 52 मिनट चले सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी हो और जे को 21-19, 21-18 से मात दी।

भारत और कोरिया की जोड़ियों के बीच खेला गया पुरुष युगल सेमीफाइनल बेहद कड़ा रहा। पहले गेम के ब्रेक तक कोरियाई खिलाड़ी 13-11 से मामूली बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन सात्विक और चिराग ने हार नहीं मानी और अहम अंक हासिल करते हुए शानदार वापसी की और पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी सात्विक और चिराग के लिए राह आसान नहीं थी जिसमें वे 11-14 से पीछे चल रहे थे। लेकिन भारतीय जोड़ी ने संयम बनाए रखा और पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए कोरियाई जोड़ी को हराकर उलटफेर कर दिया।

अब रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी का सामना इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी तथा चीन के लियांग वेई कांग और चांग वांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। मिश्रित युगल स्पर्धा में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी का सफर सेमीफाइनल में खत्म हो गया। उन्हें जापान के युइची शिमोगामी और सायाका होबारा की जोड़ी के हाथों 16-21, 21-17, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# पहली बार किसी सीजन में तीन बल्लेबाजों ने बनाए 700+ रन




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का सीजन अब खत्म होने को है। रविवार को होने वाले फाइनल मैच के साथ ही टूर्नामेंट को विजेता मिल जाएगा और क्रिकेट फैंस साल भर तक इसके अगले सीजन का इंतजार करेंगे। हर बार की तरह इस बार भी बल्लेबाजों ने अपना दम दिखाया, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ जब तीन बल्लेबाजों ने सीजन में 700 रनों का आंकड़ा पार किया।

आईपीएल के मौजूदा सीजन में भी बल्लेबाजों का दम दिखा और पहली बार किसी सीजन में तीन बल्लेबाजों ने 700 से अधिक रन बनाए। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज साई सुदर्शन के अलावा राजस्थान रॉयल्स के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का बल्ला जमकर चला। ये तीनों ऑरेंज कैप की दौड़ में शामिल हैं और देखना दिलचस्प होगा कि इस बार ये पुरस्कार कौन जीतता है।

कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी पारी और साई सुदर्शन के साथ पहले विकेट के लिए की गई साझेदारी के दम पर ही गुजरात टाइटंस ने क्वालिफायर-2 मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल और सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर गुजरात के जीत की नींव रखी थी। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी की थी जो आईपीएल के प्लेऑफ में किसी भी विकेट के लिए की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। गिल और सुदर्शन ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के माइकल हसी और मुरली विजय के 15 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। हसी और विजय ने 2011 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ फाइनल में 159 रनों की साझेदारी की थी।

वैभव की टीम राजस्थान रॉयल्स का सफर आईपीएल 2026 में क्वालिफायर-2 में हार के साथ ही खत्म हो गया है। अब रविवार को फाइनल में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना गुजरात टाइटंस से है। ऑरेंज कैप की दौड़ में वैभव अभी भी सबसे आगे हैं, लेकिन गुजरात के दो बल्लेबाज शुभमन गिल और साई सुदर्शन भी रेस में बने हुए हैं। गिल-सुदर्शन और वैभव के बीच अभी अच्छा फासला है, लेकिन जिस तरह गिल और सुदर्शन ने क्वालिफायर-2 में बल्लेबाजी की है उससे ऑरेंज कैप की दौड़ और भी दिलचस्प हो गई है। ऐसा पहली बार हुआ है जब आईपीएल के किसी सीजन में एक ही टीम के दो बल्लेबाजों ने 700 से अधिक रन बनाए हैं। गुजरात टाइटंस के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज गिल और सुदर्शन ने इस सीजन यह कीर्तिमान बनाया है। गिल और सुदर्शन दोनों ने इस सीजन एक-एक शतक लगाए और ये मौजूदा सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, गिल पहले कप्तान हैं जिन्होंने आईपीएल के प्लेऑफ में शतक लगाया है। गिल ने राजस्थान के खिलाफ क्वालिफायर-2 में सैकड़ा जड़ा था जो उनके आईपीए करियर का पांचवां शतक था।

# कपास आयात शुल्क में कटौती वस्त्र उद्योग को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कपास आयात पर लगने वाले सभी सीमा शुल्कों को पांच महीने के लिए माफ कर दिया है। यह छूट 30 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगी और इसका उद्देश्य वस्त्र उद्योग को पर्याप्त कपास उपलब्ध कराना है। वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि इससे इनपुट लागत कम होगी और भारतीय वस्त्रों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।

उद्योग संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे परिधान क्षेत्र के लिए "बहुत जरूरी राहत" बताया। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने कहा कि इस उपाय से भारतीय वस्त्र और परिधान क्षेत्र के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ेगी। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, आयात शुल्क छूट 1 जून, 2026 से लागू होगी। वस्त्र मंत्रालय ने बताया कि यह उपाय कपास के ऑफ-सीजन के दौरान लागू किया गया है। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को समर्थन मिलेगा, इनपुट लागत नियंत्रित होगी।




# वैभव सूर्यवंशी बनेंगे झारखंड स्वास्थ्य विभाग के ब्रांड एम्बेस्डर, मंत्री इरफान ने की घोषणा



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने घोषणा की है कि युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। मंत्री का मानना है कि वैभव युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय हैं और उनके जरिए स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों को राज्यभर में प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा।

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी को बड़ा सम्मान देने की घोषणा की है। मात्र 15 वर्ष की उम्र में अपने प्रदर्शन से सबको हैरान करने वाले इस प्रतिभाशाली क्रिकेटर को झारखंड सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा और उन्हें राज्य स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया जाएगा।

वैभव सूर्यवंशी ने हाल ही में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और अदम्य आत्मविश्वास से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। बिहार के इस युवा खिलाड़ी ने महज 15 साल की उम्र में बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों को अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से धुनाई कर क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा, 'वैभव, भले ही आपकी टीम मैच हार गई हो, लेकिन आपने लाखों भारतीयों का दिल पहले ही जीत लिया है। मैं खुद एक क्रिकेटर रहा हूं, लेकिन इतनी कम उम्र में बड़े गेंदबाजों का इस आत्मविश्वास और आक्रामकता के साथ सामना करना वाकई असाधारण है। आपने न सिर्फ अपना नाम रोशन किया है, बल्कि अपने माता-पिता, बिहार और पूरे हिंदुस्तान को गौरवान्वित किया है।'

स्वास्थ्य मंत्री ने आगे कहा कि वैभव सूर्यवंशी सिर्फ एक क्रिकेटर नहीं, बल्कि युवा ऊर्जा, कड़ी मेहनत, अनुशासन और संघर्ष का जीता-जागता प्रतीक हैं। उनकी सफलता ने लाखों युवाओं को प्रेरित किया है। डॉ. अंसारी ने कहा, 'वैभव की प्रतिभा और सकारात्मक सोच ने मुझे बेहद प्रभावित किया है। स्वास्थ्य विभाग युवाओं के बीच स्वास्थ्य जागरूकता, फिटनेस, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश फैलाने के लिए वैभव के साथ मिलकर काम करेगा।' वैभव सूर्यवंशी को ब्रांड एंबेसडर बनाने का मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम और अनुशासित दिनचर्या के प्रति प्रेरित करना है। स्वास्थ्य विभाग वैभव के साथ मिलकर विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों, जैसे पोषण, व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य और तंबाकू मुक्ति को प्रभावी ढंग से

# पिछली बार की तुलना में बढ़ेगी आईपीएल की इनामी राशि?

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 का सीजन अब अंतिम पड़ाव पर आ गया है। सीजन की दो फाइनलिस्ट टीमें तय हो गई हैं और रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपना खिताब बचाने के इरादे से उतरेगी, जबकि गुजरात टाइटंस की टीम घरेलू मैदान पर ट्रॉफी उठाना चाहेगी। क्वालिफायर-1 में आरसीबी ने गुजरात को एकतरफा अंदाज में हराया था, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि आरसीबी एक बार फिर उसी तरह का प्रदर्शन करेगी या गुजरात पिछली हार का बदला लेने में सफल रहेगी।

मैच से इतर आईपीएल में खर्च होने वाली रकम को लेकर लीग हमेशा चर्चा में रहती है। टीमों को मिलने वाली इनामी राशि के अलावा कई और अवॉर्ड भी दिए जाते हैं। इनमें ऑरेंज कैप, पर्पल कैप, फेयर प्ले अवॉर्ड जैसे अवॉर्ड शामिल हैं। हम आपको इन सभी अवॉर्ड और उसमें दी जाने वाली इनामी राशि के बारे में बता रहे हैं। आइए जानते हैं कि इस बार जीतने वाली टीम को कितनी इनामी राशि मिलेगी?

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2026 के लिए 46.5 करोड़ रुपये से अधिक का कुल पुरस्कार पूल तय किया है। रिपोर्ट के अनुसार, जो टीम इस सीजन की चैंपियन बनेगी, उसे प्रतिष्ठित आईपीएल ट्रॉफी के साथ 20 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिलेगी। पूरे सीजन के संघर्ष और शानदार प्रदर्शन का सबसे बड़ा इनाम विजेता टीम के खाते में जाएगा। पिछली बार भी विजेता आरसीबी टीम को इतने ही रुपये मिले थे। वहीं, उपविजेता टीम को 13 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार के रूप में मिलेगी।

# तेल, महंगाई और कमजोर मानसून से अर्थव्यवस्था को खतरा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने मई की मासिक आर्थिक समीक्षा में भारत की अर्थव्यवस्था के लिए तेल, महंगाई और कमजोर मानसून को प्रमुख जोखिम बताया है। रिपोर्ट में वैश्विक झटकों के बावजूद घरेलू बुनियादी सिद्धांतों को मजबूत बताया गया, लेकिन बढ़ती लागत और भू-राजनीतिक स्थितियों पर सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

आर्थिक मामलों के विभाग ने मई की मासिक आर्थिक समीक्षा में भारत के निकट भविष्य के आर्थिक परिदृश्य को सतर्क व लचीलेपन वाला बताया। विभाग ने कहा कि वैश्विक झटकों के बावजूद घरेलू बुनियादी सिद्धांत मजबूत हैं। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, सख्त वित्तीय स्थितियां और कमजोर मानसून को खपत व महंगाई के लिए प्रमुख जोखिम बताया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, विनिर्माण और सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) विस्तार क्षेत्र में हैं। श्रम बाजार स्थिर है और विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से सुरक्षा प्रदान करता है। विभाग ने स्वीकार किया कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद वैश्विक वातावरण चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऊंची कच्चे तेल की कीमतें और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की कमजोर वृद्धि भारत के लिए चुनौतियां हैं। महंगाई की गतिशीलता पर सतर्कता आवश्यक है। खुदरा महंगाई और थोक कीमतों के बीच अंतर ऊपरी स्तर पर लागत दबाव का संकेत देता है। अप्रैल 2026 में खुदरा महंगाई मामूली रूप से 3.48 फीसदी बढ़ी, जो भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य से कम रही। लेकिन थोक महंगाई वैश्विक ऊर्जा कीमतों और मुद्रा अवमूल्यन के कारण तेजी से 8.3 फीसदी तक पहुंच गई। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि और कम मानसून खाद्य कीमतों पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।